3 राजधानी
विवि के नए कैंपस के उद्घाटन पर गरमाई सियासत

6 अभिमत
भारत - नेपाल आर्थिक सहयोग

10 विदेश
बांग्लादेश-भारत की सेनाओं में सहयोग बढ़ाने पर जोर

12 स्पोर्ट्स
अफगानिस्तान को श्रीलंका ने हराया

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 212
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



शिंदे ने तिरुपति मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया
राष्ट्रीय-11

# बृजभूषण के खिलाफ 15 जून तक आरोपपत्र

## खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदर्शनकारी पहलवानों से मुलाकात कर दिलाया भरोसा, चार्जशीट दाखिल होने तक आंदोलन स्थगित करने पर राजी

- पहलवानों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएंगे, छह घंटे तक चली दोनों पक्षों की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**खेलमंत्री** अनुराग ठाकुर ने बुधवार को प्रदर्शनकारी पहलवानों से छह घंटे तक चली मुलाकात को सकारात्मक बताते हुए कहा कि बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 15 जून तक आरोपपत्र दाखिल हो जाएगा और पहलवानों ने भी तब तक अपना प्रदर्शन स्थगित करने पर सहमति जताई है। एक नाबालिग समेत सात महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 23 अप्रैल से प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को खेलमंत्री ठाकुर ने मुलाकात के लिए बुलाया था। इस बैठक में सरकार ने पहलवानों की अधिकांश मांगों पर सहमति जताई है।

बैठक के बाद ठाकुर ने पत्रकारों से कहा , अच्छे वातावरण में सकारात्मक बातचीत बहुत संवेदनशील मुद्दे पर हुई है। लगभग छह घंटे चली इस बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई , उसमें पहलवानों के आरोपों की जांच करके 15 जून तक आरोपपत्र दाखिल करने की मांग शामिल है। हालांकि बृजभूषण की गिरफ्तारी की खिलाड़ियों की मुख्य मांग पर किसी भी पक्ष की ओर से फिलहाल कुछ नहीं कहा गया। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया इस बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उनका आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है और उन्होंने सरकार के अनुरोध पर ही अपना विरोध 15 जून तक स्थगित किया है। साक्षी मलिक ने बैठक के बाद कहा, हमें बताया गया है कि पुलिस जांच 15 जून तक पूरी हो जाएगी। तब तक हमें इंतजार करने और विरोध स्थगित करने के लिए कहा गया है। हम आंदोलन में शामिल नेताओं से बात करेंगे और इस बैठक का ब्यौरा उन्हें देंगे। उन्होंने कहा, दिल्ली पुलिस पहलवानों के खिलाफ 28 मई को दर्ज प्राथमिकी भी वापस लेगी। वहीं ठाकुर ने कहा कि बैठक में सभी फैसले आपसी सहमति से लिए गए। खिलाड़ियों ने जो सुझाव रखे उनमें भारतीय कुश्ती महासंघ का चुनाव 30 जून तक कराए जाने की मांग शामिल है। इसके अलावा यह भी कहा है कि डब्ल्यूएफआई के चुनाव में अच्छे पदाधिकारी चुनकर आएं और महासंघ अच्छे से चले, इसके लिए बृजभूषण शरण सिंह और उनसे संबंधित लोग महासंघ में चुनकर न आएं। ठाकुर ने आगे कहा, इसके साथ ही उन्होंने मांग की है कि डब्ल्यूएफआई की आंतरिक शिकायत समिति बनाई जाए और उसकी अध्यक्षता कोई महिला करे। उन्होंने कहा , जब तक डब्ल्यूएफआई के चुनाव नहीं होते ,तब तक आईओए की तदर्थ समिति में दो कोचों के नाम प्रस्तावित किए गए है ताकि तकनीकी दिक्कतें नहीं आए। खेलमंत्री ने कहा , खिलाड़ियों की यह भी मांग थी कि महिला खिलाड़ी या बाकी खिलाड़ियों को आवश्यकतानुसार सुरक्षा मिले। जिन खिलाड़ियों या अखाड़ों या कोचों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए हैं, उन मुकदमों को वापिस लिया जाए। बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ये पहलवान 23 अप्रैल से जंतर मंतर पर धरने पर बैठे थे। लेकिन 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर वहां महिला महापंचायत के आयोजन के लिए बढने की कोशिश के बाद दिल्ली पुलिस ने पहलवानों को कानून और व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में हिरासत में ले लिया था। उन्हें शाम को छोड़ दिया गया लेकिन जंतर मंतर को खाली कराके उन्हें दोबारा वहां प्रदर्शन की अनुमति नहीं देने का ऐलान किया गया। इसके बाद पहलवान 30 मई को हरिद्वार में अपने पदक गंगा में विसर्जित करने गए लेकिन किसान और खाप नेताओं के समझाने के बाद पदक विसर्जित किए बिना लौट आए थे। पिछले पांच दिन के भीतर सरकार और प्रदर्शनकारी पहलवानों के बीच यह दूसरी बैठक थी। इससे पहले पहलवानों ने गृहमंत्री अमित शाह से शनिवार की रात मुलाकात करके अपनी मांगें रखी थी।



बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब खेल मंत्री अनुराग ठाकुर। फोटोः रंजन डिमरी



खेल मंत्री से मुलाकात के बाद संवाददाताओं के सवालों का जवाब देती साक्षी मलिक।

### हम भी चाहते हैं कि निष्पक्ष समाधान होः महावीर फोगाट

**नई दिल्ली।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच महावीर सिंह फोगाट ने केंद्र सरकार के आंदोलन कर रहे पहलवानों के साथ बातचीत का रास्ता खोलने के कदम की सराहना करते हुए बुधवार को कहा कि वे भी चाहते हैं कि इस मुद्दे का निष्पक्ष समाधान निकले। महावीर ने केंद्र सरकार के बातचीत का रास्ता खोलने पर प्रतिक्रिया देते हुए पीटीआई से कहा, सरकार जो सोई हुई थी अगर आज वह जागी है तो यह बहुत बढ़िया है। हम भी चाहते हैं कि समाधान हो, निष्पक्ष हो। पहलवान भी यही चाहते हैं। जो भी रास्ता हो वह निकाला जाना चाहिए।

# गुरुग्राम में मेट्रो विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति की बैठक में दी गई हरी झंडी
- मेट्रो का 28.5 किमी का विस्तार होगा और इसमें 27 स्टेशन होंगे, परियोजना को पूरा होने में चार वर्ष लगेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी गुरुग्राम के साथ द्वारका एक्सप्रेसवे साइड लाइन को जोड़ने वाली मेट्रो सम्पर्क के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी। इस पर 5,452 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी।

बैठक के बाद गोयल ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) की बैठक में शहरी विकास एवं आवास मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन को मजबूती प्रदान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने



बताया कि इसके तहत मेट्रो का 28.5 किलोमीटर का विस्तार होगा और इसमें 27 स्टेशन होंगे। मंजूरी के बाद से इस परियोजना को पूरा होने में चार वर्ष लगेंगे। गोयल ने बताया कि इससे हरियाणा खासकर गुरुग्राम एवं दिल्ली के लोगों को फायदा होगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि गुरुग्राम के सूचना प्रौद्योगिकी, नवाचार का केंद्र होने के नाते मेट्रो का विस्तार होने से रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे।

सरकारी बयान के अनुसार, इससे पुराने गुरुग्राम से नए गुरुग्राम को जोड़ा जा सकेगा तथा इस नेटवर्क से भारतीय रेलवे के स्टेशन भी जुड़ेंगे। इससे क्षेत्र का सम्पूर्ण आर्थिक विकास सुनिश्चित होगा। इस परियोजना को हरियाणा वृहद त्वरित परिवहन निगम लिमिटेड (एचएमआरटीसी) द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। मंजूरी के आदेश के बाद इसकी स्थापना केंद्र और हरियाणा सरकार के बीच विशेष कंपनी के रूप में 50:50 प्रतिशत की हिस्सेदारी के आधार पर होगी। वहीं, शहरी विकास एवं आवास मामलों के मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस परियोजना के ( शेष पेज 9 )

# पटना में विपक्षी दलों की 23 जून को होगी बैठक

- तेजस्वी ने कहा, नीतीश के बुलावे पर आएंगे राहुल, ममता, केजरीवाल और स्टालिन

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना/नई दिल्ली

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा आयोजित विपक्षी दलों की बैठक 23 जून को पटना में होगी। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को यह जानकारी दी। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उनके तमिलनाडु समकक्ष एमके स्टालिन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बैठक में शामिल होने के लिए तैयार हो गए हैं। वहीं कांग्रेस ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि कि 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भाग लेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि विपक्षी दल लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और एकजुट होकर विभाजनकारी ताकतों को पराजित करेंगे।

पहले यह बैठक 12 जून को होने वाली थी लेकिन कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सहित कुछ दलों द्वारा तारीख में बदलाव का अनुरोध किए जाने के बाद इसे स्थगित कर दिया गया था। जदयू के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को रोकने के लिए विपक्षी एकता को बढ़ावा देने और इस संबंध में रणनीति तैयार करने के लिए विरोधी दलों के नेताओं को आमंत्रित किया है।

# गैंगेस्टर जीवा की लखनऊ कोर्ट परिसर में हत्या

- सुरक्षा में तैनात दो सिपाही व परिसर में मौजूद एक बच्ची भी जख्मी, अस्पताल में भर्ती
- वकील की पोशाक में आए हत्यारे को पकड़कर अधिवक्ताओं ने पीटा और पुलिस के हवाले किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** के कैसरबाग में पॉस्को कोर्ट के गेट पर वकील की पोशाक में आए बदमाश ने कुख्यात अपराधी संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा को ताबडतोड़ फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया। इस शूटआउट में जीवा की सुरक्षा में शामिल एक सिपाही लाल मोहम्मद व एक बच्ची घायल हुए हैं जिनको अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है और वह खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल के साथ उच्चाधिकारियों जांच के बाद शव कब्जे मे लेकर



लखनऊ में कोर्ट परिसर में पड़ा गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी जीवा (इनसेट) का शव

पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि वारदात में शामिल शूटर को पुलिस हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। इस दौरान कोर्ट परिसर में वकीलों ने जमहकर बवाल और पथराव किया जिससे एसीपी चौक समेत कई पुलिस कर्मी घायल हो गये। पुलिस इस वारदात की गहनता से हर पहलू पर जांच कर रही है। मुजफ्फरनगर के शाहपुर आदमपुर निवासी संजीव महेश्वी उर्फ जीवा वर्तमान में लखनऊ जेल में निरुद्ध था। हत्या व एससीएसटी के एक केस में बुधवार दोपहर पुलिस ( शेष पेज 9 )

### हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित, एक सप्ताह में देगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट में बुधवार को हुए वेस्ट यूपी के शार्प शूटर संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा हत्याकांड की जांच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर एसआईटी गठित कर दी है। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने घटित घटना में घायल बच्ची एवं पुलिस कर्मी का बेहतर इलाज कराए जाने के भी निर्देश दिए हैं। गठित तीन सदस्यीय एसआईटी का अध्यक्ष एडीजी टेक्निकल मोहित अग्रवाल को बनाया गया है। इसके अलावा लखनऊ के संयुक्त उपायुक्त ( शेष पेज 9 )

# जेएनयू में दो छात्राओं के अपहरण की कोशिश

- एक को पकड़ा, नशे में धुत कुछ युवक कार से देर रात घुसे थे परिसर में, मामला दर्ज
- विश्वविद्यालय में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बाहरी वाहनों पर प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जवाहरलाल** नेहरू विश्वविद्यालय में नशे में धुत कुछ कार सवार युवकों ने मंगलवार देर रात परिसर में घुसकर दो छात्राओं के अपहरण की कोशिश की। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के सदस्यों बुधवार को यह आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने देर रात एक आरोपी को पकड़ लिया। जेएनयू के विद्यार्थियों की शिकायत पर पुलिस ने घटना के संबंध में दो मामले दर्ज किए हैं।

जेएनयू प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त सजा की मांग की है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बाहरी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अपराधियों के बेखौफ होने पर चिंता जताते हुए कानून व्यवस्था को लेकर दिल्ली पुलिस और उपराज्यपाल (एलजी) पर निशाना साधा है। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) मनोज सी ने कहा कि दो शिकायतें जेएनयू के विद्यार्थियों से प्राप्त हुई हैं जिनमें से एक हमले को लेकर और दूसरी छेड़छाड़ व अपहरण के प्रयास से संबंधित मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर अभिषेक नाम के व्यक्ति को पकड़ा गया है, जो यहां का छात्र नहीं है। दोनों मामलों में आरोपी और घटना में एक ही वाहन का इस्तेमाल किया गया है। जेएनयूएसयू के बयान के मुताबिक, जिन ( शेष पेज 9 )

# धान के समर्थन मूल्य में 143 रुपये की बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 143 रुपये बढ़ाकर इस खरीफ सत्र में 2,183 रुपये प्रति क्विंटल करने की बुधवार को घोषणा की। इस बढ़ोतरी के साथ पिछले एक दशक में यह दूसरी सबसे बड़ी वृद्धि है। इससे पहले वित्त वर्ष 2018-19 में धान के एमएसपी में सर्वाधिक 200 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई थी। वर्ष 2023-24 की खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में 5.3 प्रतिशत से 10.35 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ एमएसपी में 128 रुपये से 805 रुपये प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने फसल वर्ष 2023-24 में उगाई जाने वाली और खरीफ विपणन सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में खरीदी जाने वाली सभी अनिवार्य खरीफ फसलों के एमएसपी को मंजूरी दे दी। खाद्य मंत्री पीयूष ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### ओडिशा में मालगाड़ी से कटकर छह श्रमिकों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के जाजपुर क्योंझर रोड रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक मालगाड़ी से कटकर कम से कम छह मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मजदूरों ने भारी बारिश से बचने के लिए खड़ी हुई मालगाड़ी के नीचे शरण ली थी कि तभी अचानक बिना इंजन के मालगाड़ी चल पड़ी और मजदूरों को उसके नीचे से निकलने का मौका नही मिला। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा, अचानक आंधी चली। मजदूर बगल की रेल लाइन पर काम कर रहे थे जहां एक मालगाड़ी खड़ी थी। उन्होंने इसके नीचे शरण ली, लेकिन दुर्भाग्य से मालगाड़ी जिसमें इंजन नही लगा था वह चलने लगी जिससे दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा कि इसके फलस्वरूप छह मजदूरों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। घायलों को कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्व तटीय रेलवे ने एक बयान में कहा, रेलवे के काम के लिए एक ठेकेदार द्वारा रखे गए ठेका मजदूरों ने जाजपुर क्योंझर रोड (स्टेशन) के पास आंधी और बारिश से सुरक्षा पाने के लिए खड़े डिब्बे के नीचे शरण ली। इसमें कहा गया कि तूफान के कारण बिना इंजन के खड़े डिब्बे चलने लगे और यह दुर्घटना हुई।

# हर पांच में से एक छात्र वीजा भारत में जारी हुआः गार्सेटी

- अमेरिकी राजदूत ने कहा-यह विश्व में भारतीय जनसंख्या के अनुपात से अधिक है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने बुधवार को कहा कि 2022 में हर पांच अमेरिकी छात्र वीजा में से एक भारत में जारी किया गया जो विश्व में भारतीय जनसंख्या के अनुपात से अधिक है। अमेरिकी दूतावास ने बुधवार को देशभर में वार्षिक विद्यार्थी वीजा दिवस मनाया जिसके दौरान दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबइ में वाणिज्य दूतावासों में 3500 भारतीय विद्यार्थी वीजा आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया।

इस मौके पर गार्सेटी ने कहा, दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक भारतीय अमेरिका आते हैं। 2022 में हर पांच अमेरिकी छात्र वीजा में से एक यहां भारत में जारी किया गया जो दुनिया में भारतीय जनसंख्या के अनुपात से अधिक है। भारतीयों ने न केवल अमेरिका में शिक्षार्जन किया है बल्कि दशकों से अपनी प्रतिभा का परिचय भी दिया है। अपने इतिहास में विद्यार्थियों के लिए हम सबसे अधिक वीजा आवेदनों पर कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी प्रशासन पहले की तुलना में इस साल विद्यार्थियों के लिए और वीजा संबंधी कार्यक्रम ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में बुधवार को भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी एक भारतीय छात्रा के साथ जिसे अमेरिकी दूतावास में आयोजित सालाना छात्र वीजा दिवस कार्यक्रम के दौरान पासपोर्ट वीजा दिया गया।

# सद्भावना यात्रा पर डरबन पहुंचा आईएनएस त्रिशूल

- महात्मा गांधी को ट्रेन से उतारने की घटना के 130 वर्ष होने व भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच राजनयिक संबंधों की बहाली के 30 साल पूरे होने के अवसर को चिह्नित करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** नौसेना का अग्रिम पंक्ति का युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल तीन दिवसीय सद्भावना यात्रा पर डरबन के बंदरगाह पहुंचा है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच राजनयिक संबंधों की बहाली के 30 साल पूरे होने और दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरिट्जबर्ग रेलवे स्टेशन पर महात्मा गांधी को ट्रेन से उतारे जाने की घटना के 130 वर्ष होने के अवसर को चिह्नित करने के लिए यह युद्धपोत डरबन की यात्रा पर है।

इस घटना के बाद ही गांधी ने नस्ली भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया था। भारतीय नौसेना की ओर से जारी बयान के अनुसार, व्यापारी दादा अब्दुल्ला के कानूनी सलाहकार के रूप में काम करने के लिए गांधी 1893 में डरबन पहुंचे थे। सात जून 1893 को ट्रांसवाल में प्रिटोरिया की यात्रा के दौरान वह पहली बार पीटरमैरिट्जबर्ग स्टेशन पहुंचे। बयान में कहा गया है, टिकट खरीदने के बाद गांधी प्रथम श्रेणी के डिब्बे में बैठे थे, लेकिन एक यूरोपीय यात्री के कहने पर उन्हें डिब्बे से बाहर निकाल दिया गया था, क्योंकि उसके अनुसार कुली और अश्वेत लोगों को प्रथम श्रेणी के डिब्बों में यात्रा करने की अनुमति नहीं थी। आईएनएस त्रिशूल की डरबन यात्रा भारत की आजादी के 75 साल के उत्सव आजादी का अमृत महोत्सव का भी हिस्सा है। डरबन में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. थेल्मा डेविड ने कहा, पीटरमैरिट्जबर्ग में एक कार्यक्रम में पोत का बैंड महात्मा गांधी के कुछ पसंदीदा भजन बजाया। बैंड के सदस्य स्टेशन पर उस स्थान पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे, जहां गांधीजी को ट्रेन से बाहर निकाला गया था।

उन्होंने बताया, कार्यक्रम में डॉ. बिंदेश्वर पाठक (एक भारतीय समाजशास्त्री एवं सामाजिक उद्यमी) भी हिस्सा लेंगे। वह स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से गांधीवादी विचारों का प्रसार करने को लेकर भी विचार साझा करेंगे। भारतीय नौसेना की ओर से जारी बयान के मुताबिक, आईएनएस त्रिशूल छह से नौ जून तक डरबन की यात्रा पर रहेगा। पीटरमैरिट्जबर्ग ( शेष पेज 9 )





आईएनएस त्रिशूल की फाइल फोटो। पीटरमैरिट्जबर्ग में पोत के बैंड ने महात्मा गांधी के कुछ पसंदीदा भजन बजाए।

# रैपिडएक्स रेल का पहला चरण बनकर तैयार

## स्टेशनों की फिनिशिंग का काम बाकी, हाईस्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट का लोकार्पण जुलाई के अंत तक होने की संभावना

● पहला चरण में साहिबाबाद से लेकर दुहाई तक का सफर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हाईस्पीड ट्रेन का प्रथम ब्लॉक बनकर तैयार हो गया है। स्टेशनों की फिनिसिंग का कुछ कार्य केवल बाकी है। वहीं माना जा रहा है कि इस महीने भी हाईस्पीड ट्रेन का उद्घाटन नहीं होगा। उम्मीद की जा रही है कि जुलाई या अगस्त में हाईस्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट का उद्घाटन हो सकता है। दरअसल पहले माना जा रहा था कि हाईस्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट का उद्घाटन मई महीने में ही हो जाएगा। मगर इस महीने में निकायों के चुनाव का बिगुल बज गया।

ऐसे में इसको लेकर तैयारी भी नहीं हो पाई। अब माना जा रहा था कि जून महीने में इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन हो जाएगा। मगर डीएम आरके सिंह का कहना है कि अभी हाईस्पीड ट्रेन के प्रोजेक्ट के उद्घाटन को लेकर शासन से किसी भी प्रकार का निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि कब तक हाईस्पीड ट्रेन का उदघाटन होगा। हाईस्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट तीन चरणों में पूरा होगा। इसका पहला चरण साहिबाबाद से लेकर दुहाई तक। दूसरा चरण दिल्ली के न्यू अशोक विहार से मेरठ परतापुर और तीसरे चरण में सरायकालेखां से लेकर मेरठ के मोदीपुरम तक प्रोजेक्ट को पूरा किया जाना है। टारगेट है कि दिसंबर 2024 में यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। माना जा रहा है कि पहले प्रखंड का लोकार्पण दो से तीन महीने के अंदर होने की उम्मीद है।



### मेट्रो स्टेशन के पास मल्टीलेवल पार्किंग का सिविल काम पूरा

**गाजियाबाद।** मेट्रो स्टेशन के पास मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिए सिविल वर्क लगभग पूरा हो गया है। संभावना है कि इसी वर्ष दिसंबर तक शहर को मेट्रो स्टेशन के पास पहली मल्टीलेवल पार्किंग मिल जाएगी। इस मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कार्य करीब 39 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है। यूपी सरकार की ओर से राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत गाजियाबाद को यह प्रोजेक्ट दिया गया था। इस प्रोजेक्ट पर जल निगम कार्य कर रहा है। प्रोजेक्ट पर कार्य पूरा करने के लिए जल निगम को मार्च 2024 तक का समय दिया गया है। मेट्रो स्टेशन के पास अभी पार्किंग की समस्या है। हालांकि हिंडन रिवर स्टेशन के पास प्राइवेट पार्किंग है। अभी मेट्रो के मुसाफिरों को इस पार्किंग का ही एक बड़ा सहारा है। पार्किंग की समस्या को देखते हुए करीब पांच हजार वर्ग मीटर जमीन नगर निगम से लेकर नया बस अड्डा मेट्रो स्टेशन के पास पार्किंग बनाने का कार्य शुरू किया गया है।

# टिफिन पर चर्चा का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में एकजुटता के संस्कार पैदा करनाः जेपी नड्डा

● भाजपा नेताओं संग कार्यकर्ताओं ने किया सामूहिक भोजन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



टिफिन कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करते सांसद महेश शर्मा।

सामूहिक भोज से कार्यकर्ताओं में एकजुटता का संस्कार आता है। यह प्रयोग भाजपा की कार्यशैली का एक अंग बन रहा है। इससे पार्टी में प्रेम-व्यवहार के साथ एकजुटता का भाव पैदा होता है।

यह बात कही है भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा ने कही। वे सेक्टर-51 के एलपीएस स्कूल में टिफिन पर चर्चा के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुझाव पर टिफिन पर चर्चा की कार्ययोजना बनायी गई है। यह कार्यक्रम समूचे देश व प्रदेश में चल रहा है। इसीलिए आज मैं भी घर से अपना टिफिन लेकर आया जिसे कार्यकर्ताओं ने बांटकर खाया। सांसद डा महेश शर्मा भी टिफिन में खास व्यंजन लेकर आए जिसे खाने का मुझे भी अवसर मिला।

सभी लोग अपना-अपना टिफिन लेकर आए तथा सभी कार्यकर्ताओं ने मिल बांटकर खाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सहभोज के दौरान प्रधानमंत्री की लोक कल्याणकारी योजनाएं कार्यकर्ता घर-घर कैसे पहुंचा रहे हैं उसकी भी समीक्षा की गई। संगठन की अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में पुराने कार्यकर्ता भी बुलाये गये। समय-समय पर पार्टी ऐसे कार्यक्रम करती रहती है। नड्डा ने कहा कि भाजपा हमेशा नई योजना के साथ हर स्थिति के लिए तैयार रहती है। ऐसे कार्यक्रम न सिर्फ 2024 में बल्कि आगे भी होते रहेंगे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, सांसद डा. महेश शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल, प्रदेश महासचिव सुभाष यदुवंशी, विधायक पंकज सिंह, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता मौजूद रहे।

# जमीन पर कब्जे के लिए नगर निगम ने फिर मांगा पुलिस बल



● गालंद में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का ग्रामीण कर रहे ह विरोध

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गालंद में जमीन की बाउंड्री बनाने के लिए तीन जून को निगम को फोर्स नहीं मिल पाई। इसके बाद अब नगर निगम प्रशासन की ओर से दोबारा से हापुड़ जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया है। नगर निगम को उम्मीद है कि फोर्स का आवंटन इसी महीने और जल्दी ही होने की संभावना है। गालंद में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के लिए आरक्षित करीब 45 एकड़ जमीन है। इस जमीन पर कब्जा लेने के लिए नगर निगम ने फोर्स की मांग की थी। शासन की मदद से हापुड़ प्रशासन की ओर से करीब दस कंपनी फोर्स को तैनात करने का प्लान बना था। किन्हीं कारणों से तीन जून को फोर्स नहीं मिल सकी। जिस कारण नगर निगम अपनी जमीन पर कब्जा लेने के लिए बाउंड्री तैयार करने का कार्य पूरा नहीं कर पाया है। नगर आयुक्त डॉ0 नितिन गौड़ ने बताया कि फिर से नगर निगम इस कार्य के लिए फोर्स के आवंटन की कोशिश कर रहा है। माना जा रहा है कि जल्दी ही शासन से फोर्स का आवंटन होगा। फोर्स का आवंटन होने की उम्मीद इसी महीने है। फोर्स का आवंटन होने के बाद ही नगर निगम फिर से वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की जमीन की बाउंड्री करने का कार्य शुरू करेगा।

# ओमेक्स बिल्डर के चेयरमैन सहित छह पर मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के बीटा-2 थाना में व्यक्ति ने ओमेक्स बिल्डर के चेयरमैन सहित छह लोगों के खिलाफ कथित तौर पर धोखाधड़ी कर उनकी रकम हड़पने की शिकायत दर्ज कराई है।

बीटा-2 थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि बिजेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने बीती रात को ओमेक्स बिल्डर के चेयरमैन रोहतास गोयल, प्रबंध निदेशक मोहित गोयल, निदेशक जतिन गोयल, विनीत गोयल,गुरनाम सिंह और निशांत जैन के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, ओमेक्स बिल्डर की ओर मामले पर अबतक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मिश्रा ने बताया कि यह प्राथमिकी अदालत के आदेश पर दर्ज की गई है।

थाना प्रभारी के मुताबिक पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बिल्डर कंपनी ने बीटा-2 स्थित ओमेक्स कनॉट प्लेस की दुकान संख्या 140 उन्हें 20,90,521 रूपए में बेचा था और बुकिंग के दौरान उन्होंने 18,50,835 रुपए का भुगतान कर दिया था।

पीड़ित के मुताबिक उसने बाद में 2,29,686 रुपए चेक के जरिए कंपनी को दिए और बिल्डर ने दो साल में दुकान पर कब्जा देने का वादा किया।

# बीस स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाने का सर्वे शुरू

● जमीन तलाशने के लिए नगर निगम ने टीम बनाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



शहर में बीस स्थानों पर स्मार्ट ई-व्हीकल मल्टी यूज चार्जिंग प्वाइंट बनाने के लिए जमीन तलाशने का कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए नगर निगम के प्रॉपर्टी विभाग की ओर से एक टीम बनाई गई है।

टीम ने अब सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है। सर्वे के लिए तहसील विभाग की भी मदद ली जा रही है। इस सर्वे के दौरान पूरे महानगर एरिया में बीस स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन के लिए जगह का चिन्हांकन किया जाएगा। जहां ई.व्हीकल चार्ज करने के लिए स्टेशन बनाने का कार्य किया जाएगा। ई-चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए हाल ही में नगर निगम प्रशासन को यूपी सरकार की ओर से पत्र लिखा गया था। नगर आयक्त डॉ. नितिन गौड़ का कहना है कि पूरे शहर में बीस चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इन्हें बनाने के लिए नगर निगम केवल जमीन देगा। बाकी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए यूपी सरकार अपने स्तर से कार्य करेगी। दरअसल शहर में अभी भी कई सौ की संख्या में ई-व्हीकल चल रहे है। कई बार इनके चार्ज करने के लिए समस्या पैदा होती है। चार्जिंग की इसी समस्या को दूर करने के लिए अब कोशिश चल रही है। माना जा रहा है कि जल्दी ही इस समस्या को भी दूर किया जाएगा। संभावना है कि इसी महीने चार्जिंग स्टेशन के लिए जगह का चिन्हांकन कर लिस्ट यूपी सरकार को भेज दी जाएगी।

### स्पोर्ट्स प्लाजा का जल्द होगा उद्घाटन

**गाजियाबाद।** आरडीसी में हापुड़ रोड आरओबी के नीचे स्पोर्टस प्लाजा बनकर पूरी तरह से तैयार हो गया है। यहां पर क्रिकेट, बैडमिंटन आदि खेलों का ट्रायल भी पूरा हो गया है। कई लाख रुपये की लागत से यहां प्लाजा बना दिया गया है। प्लाजा के बनकर तैयार हो जाने के बाद अब उम्मीद है कि इसी सप्ताह इस प्लाजा का लोकार्पण हो जाएगा। इस प्लाजा का लोकार्पण महापौर सुनीता दयाल के द्वारा कराया जाएगा। हालांकि अभी नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ की ओर से ग्रीन सिग्नल मिलना बाकी है।

# डंपर ने पांच कुत्तों को कुचला, पुलिस ने शुरू की जांच

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले में दादरी थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के पास सड़क किनारे सो रहे पांच आवारा कुत्तों को एक अज्ञात डंपर ने कुचल दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घटना का संज्ञान लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उसने बताया कि कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें हादसे के बाद सड़क पर कुत्तों के अवशेष बिखरे पड़े दिख रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अवैध खनन में संलिप्त डंपर तेज रफ्तार से गुजरते हैं जिसकी वजह से यह घटना हुई। उसने बताया कि घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। दादरी के थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आसपास की सड़कों पर लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है ताकि वाहन की पहचान हो सके।

# रईसों के लिए पार्टियों का अड्डा बने डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस

● ड्रोन सर्वे में 900 फार्म हाउस हुए थे चिन्हित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा के यमुना डूब क्षेत्र में बने ये फार्म हाउस पार्टी करने वालों का अड्डा है। मंगलवार को सेक्टर-135 में जिस राजमहल नाम के फार्म हाउस को तोड़ा गया। उसी फार्म हाउस से बड़ा कैसिनो पकड़ा गया था।

थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार भी किया था। प्राधिकरण ने यहां 32 फार्म हाउस को ध्वस्त किया। जबकि यमुना का डूब क्षेत्र 5036 हेक्टेयर में बसा है। इसमें 900 फार्म हाउस है। जिसे ड्रोन सर्वे के जरिए प्राधिकरण ने नोटिफाई किया था। पहले फेज में प्राधिकरण ने 150 फार्म हाउस और 4 क्लब को ध्वस्त किया था। इसके बाद फार्म हाउस मालिक हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट ने मालिकों से कहा कि वे सभी प्राधिकरण ने अपनी लिखित आपत्ति जमा कर सकते है। इसके बाद प्राधिकरण इसकी जांच करेगा।

प्राधिकरण ने अधिकतर प्रत्यावेदनों का निपटारा कर दिया है। जिसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्यवाही फिर शुरू हो गई है। इन फार्म हाउसों को देखकर ऐसा कतई नहीं कहा जा सकता कि ये छोटे या आम आदमी के हो सकते है। तोड़े गए फार्म हाउस और बने फार्म हाउस में माड्यूलर किचन, बार, पार्टी लांज, स्विमिंग पूल के अलावा लग्जरी लाइफ के वह सभी सुख सुविधा है।

पार्टी के नाम बुकिंग के बोर्ड और ऑन लाइन सेवा तक इनकी है। इसके अलावा हाईटेक डैकोरेशन इनकी सुंदरता को बढ़ाता है। 13 जून 2021 को नोएडा के सेक्टर.135 स्थित फार्म हाउस में देर रात रेव पार्टी हो रही थी। पुलिस ने छापा मार दिया। 14 युवक.युवती पकड़े गए।

13 जून 2021 की रात ही नोएडा पुलिस ने एक और फार्म हाउस पर छापा मारकर साप्ताहिक बंदी में शराब व पूल पार्टी करते 61 युवक.युवतियों को अरेस्ट किया। मई 2019 में एक बड़ी रेव पार्टी भी पुलिस ने सेक्टर-135 एरिया में पकड़ी थी। नोएडा में नशे की पार्टियां पकड़ी गई हैं, अधिकतर में बुकिंग का माध्यम सोशल मीडिया सामने आया है।

# संक्षिप्त समाचार




नोएडा में माटी के समर कैंप के समापन अवसर पर बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय व अन्य गणमान्य लोग।

### माटी समर कैंप में बच्चों ने की जमकर मस्ती

**नोएडा।** माटी संस्था के सौजन्य से नोएडा के द मिलिनीयम स्कूल में आयोजित बच्चों की माटी समर कैंप शिविर का आयोजन किया गया। समर कैंप शिविर के समापन समारोह में 100 से अधिक सरकारी स्कूलों के 600 से अधिक बच्चों और 750 अभिभावाकों ने भाग लिया। समापन समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय ने की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्रा और विधायक दिलीप पांडे मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इस अवसर पर एनडीएमसी क्षेत्र इलेक्ट्रिसिटी शिकायत निवारण फ़ोरम के अध्यक्ष, शलभ कुमार श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफ़ेसर नागेंद्र सिंह मौजूद रहे। स्वागत भाषण माटी न्यास के संयोजक आसिफ़ आज़मी की 9 वर्षीय बेटी मनाल ने दिया। शिविर में बिग्रेडियर रजनीश त्रिवेदी, कारगिल शहीद कैप्टन सुमित रॉय की माता स्वप्ना रॉय, जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रोफ़ेसर अब्दुल कयुम अंसारी तथा फिजीशियन डॉ जरीन हलीम ने बच्चों को करियर संबंधी सलाह दी।

### मेट्रो अस्पताल ने शुरू किया शक्ति कार्यक्रम



**नोएडा।** देश में उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की बदौलत ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी और मरीज के पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की संभावनाएं काफी बढ़ गयी हैं। विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस के अवसर पर मेट्रो अस्पताल, नोएडा ने रोगियों को सशक्त बनाने और उपलब्ध उन्नत न्यूरोसर्जिकल सुविधाओं को उजागर करने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया है। जाने.माने न्यूरोसर्जन, डॉ आकाश मिश्रा और डॉ अनुतोष सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए इसके बारे में जानकारी दी। डॉ आकाश मिश्रा, सीनियर कंसल्टेंट न्यूरोसर्जरी, मेट्रो हॉस्पिटल, नोएडा ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर के मामलों की बढ़ती संख्या उन्नत चिकित्सा सुविधाओं और सटीक निदान के महत्व पर प्रकाश डालती है। मेट्रो अस्पताल की चिकित्सा निदेशक डॉ कनिका कंवर ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दो मरीजों विनय और दया कृष्णा ने ब्रेन ट्यूमर के साथ अनुभव साझा किए।

### पर्यावरण का अनुकूल साधन है साइकिलः अमन पुरी



**नोएडा।** हरे-भरे और स्थायी शहर के निर्माण में मदद करने के लिए साइकिल चलाने के प्रयास को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत नोएडा साइक्लिंग क्लब ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के लिए राइड का आयोजन किया। 50 साइकिल चालकों ने कार्बन न्यूट्रल शहर का प्रचार करने के लिए नोएडा के ग्रेट इंडिया प्लेस मॉल से दिल्ली तीन मूर्ति मार्ग पर स्थित मैसूर कैफे तक साइकिल चलाई। नोएडा साइक्लिंग क्लब के संस्थापक अमन पुरी कहते हैं, इस राइड का उद्देश्य लोगों को बेहतर पर्यावरण, फिटनेस और सेहत पाने के उद्देश्य से साइकिल चलाने के खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। साइकिल परिवहन का पर्यावरण के अनुकूल साधन है। साइकिल चलाने से सिर्फ फिटनेस को ही फायदा नहीं पहुंचता है बल्कि पर्यावरण का संरक्षण भी किया जाता है।

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby brought to the notice of public at large that the following original sale deeds of property/land situated at Mohalla Sarairafi, Kasba Chandpur, Distt. Bijnour, UP (also known as Al-Iqbal Hospital) have been lost and not in possession of Present owner (1) Original Sale deed executed by Pramod Kumar in favour of Solendra Chowdhary, duly registered as document no. 4739 on 08.08.2000. (2) Original Sale deed executed by Naveneet Tyagi in favour of Solendra Chowdhary, which is duly registered as document no. 4987 on 21.08.2000. The owner has lodged online police complaint vide G.D. No.-38 dated 21.05.2023 as well as publishing this notice in this regard. Any person (other than owner), who comes in knowledge or possession of aforementioned Original Registered sale deeds no.4739 & 4987, may please return the same to above mentioned property address or at below mentioned address. Any person or authority dealing with the deed and / or the aforesaid Property and/or deriving any benefit by impersonation or claiming any interest in the aforesaid land situated at Mohalla Sarairafi, Kasba Chandpur, Distt. Bijnour, UP, on the basis of said Original registered sale deeds dated 08.08.2000 and 21.08.2000 or in any manner whatsoever, he/she/it shall do so at his/her/its own cost, expense, liability and risk or may also send his/her/their claims in writing to the undersigned along with documentary evidence in support of the claim within 15 days from date of publication of this Notice.

**Sushil Kumar Singh (Advocate)**
F-10, LGF, Jangpura Ext., New Delhi-110014

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Satinder Mohan Pall** claims to be owner & in possession of **Prop No. 104, Block C, Shakiti Nagar Extn., Delhi 52 (hereinafter called the said property)** by virtue of Sale Deed dated 02.01.2008 Doc. No. 137.Said **Satinder Mohan Pall** has misplaced Org. Conveyance Deed dated 30.04.2001 Doc. No. 10162 & Org. Relinquishment Deed dated 26.12.2007 Doc. No. 7048 in respect of the said property & an online NCR is issued by Crime Branch on 02.05.2022 in respect of loss of documents. Said Satinder Mohan Pall has agreed to sell the said Property to Deepak Gupta & Said Deepak Gupta has agreed to create a mortgage in favour of our clients, Standard Chartered Bank, Express Building, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi, person/s in possession of two original misplaced documents or having any claim against in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence and submit the misplaced document at the address mentioned below within **14 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan (Advocate)**
**For Diwan and Company LLP**
**Advocates and Solicitors**
**H. No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi-19**
**Mobile No. 9818399999**

**Public Notice**

This is to inform general public that initially Built-up property bearing no. X/3337/2, (Old no X/3337), land area measuring 71.69 sq. Mtrs., out of Khasra no. 840/218, bearing Ahata no 8, situated in the area of Village Seelampur, in the abadi of Raghubar Pura no. 2, Gandhi Nagar, Illaqa Shahdara Delhi-110031, was owned by Subhash Chand Jain & Sons HUF. Karta Subhash Chand Jain expired, and his legal heirs Smt. Neha Jain relinquish her share in the said property to Smt. Mamata Garg vide relinquishment deed 02.06.2014 who sold the said property to Smt. Kusum Jain vide sale deed 05.06.2014. Smt Kusum Jain sold the said property to Mr. Rajiv Anand vide sale deed 2015-2018 who sold the said property to Mrs. Rachna Bansal vide Sale Deeds dated 30.11.2021, Doc no. 10328 and Now, Mrs. Rachna Bansal is mortgaging the above said property with IndusInd Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Suchir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मत्ता धर्मा कुमारी/ मत्ता कनिकाराम देवी प्रियंका/ LBDEL00002875136 | फ्लैट नंबर बी-9, पहली और दूसरी मंजिल, काकतीय को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, काकतीया अपार्टमेंट प्लॉट नंबर 86, आईपी एक्सटेंशन, पटपड़गंज दिल्ली/ जून 02, 2023 | अगस्त 31, 2022 रु. 76,37,082/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जून 08, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**सिविल वृत्त, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार**
UTTARAKHAND
Websit: http://pwd.uk.gov.in Fax/Phone No.: 01334-221407 E-mail: seharpwduk@gmail.com
उत्तराखण्ड राज्य

पत्रांक-1709/06सी0-सि0वृ0/23 दिनांक 07/06/2023

**राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक (ई-टेन्डरिंग)**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधीक्षण अभियंता, सिविल वृत्त लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग (टू-बिड सिस्टम) के अन्तर्गत आइटम रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना **http://www.uktenders.gov.in** पर **दिनांक 15.06.2023** से उपलब्ध होगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (₹ लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | राज्य योजना वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र लक्सर-भूरनी-कुआखेडा (चैनेज 0.00 से 5.200 तक) मार्ग का चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 13.40 | 5000.00 + 18% GST | 12 माह | 60 दिन | उत्तराखण्ड में राज्य सरकार के विभाग/ उपक्रम में मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी- 'A' अथवा उच्चत्तर में पंजीकृत अथवा केन्द्र /अन्य राज्य सरकार के विभाग /उपक्रम में मार्ग कार्यों हेतु श्रेणी 'A' अथवा उच्चतर में पंजीकृत। |

नोटः- निविदादाता को निविदा अपलोड़ करने की अन्तिम तिथि एवं निर्धारित समय से पूर्व निम्नलिखित अभिलेख अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा जिसके प्रस्तुत न करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

1. निविदा प्रपत्र की लागत कॉलम 04 के अनुसार का डिमांड बैंक ड्राफ्ट, जो कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, लक्सर के नाम देय हो। ₹ 5000.00 एवं GST ₹ 900.00 दोनों बैंक ड्राफ्ट अलग-अलग दिये जायें।
2. निविदा की वैधता हेतु अन्डरटेकिंग जो ₹ 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर ₹ 1.00 के रैवेन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित 60 दिन वैधता की अवधि इंगित करते हुये प्रमाण पत्र।
3. निर्धारित धरोहर धनराशि, जो कि अधीक्षण अभियन्ता, सिविल वृत्त, लो०नि०वि०, हरिद्वार के नाम बन्धक हो।
4. फर्म के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की प्रति संलग्न करें।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**सिविल वृत्त, लो०नि०वि० हरिद्वार**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# विवि के नए कैंपस के उद्घाटन पर गरमाई सियासत

## गुरु गोविंद सिंह विवि का पूर्वी परिसर आज से खुलेगा, फीता उपराज्यपाल काटेंगे या मुख्यमंत्री संशय बरकरार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के ईस्ट कैंपस का उद्घाटन 8 जून को होना है। विश्वविद्यालय के नए परिसर के उद्घाटन को लेकर सियासत गरमा गई है।

फीता उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना काटेंगे या मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस पर संशय बरकरार है। दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि सीएम केजरीवाल इसका उदघाटन करेंगे तो वहीं राज निवास ने एक बयान जारी कर कहा कि आईपी विश्वविद्यालय ने इसके उदघाटन के लिए एलजी से समय मांगा था।


गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के ईस्ट कैंपस

दरअसल आम आदमी पार्टी की सरकार के तहत आने वाले गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आईपी) यूनिवर्सिटी के ईस्ट कैंपस गुरुवार से खुल जाएगा। गुरु गोविंद सिंह विवि का ईस्ट कैंपस को लेकर शिक्षा मंत्री आतिशी ने गत सोमवार को बताया था कि इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल करेंगे, लेकिन उपराज्यपाल निवास ने बुधवार को इस पर आपत्ति जाहिर करते हुए एक बयान जारी कर कहा कि यह पहले ही तय था कि उद्घाटन एलजी करेंगे। राज निवास ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को भी पता था कि उद्घाटन एलजी करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को गेस्ट ऑफ ऑनर और शिक्षा मंत्री को विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित होना था। एलजी सक्सेना को 23 मई को इसका उद्घाटन करना था, लेकिन सीएम केजरीवाल के कहने पर ही इसकी तारीख आगे बढ़ाकर आठ जून किया गया है। मालूम हो कि इससे पहले उच्च शिक्षामंत्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि पूर्वी दिल्ली को केजरीवाल सरकार की एक और सौगात मिलने जा रही है।

मुख्यमंत्री आठ जून को सूरजमल विहार स्थित गुरु गोविन्द सिंह इन्द्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के पूर्वी कैंपस का उद्घाटन कर इसे देश को समर्पित करेंगे।

गौरतलब है कि वीके सक्सेना के उपराज्यपाल का पदभार संभालने के बाद से आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच शासन से जुड़े फैसले करने संबंधित कई मुद्दों को लेकर गतिरोध जारी है।

केन्द्र सरकार के अध्यादेश को लेकर भी आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई नेताओं से मिल चुके हैं। इस दौरान सीएम उनसे अध्यादेश के विरोध में समर्थन मांग चुके हैं।

### श्रेय लेने की कोशिश करना अशोभनीय : आतिशी



*आईपी यूनिवर्सिटी ईस्ट कैंपस को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के दावों पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने पटलवार किया है। उन्होंने कहा कि एलजी को यह नहीं भूलना चाहिए कि शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा सभी स्थानांतरित विषय हैं। केजरीवाल सरकार इन तीनों क्षेत्रों में पिछले आठ वर्षों से काम कर रही है। किसी भी नागरिक से पूछें कि शिक्षा क्रांति किसने लाई, तो वे कहेंगे सीएम केजरीवाल। वे यह नहीं कहेंगे कि भाजपा द्वारा नियुक्त एलजी ने शिक्षा पर काम किया। एक उपराज्यपाल द्वारा चुनी हुई सरकार के काम का श्रेय लेने की कोशिश करना अशोभनीय है। उन्हें इस तरह की ओछी राजनीति नहीं करनी चाहिए।*

# शिक्षा मंत्री आतिशी को विदेश जाने की मिली अनुमति

- केंद्र सरकार ने उच्च न्यायालय को बताया ब्रिटेन जाने पर नहीं लगाई है रोक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शिक्षा मंत्री आतिशी को अगले सप्ताह ब्रिटेन जाने की अनुमति मिल गई है। केंद्र सरकार ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि उसने दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी को अगले सप्ताह ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा की मंजूरी दे दी है।

केंद्र के वकील ने कहा कि अब आगे की मंजूरी के लिए प्रस्ताव आर्थिक मामलों के विभाग को भेज दिया गया है जिस पर कार्रवाई की जाएगी और याचिकाकर्ता जरूरी वीजा परमिट के लिए आवेदन कर सकती हैं। न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह की अवकाश पीठ ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह लंबित अर्जी को अनुमति दे और विदेश मंत्रालय से मंजूरी के बाद यह महज औपचारिकता है। न्यायाधीश से सहमति व्यक्त करते हुए केंद्र के वकील ने कहा, एक बार राजनीतिक अनुमति मिलने के बाद कोई विभाग बीच में नहीं आता है।

अपनी याचिका में आम आदमी पार्टी (आप) नेता ने सूचित किया कि 15 जून को आयोजित होने वाले भारत 100 वर्षों में : वैश्विक नेता बनने की ओर विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने उन्हें आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया है। आतिशी के वकील शादन फरासात ने अदालत को बताया कि उन्हें 14 से 20 जून तक ब्रिटेन की यात्रा पर जाना है और वह विदेश मंत्रालय को लंबित अर्जी को अनुमति देने का निर्देश दे।

# सिसोदिया को याद कर भावुक हुए केजरीवाल

- मुख्यमंत्री ने बवाना में स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की उपब्धियों को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि आज मनीष की याद आ रही है। क्योंकि ये उनका सपना था। वह दिल्ली की शिक्षा को बदलना चाहते थे।

उन्होंने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि ये लोगों ने मनीष को फर्जी मुकदमें करके जेल में डाला हुआ है। अगर उन्होंने अच्छे स्कूल नहीं बनवाए होते तो ये लोग उनको जेल में नहीं डालते। ये लोग शिक्षा क्रांति को खत्म करना चाहते हैं, लेकिन हम खत्म नहीं होने दंगे। केजरीवाल ने कहा कि देश ने उन्हें बहुत अच्छी शिक्षा दी है। अब बतौर सीएम उनका फर्ज है और ठाना है कि हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा मुहैया कराएंगे। अगर बच्चों को अच्छी शिक्षा दे दी तो एक पीढ़ी के अंदर गरीबी दूर हो सकती है।

अरविंद केजरीवाल बवाना के दरियापुर कलां में डॉ बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस की नई बिल्डिंग के उद्घाटन अवसर पर यह बात कही। पूरी तरह वातानुकूलित यह स्कूल सभी विश्वस्तरीय आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इस स्कूल में 50 क्लास रूम, 8 लैब्स, 2 लाइब्रेरी, ऑफिस, स्टाफ रूम और लिफ्ट समेत अन्य आधुनिक सुविधाएं हैं। ग्रामीण इलाकों में भी अब बच्चों को स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड का सिलेबस मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया था कि लड़कियों के लिए बने स्कूल की हालत बहुत खराब है। स्कूल टूटा-फूटा हुआ है। लोगों ने स्कूल को ठीक करवाने की मांग की थी।

उस दौरान मैंने बवाना के लोगों से वादा किया था कि इस स्कूल को ठीक कराएंगे। आज वो वादा डबल पूरा हो रहा है। हम लोग जितने वादे करते हैं, उससे डबल पूरे करते हैं। बवाना के लोगों को अब एक नहीं, बल्कि दो स्कूल मिल रहे हैं।

एक स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस है। दिल्ली के अंदर बने 35 स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में से एक बवाना में बन चुका है। ये स्कूल इतने खास हैं कि इनमें दाखिला लेने के लिए हर साल एक लाख बच्चे परीक्षा देते हैं और कुछ हजार बच्चों को इन स्कूलों में दाखिला मिल पाता है।


भावुक होते केजरीवाल



### सिसोदिया निर्दोष है तो जमानत क्यों नहीं मिल रही

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा भावुक होकर रोने की घटना को छलावा बताते हुए कहा है कि वह अपनी संभावित गिरफ्तारी से डरे हुए हैं। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने केजरीवाल के आंसू पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षा को ढाल बनाकर अपनी सरकार के भ्रष्टाचार को छुपाना चाहते हैं। केजरीवाल आंखे नम कर यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि सिसोदिया को शिक्षा विभाग से जड़े किसी मामले में जेल भेजा गया है पर सच यह है कि वह अभी आबकारी विभाग के शराब घोटाले में जेल गये हैं। उनके खिलाफ मामला इतना संगीन है कि न्यायालय से उन्हें जमानत नहीं मिल रही है।

### यह है 35वां स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल

दिल्ली सरकार का यह 35वां अम्बेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस है। पहले साल एसटीईएम (स्टेम) और मानविकी विशेषज्ञता में कक्षा 9 के लिए प्रवेश दिए जा रहे हैं। प्रत्येक क्लास के अधिकतम 4 सेक्शन होंगे। लगभग 500 छात्र दो विशेषज्ञताओं में से प्रत्येक में अध्ययन कर सकेंगे। इस बिल्डिंग का एक ब्लॉक यहां पहले से मौजूद सर्वोदय कन्या विद्यालय के लिए दिया जाएगा, जब तक कि उसकी नई बिल्डिंग बनकर तैयार न हो जाए। अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और पुस्तकालय इस क्षेत्र के बच्चों को विश्व स्तरीय टीचिंग-लर्निंग के अवसर प्रदान करेंगे।

### पहले रोक लेते तो आंसू नहीं बहाने पड़ते : कांग्रेस



***नई दिल्ली।*** *प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि सीएम ने बवाना में स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के उद्घाटन का राजनीतिकरण करके यह कहना कि पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को स्कूल खोलने पर जेल डाल दिया है। यह दिल्ली वालों को भ्रमित करने वाला है। केजरीवाल के घड़ियाली आंसू बहाने की बजाय सरकारी स्कूलों में शिक्षा स्तर को बेहतर बनाएं, क्योंकि पिछले 9 वर्षों में सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर धरातल से भी नीचे पहुंच चुका है। आज सिसोदिया जेल में है उसके पीछे भी केजरीवाल जिम्मेदार है। अगर केजरीवाल भ्रष्ट शराब नीति बनाने से पहले सिसोदिया को रोक लेते तो आज आंसू नहीं बहाने पड़ते।*

### मणिपुर हिंसा : कुकी समुदाय का गृहमंत्री आवास पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** मणिपुर के कुकी समुदाय के सदस्यों ने पूर्वोत्तर के राज्य में जारी हिंसा के विरोध में बुधवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास के बाहर प्रदर्शन किया।

पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां थामे रखी थीं, जिन पर लिखा था कि कुकी समुदाय के लोगों के जीवन की रक्षा करें। प्रदर्शनकारियों ने नारे भी लगाए। पुलिस के मुताबिक, गृह मंत्री के साथ बैठक के लिए चार प्रदर्शनकारियों को उनके आवास के अंदर जाने की अनुमति दी गई, जबकि बाकी को जंतर मंतर भेज दिया गया। मणिपुर में एक महीने पहले भड़की जातीय हिंसा में कम से कम 98 लोगों की जान जा चुकी है।



हाथों में तख्तियां थामे गृहमंत्री आवास की तरफ प्रदर्शन करने जाते कुकी समुदाय की युवतियां।

# अध्यादेश पर केजरीवाल को मिला अखिलेश का साथ

- सपा राज्यसभा में इस बिल का करेगी विरोध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से बुधवार को मुलाकात कर उनसे समर्थन मांगा। केंद्र के अध्यादेश पर लंबी चर्चा के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपना समर्थन देने का ऐलान किया।

यादव ने कहा कि सपा राज्यसभा में केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ राज्यसभा में इस बिल का विरोध करेगी। अखिलेश ने अध्यादेश को लोकतंत्र विरोधी सोच का परिणाम बताया। अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली के लोग मतदान कर सरकार चुनते हैं और उम्मीद करते हैं कि सरकार उनके सपनों और जरूरतों को पूरा करेगी। संविधान भी यही कहता है और यही भारतीय जनतंत्र भी है। फरवरी 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी। इसके मात्र तीन महीने बाद मई में मोदी सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर सारी शक्तियां छीन लीं। चुनी हुई सरकार के पास ट्रांसफर-पोस्टिंग, अफसरों के काम न करने या भ्रष्टाचार करने पर उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने या नई रिक्तियां बनाने का जो अधिकार था, उसे छीन लिया गया।


अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव के बीच अभिवादन।

इतना अच्छा काम किया कि एक बार फिर भारी बहुमत से जीते और 70 में से 62 सीटें मिलीं। आठ साल तक कोर्ट में अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने के बाद 11 मई को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने पांच-शून्य से फैसला सुनाया कि सारी शक्तियां चुनी हुई सरकार के पास होनी चाहिए।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री 103 दिन बाद बीमार पत्नी से मिले

- सोशल मीडिया पर पत्र साझा करते हुए बोली सीमा उन्हें पति पर गर्व

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बुधवार को लगभग 103 दिन बाद वह पुलिस हिरासत में अपनी बीमार पत्नी सीमा सिसोदिया से मिले।

पति से मुलाकात के बाद सीमा सोशल मीडिया में एक पत्र साझा कर कहा है कि उन्हें मनीष पर फक्र है। सही कहते थे सब, राजनीति गंदी है। ना जाने और कितने दिन मुझे, मेरे पति और परिवार को साजिशे झेलनी पड़ेंगी। ये जो कर ले, अरविंद व मनीष के शिक्षा के सपने को सलाखों के पीछे कैद नहीं कर पाएँगे। शिक्षा की राजनीति जरूर जीतेगी। सीमा सिसोदिया ने पत्र में लिखा कि अदालत के आदेश के बाद मनीष से 103 दिन बाद मिलने का मौका मिला। उस 7 घंटे के मुलाकात के दौरान भी पुलिस बेडरूम के दरवाजे पर बैठी रही। दोनों को कोई प्राइवेसी नहीं थी। ऐसा लग रहा था कि पुलिस कर्मी उन्हें देख रहे हैं। उन्हें गर्व है कि उनका पति आज भी अपनी उसी जिद और तेवर में है।

### दम घुटने से हुई थी मासूम बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** जोगा बाई एक्सटेंशन में मंगलवार शाम को नीरज और आरती की मौत दम घुटने हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दम घुटना और ऑक्सीजन की कमी उनकी मौत की वजह है भाई-बहन की मौत हुई थी। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने कहा, दोनो भाई-बहन के शवों का पोस्टमार्टम बुधवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के बोर्ड द्वारा किया गया। बोर्ड की राय है कि दोनों बच्चों की मौत दम घुटने एवं ऑक्सीजन की कमी से हुई।

उनके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं पाए गए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों भाई-बहन मंगलवार को साढ़े तीन बजे लापता हो गए थे। उनके माता-पिता एवं दूसरे भाई-बहनों ने उसे ढूंढना शुरू किया और बक्से में वे मृत मिले। संदेह है कि दोनों बच्चे खेलते-खेलते बक्से में चले गए और बक्से का ढक्कन बंद हो गया, ऐसे में दोनों अंदर फंस गए। बच्चे घर में अपने माता-पिता के साथ रहते थे।

# पारा चढ़ा, लेकिन 5 दिन तक लू नहीं

- राजधानी में सामान्य से दो डिग्री कम दर्ज हुआ तापमान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ने लगा है लेकिन अगले चार से पांच दिन तक लू चलने की संभावना नहीं है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने बुधवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। अधिकतम तापमान करीब 39 डिग्री सेल्सियस रहा।

एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण कुछ कुछ समय के अंतराल पर बारिश होने से दिल्ली में जून महीने की शुरुआत में उतनी गर्मी नहीं रही थी, जितनी होती है। इस महीने में अधिकतम तापमान अब तक 40 डिग्री के नीचे रहा है। आईएमडी के अनुसार सफदरजंग वेधशाला ने इस साल अब तक लू की स्थिति दर्ज नहीं की है। ऐसा 2014 के बाद पहली बार हुआ है। मौसम विज्ञानियों ने इस मानसून पूर्व मौसम (मार्च से मई) में अधिक वर्षा और सामान्य से कम तापमान के लिए सामान्य से अधिक पश्चिमी विक्षोभ को जिम्मेदार ठहराया है।

यह मौसम प्रणाली भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होती है और उत्तर-पश्चिम भारत में इससे बेमौसम बारिश होती है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि आगे लू नहीं चलेगी। केरल में मानसून की शुरुआत में पहले ही देरी हो चुकी है और मौसम विज्ञानियों ने चक्रवात बिपारजॉय के कारण दक्षिणी प्रायद्वीप से आगे मानसून में धीमी प्रगति की आशंका जताई है और राष्ट्रीय राजधानी सहित देश के कई हिस्सों में तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है।

# जी-20 शिखर सम्मेलन

# प्रगति मैदान की छत पर नहीं होंगे हैलीपैड

## डीयूसी की बैठक में सौर पैनल का ढांचा बनाने पर सहमति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में सितंबर में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर प्रगति मैदान पुनर्विकास परियोजना के तहत निर्मित किए जा रहे अत्याधुनिक सम्मेलन केन्द्र की छत पर हैलीपैड की सुविधा नहीं होगी।

यह केन्द्र जी-20 शिखर सम्मेलन का प्रमुख आयोजन स्थल है और पहले ऐसी योजना थी कि इसकी छत पर हैलीपैड की सुविधा भी होगी।

दिल्ली शहरी कला आयोग (डीयूएसी) की 24 मई को आयोजित बैठकों के कार्यवाही ब्योरे के अनुसार अब हैलीपैड के स्थान पर ऐसा ढांचा बनाया जाएगा जो भविष्य में सौर पैनलों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। डीयूएसी ने कहा कि आयोग ने 14 जून, 2017 को आयोजित अपनी बैठक में एकीकृत प्रदर्शनी सह सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) के पुनर्विकास के संबंध में रूपरेखा और भवन योजना प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। डीयूएसी की स्थापना 1973 में संसद के एक अधिनियम द्वारा भारत सरकार और स्थानीय निकायों को दिल्ली के भीतर शहरी तथा पर्यावरणीय डिजाइन की सौंदर्य गुणवत्ता के संरक्षण, विकास और रखरखाव पर सलाह देने के लिए की गई थी।



प्रगति मैदान पुनर्विकास परियोजना के हिस्से के रूप में, आईईसीसी को अत्याधुनिक परिसर के रूप में बनाया जा रहा है, और इसके कुछ ब्लॉक पहले ही खोले जा चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय एक्सपो, 18-20 मई के दौरान आईईसीसी में आयोजित किया गया था, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। दिल्ली में नौ से दस सितंबर के बीच जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन होगा।

### पीएमओ-वाणिज्य मंत्रालय की सीधी निगरानी

जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी के मद्देनजर प्रगति मैदान में बन रहा कन्वेंशन सेंटर के काम को लेकर पीएमओ और केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल सीधी निगरानी कर रहे हैं। शिखर सम्मेलन के लिए प्रगति मैदान में कन्वेंशन सेंटर के साथ एक वीआइपी लाउंज, दो सभागार व डाइनिंग रूम भी होंगे, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 600 से 900 लोगों तक की रहेगी। प्रधानमंत्री के लिए 25 कमरों का एक अलग काम्प्लेक्स भी रहेगा, जहां बैठकें और सेमिनार हो सकें। प्रगति मैदान का कन्वेंशन सेंटर चीन की राजधानी बीजिंग स्थित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर से भी भव्य होगा।

### तिमारपुर झील लोगों के लिए पर्यटन का बनेगी केंद्र

**नई दिल्ली।** तिमारपुर के विधायक दिलीप पांडेय ने बुधवार को तिमारपुर झील का दौरा किया। उन्होंने कहा कि झील की सुंदरता को देखकर अच्छा लगा कि अब इस क्षेत्र के लोग यहां साफ-सुथरे माहौल में आराम करने और कुछ वक्त बिताने के लिए जा सकते हैं। इस झील के बनने से आसपास का वातावरण भी स्वच्छ होगा। साथ ही सिग्नेचर ब्रिज के बाद अब यह झील लोगों के लिए एक बड़ा पर्यटन का केंद्र भी होगा।

पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री की अगुवाई में 380 झीलें बनाई जा रही हैं। अब तक 26 झीलें बन चुकीं हैं। सरकार पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने के लिए पूरी ऐसी झीलें बना रही है। वह समाजसेवी संगठनों के साथ मिलकर झील के प्रबंधन को बढ़ावा देने और उनकी देखरेख करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## संक्षिप्त समाचार


कुशाग्र फांउडेशन के जुड़ लोग पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए।

### पर्यावरण को सहेजने की सभी की जिम्मेदारी: सुनीता

**नई दिल्ली।** स्वयंसेवी संगठन कुशाग्र फांउडेशन द्वारा पर्यावरण दिवस पर महरौली के देवभूमि पार्क में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष सुनीता फरस्वान ने कहा कि यह दिन सभी के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लेने का दिन है। सभी लोगों को आज के दिन इस प्रकृति और पर्यावरण को सहेजने की जिम्मेदारी लेनी चाहिये। इस अवसर पर महासचिव हेमलता चिनवान, शान्ति चिनवान, कमल सिंह नेगी, महावीर फरस्वान, गीता रावत, माला झा, बीना सिंह, कलावती पवार, पुष्पा रावत, कशिश फरस्वान अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### व्हील चेयर से सोने की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर व्हीलचेयर सवार एक व्यक्ति को जूतों में छिपाकर 1.13 करोड़ रुपये का सोना तस्करी करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर निवासी आरोपी को सीमाशुल्क अधिकारियों ने सोमवार को दुबई से यहां पहुंचने पर रोका था। उन्होंने कहा कि उसे कोई शारीरिक समस्या नजर नहीं आ रही थी, तब भी उसने हवाई अड्डे पर व्हील चेयर की सेवा ली। उन्होंने कहा कि विस्तार से जांच की गई तो 1.13 करोड़ रुपए मूल्य का 2.15 किलोग्राम सोना पेस्ट के रूप में उसके जूतों में छिपा हुआ मिला।

### अवमानना मामला: केजरीवाल व संजय सिंह को समन

**नई दिल्ली/अहमदाबाद।** अहमदाबाद की एक अदालत ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री के संबंध में व्यंग्यपूर्ण टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि के मामले में 13 जुलाई को अदालत के समक्ष पेश होने को कहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के दोनों नेताओं को इससे पहले मेट्रोपोलिटन अदालत ने सात जून को उसके समक्ष पेश होने के लिए समन किया था। गुजरात विश्वविद्यालय (जीयू) ने दोनों के खिलाफ मामला दायर करवाया है। प्रतिवादियों ने कहा कि वे याचिका को लेकर बयान दर्ज कराने के लिए 13 जुलाई को उपस्थित रहेंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 जून, 2023



# सारे देश में मेडलों की भूख हरियाणा मिटा सकता है : गृह मंत्री विज

## हरियाणा पूरे देश का केवल 1.3 प्रतिशत, हमारे मेडल 50 प्रतिशत से अधिक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



विशेष ओलंपिक भारत के माध्यम से जर्मनी के बर्लिन में विशेष ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स-2023 में भाग लेने जा रहे विशेष खिलाड़ियों के साथ गृह मंत्री अनिल विज, विशेष ओलंपिक भारत की चेयरपर्सन मल्लिका नड्डा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**गृह** एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा खेलों की धरती है। सारे देश में मेडलों की भूख हरियाणा मिटा सकता है। हरियाणा पूरे देश का केवल 1.3 प्रतिशत है, जबकि हमारे मैडल 50 प्रतिशत से अधिक हैं। उन्होंने कहा कि हमने खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल अवसरंचना पर विशेष बल दिया है। क्योंकि जब तक खिलाड़ियों को खेल अवसंरचना मुहैया नहीं होगी, तब तक खिलाड़ी अपना बेहतर नहीं कर पाएंगें। वे बुधवार को यहां विशेष ओलंपिक भारत के माध्यम से जर्मनी के बर्लिन में विशेष ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स-2023 में भाग लेने जा रहे विशेष खिलाड़ियों व उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के शहर-शहर में नए स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। अगर अंबाला की बात की जाए तो विश्व स्तर का फुटबाल स्टेडियम अंबाला में बनाया गया है। वहां पर फुटबाल खेल को दोबारा से जिंदा करने का काम हुआ है। विज ने खेल नीति पर बोलते हुए कहा कि मैं जब पिछले कार्यकाल में खेल मंत्री था तो मैंने खिलाड़ियों को बिठाकर हरियाणा की खेल नीति को बनाने का काम किया। क्योंकि नीतियां बनाने में कई बार गैप रह जाता है और इस गैप को पाटने के लिए मैंने हितधारकों अर्थात खिलाड़ियों को भी शामिल किया।

### विशेष खिलाड़ियों को मुख्यधारा में लाने के हों प्रयासः नड्डा

**विशेष** ओलंपिक भारत की चेयरपर्सन मल्लिका नड्डा ने जर्मनी के बर्लिन में विशेष ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स- 2023 में भाग लेने जा रहे खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां 16 खिलाड़ी और कोच उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक दिव्यांग तक पहुंचना है। विशेष ओलंपिक भारत ने इस मूवमेंट में पूरा सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि 190 देश विशेष ओलंपिक में हैं। जिसमें 15 लाख पंजीकृत एथलीट हैं। उन्होंने कहा कि बर्लिन में आयोजित होने वाले खेलों में 198 खिलाड़ी 16 प्रकार के खेलों में भाग लेंगें। इन खेलों में भाग लेने के बाद यह खिलाड़ी 27 जून को वापसी करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि लगभग 200 खिलाडियों में से 150 खिलाड़ी मेडल लेकर अवश्य आएंगें। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान करते हुए कहा कि इन विशेष खिलाड़ियों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रत्येक वगज् को प्रयास करना चाहिए।

**विशेष खिलाड़ी देश की पहचान बनें: धनखड़**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि ये विशेष खिलाडी देश की पहचान बनें और प्रगति में सहभागी बनें, जिसके लिए विशेष ओलंपिंक भारत का एक महती प्रयास है। उन्होंने मल्लिका नडडा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे विशेष बच्चों में सर्वश्रेष्ठ निकालना असाधारण है क्योंकि ये चुनौती से सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करते हैं। उन्होंने इन विशेष खिलाड़ियों को अपनी ओर से बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि बर्लिन से विजयी होकर आए और आईकोनिक होकर आएं।

## पितृत्व लाभ योजना में ले सकते हैं 21 हजार रुपये की सहायता

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के श्रमिक वर्ग के लिए विभिन्न योजनाओं चलाई गई हैं। असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत श्रमिकों के लिए हरियाणा पितृत्व लाभ योजना शुरू की गई। इस योजना के तहत सभी पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के जन्म पर 21 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस योजना के लाभ लेने के लिए सभी असंगठित वर्ग के श्रमिकों का पंजीकरण होना आवश्यक होगा। इसके बाद वो हरियाणा पितृत्व लाभ योजना में आवेदन कर सकते हैं।

इसके लिए उन्हें योजना की आधिकारिक वेबसाइट एचआरवाईलेबरडॉटजीओवीडॉटइन पर जाकर आवेदन करना होगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि पितृत्व लाभ योजना के तहत हरियाणा के पंजीकृत श्रमिका के लिए उनकी पत्नी और बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य और बेहतर खानपान के लिए ये योजना लायी गई है। इससे गरीब श्रमिक के बच्चे और पत्नी को भी बेहतर पोषण मिल सकेगा। जो सामान्य स्थिति में बहुत से श्रमिकों के लिए अपने परिवार को ये सब उपलब्ध कराना मुश्किल होता है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा चलाई गयी इस योजना-पितृत्व लाभ योजना के जरिये श्रमिकों के बच्चे और पत्नी को उचित पोषण मिल जाएगा।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म तीन दिन में शहर को करेंगे साफ

## यूनियन प्रतिनिधियों ने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का किया वायदा

### निगमायुक्त ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने बारे संबंधित को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम नगर निगम कार्यालय में हड़ताली सफाई कर्मचारी यूनियन के नेताओं से बात करते निगमायुक्त पीसी मीणा।

**नगर** निगम गुरुग्राम के हड़ताल सफाई कर्मचारियों के नेताओं की निगम आयुक्त पीसी मीणा के साथ बैठक हुई। जिसमें पिछले काफी दिनों से चली आ रही हड़ताल को लेकर चर्चा हुई। बैठक के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा की। अब अगले तीन दिन में पूरे शहर से गंदगी उठाकर शहर को साफ करने का कर्मचारियों ने वायदा किया है।

बैठक में निगमायुक्त पीसी मीणा ने ने कर्मचारियों की सूचीबद्ध मांगों को ध्यानपूर्वक सुना। निगम के स्तर पर समाधान होने वाली मांगों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिन मांगों पर निर्णय सरकार के स्तर पर है, उनके बारे में वे उच्च अधिकारियों से बातचीत करेंगे। बैठक में 2019 की पॉलिसी के तहत वंचित रहे कर्मचारियों को निगम रोल पर करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार, लेखा शाखा के अधिकारी, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक तथा यूनियन के एक प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। यह कमेटी वंचित रहे कर्मचारियों को निगम रोल पर करने की प्रक्रिया करेगी। इसके अलावा पक्के हाजरी स्थान पीने के पानी व शौचालय की व्यवस्था सहित बनाने, सफाई संसाधन एवं सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाने, मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को देय लाभ 15 दिन के भीतर देने, प्रत्येक 6 माह में कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच करवाने, प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन देने के बारे में संबंधित अधिकारियों को निगमायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से संबंधित मामलों के बारे में निगमायुक्त ने कहा कि वे जल्द ही पीएफ कमिश्नर के साथ बैठक करेंगे, जिसमें संबंधित अधिकारीगण तथा यूनियन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। पीएफ से संबंधित जितने भी मामले हैं, उनका समाधान निकाला जाएगा। कर्मचारियों को सफाई संसाधन तथा सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए निगमायुक्त ने मौके पर ही सहायक अभियंता को टेंडर करने निर्देश दिए।

# अशोक विहार फेस-3 में मुकेश शर्मा ने सुनी समस्याएं

## वरिष्ठ नेता मुकेश शर्मा को स्थानीय लोगों का भरपूर समर्थन व सहयोग मिल रहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के अशोक विहार फेज-3 में लोगों को संबोधित करते मुकेश शर्मा पहलवान।

**भाजपा** प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य व प्रमुख समाजसेवी मुकेश शर्मा पहलवान गुरुग्राम विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। वरिष्ठ नेता मुकेश शर्मा को स्थानीय लोगों का भरपूर समर्थन व सहयोग मिल रहा है।

अपने जनसंपर्क के दौरान जहां वे स्थानीय समस्याओं को उठाकर प्रशासन के सहयोग से समाधान करा रहे हैं, वहीं भाजपा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। अपने जनसंपर्क अभियान के तहत मुकेश शर्मा पहलवान ने अशोक विहार फेस-3 में लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान लोगों ने विभिन्न समस्याओं के अलावा 900 मीटर एयर फोर्स जमीन विवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है, जिसका समाधान प्रदेश सरकार व प्रशासन के सहयोग से शीघ्र कराया जाएगा। वह इस मुद्दे को केंद्रीय रक्षामंत्री व प्रदेश सरकार के समक्ष रखकर समाधान कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने जमीन विवाद से उठकर जनांदोलन बन रहे इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए शीघ्र ही जनहित में उचित निर्णय लेने की बात कही। बैठक में गुरुग्राम को भी पीजीआई से सुसज्जित करने की मांग को अपना पूरा समर्थन देते हुए सभी स्थानीय निवासियों ने अपना विश्वास और समर्थन मुकेश शर्मा के प्रति समर्पित किया।

## गुरुग्राम के समग्र विकास के लिए मेट्रो परियोजना अहमः सुधीर सिंगला

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम के समग्र विकास के लिए मेट्रो की यह नई परियोजना अहम और खास होगी। अगले चार साल में यह प्रोजेक्ट पूरा होते ही पुराना गुरुग्राम मेट्रो की सेवा से जुड़ जाएगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की गुरुग्राम की जनता आभारी है।

इस पूरी परियोजना पर 5452 करोड़ रुपये की लागत आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा गुरुग्राम में मेट्रो के विस्तार का जो निर्णय लिया गया, वह ऐतिहासिक निर्णय है। वर्षों पूर्व दिल्ली की दहलीज लांघकर मेट्रो गुरुग्राम जरूर पहुंची, लेकिन उसका फायदा पुराने गुरुग्राम को नहीं हुआ। अब तक यहां के लोगों को हुडा सिटी सेंटर या एमजी जाकर मेट्रो लेनी पड़ती है। केंद्र सरकार ने यह अच्छा निर्णय लिया है कि पुराने गुरुग्राम को मेट्रो से जोड़ा जाए।

## महाकालेश्वर गोशाला हेड़ा हेड़ी में लगा मेडिकल कैंप



**गुरुग्राम।** ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन व गुड़गांव विकास मंच के सौजन्य से महाकालेश्वर गोशाला हेड़ा हेड़ी में मेदांता अस्पताल के सहयोग से एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन महंत राज गिरीजी महाराज ने किया। संस्था के प्रमुख अजय शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर 127 मरीजों की नि:शुल्क जांच की गई। जिसमें मुख्य रूप से ईसीजी, बीपी, रेंडम, शुगर, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, वरिष्ठ महिला डॉक्टरों की देखरेख में मेडिकल कैंप को सफल बनाया गया। अजय शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा 27वां मेडिकल कैंप लगाया गया है। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र अत्री, राकेश वशिष्ठ, ब्राह्मण सभा पाटोदी अध्यक्ष रामचंद्र भारद्वाज, देशबंधु व्यास भौडा कला, रमेश दहिया बसई, प्रवीण शर्मा पहाड़ी, मुकेश शर्मा जाटोली, प्रबंधक देशराज, डॉक्टर सोनू, डॉ विनय सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सेव अर्थ मिशन के तहत वैश्विक सामुदायिक रेलियों का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**मिशन में 68 देशों के 1500 प्रतिनिधि शामिल, पृथ्वी को बचाने के प्रयासों को जन जन तक पहुंचाने की पहल**

**जलवायु** परिवर्तन के साथ पृथ्वी पर बढ़ रहे खतरे से निपटने की आज जहां जरूरत है उसे ध्यान में रखते हुए विश्व पर्यावरण दिवस को केंद्र में रखते हुए सेव अर्थ मिशन ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ मिशन की शुरुआत की है।

इस मिशन में 68 देशों के 1500 से प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सेव अर्थ मिशन विश्वभर में 10 मिलियन से अधिक लोगों से बना एक समुदाय है, जिनका लक्ष्य पृथ्वी को बचाना है। सेव अर्थ मिशन द्वारा पृथ्वी को बचाने के लिए की जा रही प्रवृत्तियों (प्रयासों) में पौधा रोपण अभियान, प्लास्टिक विरोधी अभियान, पौधों के लिए बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग और कम कार्बन वाली जीवन शैली के बारे जागरूकता बढ़ाना आदि शामिल हैं। जहां जहां सेव अर्थ मिशन समुदाय की उपस्थिति है वहां पर यह कार्य किया जा रहा है। सेव अर्थ मिशन के वैश्विक संस्थापक संदीप चौधरी ने बताया कि यह खुद को और दूसरों को याद दिलाने का बेहतर अवसर है कि पृथ्वी ही एक मात्र घर है और हमें इसे बचाने के लिए अपनी शक्ति लगानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत में पायलट परियोजना के सफल समापन के बाद, सेव अर्थ मिशन अहमदाबाद में अपनी तरह का एक ग्रैंड टेक ऑफ कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है, जिसमें 68 देशों के प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल में सरकारी अधिकारी, सेव अर्थ मिशन के राजदूत, कार्यकर्ता, लेखक, पत्रकार, मशहूर हस्तियां, उद्योगपति, युवा उद्यमी, पर्यावरण प्रभावित करने वाले और खिलाड़ी शामिल हैं।

## पीएम मोदी ने गुरुग्राम को दी मनोहर सौगात : उषा प्रियदर्शी शर्मा

**गुरुग्राम।** भाजपा ओबीसी विभाग की प्रदेश उपाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी शर्मा ने कहा कि पुराने गुरुग्राम को मेट्रो से जोड़ने के लिए नए रूट को मंजूरी देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुग्राम वासियों को मनोहर सौगात दी। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी आभार जताया।

भाजपा नेत्री ने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार के समय से ही पुराने गुड़गांव को मेट्रो से जोड़ने की मांग उठाई जा रही थी, लेकिन तब कोई सुनने वाला नहीं था। लेकिन आज केंद्र में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मनोहर लाल की जोड़ी ने न सिर्फ अपने चुनाव पूर्व किए वादे को पूरा किया है, बल्कि कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष को आईना भी दिखाया है कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। उषा प्रियदर्शी ने कहा कि गुरुग्राम शहर की एक बड़ी आबादी तक मेट्रो की कनेक्टिविटी से जहां रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे वहीं शहर के विकास को और ज्यादा गति भी मिलेगी।

# पुराने गुरुग्राम में मेट्रो का विस्तार देगा विकास को रफ्तार : गोयल

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुग्राम को दिया है अमूल्य तोहफा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नवीन गोयल

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने नए-पुराने गुरुग्राम के बीच मेट्रो कनेक्टिविटी के नए रूट को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस कार्य के लिए प्रमुखता से केंद्र के समक्ष बात रखी। आज गुरुग्राम के लिए बहुत बड़ा खुशी का दिन है।


नवीन गोयल ने कहा कि नए गुरुग्राम से शुरू होकर पुराने गुरुग्राम होते हुए वापस नए गुरुग्राम के दूसरे छोर तक मेट्रो की यह कनेक्टिविटी हर मायने में अहम होगी। यहां रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। दिल्ली की तरह अब गुरुग्राम के आंतरिक क्षेत्र मेट्रो दौड़ेगी, यह हर गुरुग्रामवासी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम के चहुंमुखी विकास के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर जो कार्य किए हैं, वे मील के पत्थर साबित हुए हैं। चाहे यहां से मुंबई, द्वारका से गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे की बात हो या फिर अन्य सड़कें हों। हर काम को जल्द से जल्द पूरा कराकर यह साबित कर दिया है कि हम विकास की बात नहीं बल्कि विकास के काम भी पूरे करते हैं। नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मेट्रो के लिए किए गए सच्चे प्रयासों के लिए तहेदिल से स्वागत और धन्यवाद करते हुए कहा कि वे विकास पुरुष बनकर गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा के विकास को पंख लगा रहे हैं। उनका नेतृत्व ही हरियाणा की तरक्की की अब गारंटी कहा जा सकता है। उन्होंने हका कि गुरुग्राम से हुडा सिटी सेंटर के बीच नई मेट्रो लाइन तथा द्वारका एक्सप्रेसवे को जोडने् के लिए एक स्पर लाइन की घोषणा भी अहम है। अब मेट्रो मुख्य रूट पर चलते हुए स्पर लाइन के माध्यम से द्वारका एक्सप्रेस-वे से भी जुड़ जाएगी, वहां पर सेक्टर-101 में मेट्रो स्टेशन तय किया गया है।

केंद्र सरकार की ओर से तय किए मेट्रो रूट की जानकारी देते हुए नवीन गोयल ने बताया कि अब तक तो मेट्रो दिल्ली से आकर हुडा सिटी सेंटर पर खत्म हो जाती है। अब इस रूट का विस्तार होने जा रहा है। नया मेट्रो रूट हुडा सिटी सेंटर से आगे सेक्टर-45, साइबर पार्क, डिस्ट्रिक्ट शॉपिंग सेंटर सेक्टर-47, सुभाष चौक, सेक्टर-48, सेक्टर-72ए, हीरो होंडा चौक, उद्योग विहार फेज-6, सेक्टर-10, सेक्टर-37, बसई गांव, सेक्टर-101, सेक्टर-9, सेक्टर-7, सेक्टर-4, सेक्टर-5,अशोक विहार, सेक्टर-3, बजघेड़ा रोड, पालम विहार एक्सटेंशन, पालम विहार, सेक्टर-23ए, सेक्टर-22, उद्योग विहार फेज-4, उद्योग विहार फेज-5 और साइबर सिटी तक का होगा।

# पेंट्स ने महेश बाबू को ब्रांड एंबेसडर बनाया

### 12-18 महीनों में तेलुगु राज्यों में 25% बाजार हिस्सेदारी का लक्ष्य : फॉर्च्यून ग्रुप के संस्थापक अकुरी श्रीनिवास रेड्डी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**हैदराबाद** स्थित टेक्नो पेंट्स ने बुधवार को फिल्म अभिनेता महेश बाबू को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। वह दो साल की अवधि के लिए कंपनी के ब्रांड एंबेसडर होंगे।

''पिछले 22 वर्षों से, हम बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) सेगमेंट में क्वालिटी वाले पेंट और पेंटिंग सेवाओं की पेशकश करने में सफल रहे हैं। हमने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और देश के बाकी हिस्सों में 1,000 से अधिक प्रोजेक्ट्स को पूरा किया है।

यूथ आइकॉन के रूप में प्रिंस महेश बाबू की छवि हमारी कंपनी को विस्तार करने में मदद करेगी। टेक्नो पेंट्स ब्रांड के मालिक फॉर्च्यून ग्रुप के फाउंडर अकुरी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, ''हम भारतीय रिटेल पेंट बाजार में खुद को स्थापित करने के लिए बेहद आश्वस्त हैं।''

**25 फीसद बाजार हिस्सेदारी पर नजर :** श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, हम तेलुगु राज्यों में 12,000 करोड़ रुपये के पेंट इंडस्ट्री में 25 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी को टारगेट कर रहे हैं।

''हम 12-18 महीनों में इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। हमारे प्रोडक्ट 5,000 टच पॉइंट्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। हम पहले से ही 2,000 रंगों के पेंट बना रहे हैं। हमने हाल ही में 1,000 रंगों को जोड़ा है। ग्राहकों को जो भी रंग चाहिए, उसकी तुरंत आपूर्ति करने के लिए हमने कलर बैंक की शुरुआत की। केवल मुलती नेशनल कंपनियां ही यह सुविधा दे रही थी। हमने हाल ही में वुड एडहेसिव, टाइल प्राइमर, वुड पॉलिश, वाटर प्रूफिंग कंपाउंड जैसे प्रोडक्ट्स भी लांच किए हैं।''

**तेजी से डिलीवरी :** पेंट की समय पर सप्लाई प्रदान करने के लिए टेक्नो पेंट्स ने 25 डिपो स्थापित किए। ''हमने पाटनचेरु में 50,000-वर्ग फीट सेंट्रल वेयरहाउस सुविधा स्थापित की है। वर्तमान में, हमारे पास 1 लाख मीट्रिक टन की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता है। आंध्र प्रदेश के पलनाडु और विशाखापत्तनम में और ओडिशा में भी हमारे नए प्लांट अगले साल प्रोड्कशन शुरू कर देंगे। इसके साथ, श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, हमारी क्षमता बढ़कर 2.5 लाख मीट्रिक टन हो जाएगी।

**सरकार से बड़े प्रोजेक्ट्स :** हाल ही में, टेक्नो पेंट्स को तेलंगाना सरकार से एक बढ़ा प्रोजेक्ट मिला है। इसके तहत कंपनी ने माना ओरू-माना बाड़ी और मन बस्ती-माना बाड़ी प्रोजेक्ट के तहत 26,065 स्कूलों की पेंटिंग का काम अपने हाथ में लिया। कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में 80 से अधिक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स को पूरा किया और अभी 140 प्रोजेक्ट्स हाथ में हैं। टेक्नो पेंट्स में 250 कर्मचारी हैं और लगभग 4,000 पेंटर इसके लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से काम कर रहे हैं। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में सॉल्वेंट बेस्ड इनेमल पेंट्स का प्रोडक्शन शुरू किया था। यह इटली स्थित रियाल्टो कलर्स के सहयोग से विशेष टेक्सचर, फिनिश का निर्माण कर रहा है।

# हनुमान चालीसा पाठ का आंकड़ा हुआ दो लाख के पार



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### हनुमान चालीसा अद्भुत और अनुकरणीय ज्ञान का भंडार : बोधराज सीकरी

**शक्ति** पीठ मंदिर, सेक्टर-30, 31, 40, 41, जलवायु विहार एवं साउथ सिटी में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। गजेंद्र गोसाईं ने बोधराज सीकरी की अगुवाई में संगीतमय ढंग से हनुमान चालीसा का पाठ किया।

इस अवसर पर कुल 225 लोगों ने 21-21 बार पाठ का पठन भक्तिमय तरीके से किया। अब तक हनुमान चालीसा का पाठ दो लाख के पार हो गया है। बोधराज सीकरी ने कहा कि हनुमान चालीसा अद्भुत और अनुकरणीय ज्ञान का भंडार है। जीवन को सार्थक और सफल करना है तो हमें हनुमान जी के आदर्श जीवन, उनकी भक्ति से शिक्षा लेनी होगी। साथ ही इस ज्ञान के भंडार को भावी पीढ़ी को भी अवगत कराना होगा, ताकि युवा संस्कारवान बन सकें और समाज सदैव सन्मार्ग की ओर अनुगमन करें। गजेंद्र गोसाईं ने हनुमान चालीसा के पाठ को संगीत का साथ लेकर गायनमय तरीका अपनाकर समा बांधा। पंडित भीम दत्त, ओमप्रकाश कथूरिया, सीबी मनचंदा, एसके खुल्लर, अशोक आर्या, रामलाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, ओपी चुटानी, सुभाष गांधी, सुभाष नागपाल, रवि मनोचा, समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# फोनपे ग्रुप ने अकाउंट एग्रीगेटर सेवाओं की शुरुआत की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फोनपे** ग्रुप ने हाल ही में आबीआई से एनबीएफसी-एए लाइसेंस प्राप्त किया साथ ही वह अपने पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक फोनपे टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (पीटीएसपीएल) के माध्यम से अपने अकाउंट एग्रीगेटर (एए) सेवाओं के लॉन्च की भी घोषणा की।

फोनपे के सह-संस्थापक और सीटीओ राहुल चारी ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, कि ''एकाउंट एग्रीगेटर सर्विस की लॉन्चिंग फोनपे ग्रुप को डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में सबसे आगे रखा है, जिसका मिलियन भारतीयों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। यह उपयोगकर्ताओं को वित्तीय सेवाओं के साथ जुड़ने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए, अपने वित्तीय डेटा तक एक्सेस करने और नियंत्रित करने के लिए भी सशक्त करेगा। अकाउंट एग्रीगेटर नेटवर्क डिजिटल कनेक्टिविटी के एक नए युग के लिए प्लैटफॉर्म तैयार करता है, जहां व्यक्ति सूचित वित्तीय निर्णय लेने और अवसरों की जगत को अनलॉक करने के लिए अपनी जानकारी के अधिकार का उपयोग कर सकते हैं।''

पीटीएसपीएल की अकाउंट एग्रीगेटर सेवा भारतीय उपभोक्ताओं को उनके सभी वित्तीय डेटा की सहमति और उन्हें साझा करने की अनुमति देगी, साथ ही बैंक विवरण, बीमा पॉलिसी और विनियमित वित्तीय संस्थानों या एफआईयूएस (फाइनेंशियल इंफॉर्मेशन यूजर) के साथ कई उपयोग के मामलों जैसे कि ऋण के लिए आवेदन करना, नया बीमा खरीदना, निवेश सलाह प्राप्त करना आदि की भी अनुमति देगी। उपभोक्ता सीधे **एए.फोनपे.कॉम** से या फोनपे ऐप से ही किसी भी चल रही डेटा सहमति का अनुरोध, रोक या निरस्त कर सकते हैं।

लॉन्च के एक हिस्से के रूप में, पीटीएसपीएल पहले से ही कई वित्तीय सूचना प्रदाताओं (एफआईपी) जैसे यस बैंक, फेडरल बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, आदि के साथ एकीकृत हो चुका है। बड़े बैंकों सहित कई अन्य एफआईपीएस के जून के अंत से पहले एकीकृत होने की संभावना है। पीटीएसपीएल ने स्नब्ध मार्केट के लिए अपना प्रोडक्ट सूट और एपीआईएस भी लॉन्च किया है, और वह विनियमित वित्तीय संस्थानों (एफआईयूएस) के साथ एकीकरण की प्रक्रिया में है ताकि वे यूजर के एफआईपी से रीयल-टाइम डेटा प्राप्त करने के लिए अपने यूजर से सहमति लेना शुरू कर सकें।

उपभोक्ताओं को नए अकाउंट एग्रीगेटर सेवा के बारे में जल्द और सरल तरीके से जानकारी प्रदान करने के लिए, पीटीएसपीएल ने फोनपे प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया है, तथा साथ ही यह फोनपे उपभोक्ता ऐप के भीतर एक एए माइक्रो-ऐप भी प्रदान किया गया है। यह फोनपे यूजर को रजिस्टर करने और एक नया इंटरऑपरेबल एए हैंडल क्रिएट करने की अनुमति देता है। फोनपे यूजर फोनपे ऐप के होमपेज पर 'चेक बैलेंस' विकल्प पर अपने बैंक स्टेटमेंट को तुरंत एक्सेस करने में सक्षम होंगे।

# पंजाब से छत्तीसगढ़ जा रही थी एक हजार पेटी से अधिक शराब

## पलवल पुलिस का वर्ष 2023 की अवैध शराब तस्करी पर सबसे बड़ा प्रहार

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**पुलिस** ने एक ट्रक चालक से 1050 पेटी अवैध शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। यह शराब पंजाब से छत्तीसगढ़ ले जाई जा रही थी। जिसकी अनुमानिक कीमत करीब 60 लाख बताई जा रही है। एडिशनल एसपी पलवल जसलीन कौर ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ पलवल प्रभारी उप निरीक्षक हनीश खान की टीम ने पंजाब से छतीसगढ शराब की 1050 पेटियों को ले जा रहे ट्रक व उसके चालक को काबू किया है। यह शराब तस्करी का वर्ष 2023 का सबसे बड़ा मामला है।

डिटेक्टिव स्टाफ पलवल में तैनात हेड कांस्टेबल शमीम खान अपनी टीम के साथ टोल टैक्स निकट अलीगढ़ रोड पर मौजूद थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि एक ट्रक में भारी मात्रा में पंजाब से अवैध शराब भरकर छत्तीसगढ के लिए जा रही है। सूचना पर चांदहट थाना अंतर्गत टीम द्वारा केजीपी एक्सप्रेसवे पर टोल टैक्स के निकट नाकाबंदी की गई। थोड़ी देर बाद एक कंटेनर ट्रक गाजियाबाद से पलवल की तरफ आता दिखाई दिया। जिसके चालक ने पुलिस नाका देख ट्रक को पहले ही रोक कर भागने की कोशिश की, पुलिस पार्टी ने उसको धर दबोचा। ट्रक चालक की पहचान बलजिंद्र सिंह निवासी गांव अरीका तहसील पट्टी थाना अरीका जिला तरनतारन पंजाब के रूप में हुई। टीम द्वारा जब ट्रक में लोड सामान के बारे में चालक से बिल कागजात मांगा गया तो उसने एक ई वे बिल ट्रक में सिर्थेटिक थर्मोप्लास्टिक मैटेरियल होने के बारे में पेश किया।


पुलिस की गिरफ्त में शराब तस्कर व ट्रक से बरामद शराब

लेकिन ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें 517 पेटी अद्धा मार्का इंपीरिअल ब्लू, 533 पेटी पव्वा मार्का इंपीरिअल ब्लू कुल 1050 पेटी पाई गई। बरामद शराब संबंधी लाइसेंस व परमिट मांगा गया तो वह पेश नहीं कर सका। ट्रक चालक ने गहन पूछताछ में गाड़ी मालिक की मिलीभगती से ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए शराब तस्करी के इस अवैध कार्य को करना बताया। इस संबंध में बरामद अवैध शराब एवं ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी बलजिन्द्र व गाड़ी मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी चालक को कोर्ट में पेश कर उसे शराब तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने के लिए रिमांड पर लिया जाएगा। ताकि अवैध नशा तस्कर गैंग का खुलासा हो सके।

### एक सप्ताह पहले पकड़ी थी 510 पेटी

**अभी** करीब एक सप्ताह पहले एक जून को भी सीआईए पलवल ने इसी रास्ते से इसी तरह पंजाब के संगरूर से बिहार ले जाई जा रही करीब 30 लाख रूपये की अंग्रेजी शराब की 510 पेटियों सहित ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया था।



# किसान यूनियन चढ़ूनी ने की कुरुक्षेत्र में लाठीचार्ज की निंदा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**जिला** सचिवालय पलवल में भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिलाध्यक्ष पलवल ऋषिपाल चौहान अटोहां ने मीटिंग ली। जिसकी अध्यक्षता गंगा लाल सौरोत व मंच संचालन राहुल तंवर पृथला ने किया। मीटिंग में शाहाबाद कुरुक्षेत्र में किसान नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी व किसानों पर हुई लाठीचार्ज निंदा की गई।

भारतीय किसान चढूनी के साथ-साथ संयुक्त किसान मोर्चा पलवल के सभी संगठनों ने भारतीय किसान यूनियन चढूनी व किसानों का साथ देने के लिए आश्वासन दिया है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय सचिव रतन सिंह सौरोत ने भारतीय किसान मजदूर राष्ट्रवादी यूनियन के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष केपी सिंह सौरोत, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी तेवतिया व कुमरपाल ने भी आश्वासन दिया। जब तक सरकार किसानों की फसलों का एमएसपी की गारंटी नहीं देती है, तब तक सभी किसान यूनियन सरकार का विरोध करते रहेंगे।

किसानों की सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी का जो सरकार ने वादा किया था, उससे सरकार मुकर रही है। किसानों की फसलों को कम रेट में बिकवाने का काम कर रही है। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी का जो भी निर्देश होगा, उसी पर कार्यकर्ता काम करते रहेंगे। मीटिंग में लाल सिंह कुंडू, अशोक कुमार लीखी, रामबीर रावत, प्रकाश रावत, सुमेर सिंह कुंडू, प्रदीप कुमार, गिर्राज सिंह चिरवाड़ी, मुनेश पांचाल, जिले सिंह जाखड़ आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### योग शिविर में कराया आसन व प्राणायाम का अभ्यास



**फरीदाबाद।** गांव अटाली के बलिदानी शहीद संदीप सिंह खेल परिसर में सात दिवसीय योग शिविर के दौरान पतंजलि के पदाधिकारी रामचरण, योगाचार्य इंदरजीत सिंह व योगाचार्य अजय शास्त्री ने ग्रामीणों को योग कराया। शिविर में योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, शरीर में मौजूद आठ चक्र तथा नौ द्वारों के बारे में जानकारी दी। योग साधकों ने बताया कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा है, जो हमारी संस्कृति की अमूल्य देन है। योग अभ्यास करने से शरीर, मन, विचार एवं कर्म आत्मसंयम एवं पूर्णता की एकात्मकता और मानव व प्रकृति के बीच सामंजस्य प्रदान करता है। योग से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। योग के माध्यम से आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव करना चाहिए। सुबह जल्दी उठें, योग करें और शाकाहारी भोजन करें। योग के माध्यम से निरोग रह सकते हैं। योगाचार्य इंदरजीत सिंह व अजय शास्त्री ने बताया कि योग गुरू बाबा रामदेव के दिशानिर्देशानुसार एवं राज्य प्रभारी राजेश भाटी के मार्गदर्शन में गांव अटाली के सैकडों लोगों ने योग शिविर का लाभ उठाया है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम के हजारों सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों ने निगम के पैंशन सैल को सुदृढ़ करने व इस सैल में कम से कम पांच नियमित कर्मचारियों को पदस्थ करने की मांग की है। निगम मुख्यालय में एक सभा का आयोजन किया और फिर निगम प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए निगमायुक्त जितेन्द्र दहिया से समस्याओं का निदान करने की मांग की है। नगर निगम रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता हंसराज गंभीर ने सभा की अध्यक्षता की। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रादेशिक नेता यूएम खान और वरिष्ठ कर्मचारी नेता रतन लाल रोहिल्ला ने सेवानिवृत कर्मचारियों की सभा को संबोधित करते हुए निगम की लेखा शाखा के अधिकारियों पर नगर निगम के सेवानिवृत कर्मचारियों व फैमिली पैंशनरों को जानबूझकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि नगर निगम के रिटायर्ड कर्मचारियों की समस्याओं का निवारण शीघ्र नहीं किया गया तो ये वरिष्ठ नागरिक नगर निगम प्रशासन और केनरा बैंक प्रबंधन के विरूद्ध आंदोलन शुरू कर देंगे। जिसकी घोषणा फरीदाबाद नगर निगम रिटायर्ड कर्मचारी संघ के बहुत जल्दी आयोजित किये जाने वाले विशाल सम्मेलन में कर दी जायेगी। सभा को कर्मचारी नेता खजान सिंह, अशोक कुमार वधवा, अमर सिंह एसडीओ, सरदार हरपाल सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

### अवैध रेती से भरी बोलरो गाड़ी सहित किया काबू

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए तिगांव थाना प्रभारी दलबीर सिंह व उनकी टीम ने अवैध रेता चोरी के मुकदमे में एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि तिगांव पुलिस ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी ओमबीर उर्फ लल्लन को रेत से भरी हुई बोलेरो पिकअप गाड़ी सहित काबू किया है। पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी अपनी गाड़ी में रेत चोरी करके लेजाने की फिराक में है जिस पर उपनिरीक्षक गजेंद्र व सिपाही हितेश की टीम गठित करके उन्हें मौके पर भेजा गया जिन्होंने आरोपी को काबू कर लिया।

# महिला महाविद्यालय की 22 छात्राओं का विभिन्न कंपनियों में हुआ चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजकीय** महिला महाविद्यालय सेक्टर-16ए फरीदाबाद के बीबीए एवं बीकॉम की 22 छात्राओं का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ। छात्राओं की इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने जॉब हासिल करने वाली सभी छात्राओं एवं महाविद्यालय के प्लेसमेंट सैल सदस्यों को बधाई दी तथा उनके प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने बताया कि सत्र 2022-23 में प्लेसमेंट सैल द्वारा अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए पर्सनेल्टी डेवलेपमेंट पर विभिन्न सेमिनार एवं वर्कशॉप का आयोजन करवाया गया। इसके पश्चात राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 गुरुग्राम में रोजगार मेले का आयोजन हुआ था। जिसमें महाविद्यालय के बीकॉम एवं बीबीए



की 12 छात्राओं का आईसीआईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर, सात छात्राओं को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में चयन हुआ है। वहीं दो छात्राओं का किरन सोलर में मार्केटिंग एवं सेल्स एक्जिक्यूटिव के पद पर चयन हुआ है। वहीं एक छात्रा का इंजिनियरिंग कंपनी ग्लोबल लोजिक में कंटेंट एसोसिएट एनालिस्ट के पद पर चयन हुआ है। इस अवसर पर प्लेसमेंट सैल की इंजार्च सोनिया मिनोचा ने सभी छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हलवाई पर फायरिंग करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए तिगांव थाना प्रभारी दलबीर सिंह व उनकी टीम ने एक सप्ताह पहले अमीपुर फार्म हाउस में हलवाई पर फायरिंग करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में संजय कुमार तथा विकास उर्फ रविंद्र का नाम शामिल है। आरोपी संजय बुलंदशहर तथा आरोपी विकास मेरठ एरिया का रहने वाला है। 31 मई को अमीपुर सैनिक फार्म हाउस तिगांव में बर्थडे पार्टी का आयोजन किया गया था जिसमें हलवाई प्रवेश कुमार को खाना बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। रात करीब 8 बजे आरोपी संजय जो फार्म हाउस में केयरटेकर का काम करता है खाना लेने के लिए आया था। उसने हलवाई से 10-12 आदमी का खाना पैक करने के लिए कहा जिसपर हलवाई ने सब्जी पैक कर दिया।

# महिला आईटीआई में पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**विकास** वास्तव में आज समय की एक बड़ी आवश्यकता है, परंतु इसके लिये प्राकृतिक साधनों से छेड़छाड़ व पर्यावरण विरूद्ध कार्य नहीं होने चाहिए। हम सभी को पता है कि पर्यावरण का अर्थ पौधे, वृक्ष, नदी, जंगल व वन हैं। हमें प्राकृतिक स्रोतों व साधनों पर ध्यान देना चाहिए और जितना हो सके प्रकृति के हित में कार्य करना चाहिए।

डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर राजकीय महिला आईटीआई सेक्टर-18 में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते कहा कि पर्यावरण के लिये वृक्षों को काटने से रोका जाना जरूरी है। वनीय क्षेत्र में निर्माण इत्यादि के समय पर्यावरण हित के लिये कदम उठाए जाने चाहिएं। आपने कहा कि अच्छी हवा, पानी और वातावरण साफ होना चाहिए, ताकि न केवल हमारा बल्कि भावी पीढ़ी का हित हो सके। मल्होत्रा ने बताया कि 1972 में युनाईटिड नेशन एसेंबली ने स्टाक होम स्वीडन में 119 देशों के एक सम्मिट में पर्यावरण के लिये महत्वपूर्ण तथ्यों को सामने रखा गया और इसके बाद पांच जून 1974 को पहला पर्यावरण दिवस मनाया गया। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रीजनल आफिसर स्मिता कनोडिया ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण को लेकर जो चुनौतियां सामने आ रही हैं। उसके लिये विद्यार्थियों को वालंटियर बनकर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। आपने डोर टू डोर क्लीननैस ड्राइव चलाने, पौधोरोपण करने, प्लास्टिक से इंकार करने, पानी बचाने, बेस्ट डिस्पोजल के लिये उचित प्रबंध करने को आवश्यक करार दिया। इसके साथ ही कनोडिया ने उन पर्यावरण जीवों के संरक्षण के लिये कदम उठाने का आह्वान किया जो आज रेयर कैटीगिरी में पहुंच गये हैं।

# गरीब कल्याण को समर्पित रहा मोदी सरकार का नौ सालों का कार्यकाल : कृष्णपाल गुर्जर

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने गांव कैली में किया भाजपा नेता दीपक डागर के कार्यालय का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार का नौ सालों का कार्यकाल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित रहा है।

मोदी सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र को चरितार्थ कर जन कल्याण के लिए अनेक योजनाओं को लागू कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक 100 फीसदी लाभ पहुंचाने का काम किया है और इन नौ सालों में भारत देश का पूरे विश्व में डंका बजाने का श्रेय भी प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों को ही जाता है। श्री गुर्जर गांव कैली में पृथला क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर के कार्यालय का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर दीपक डागर के संयोजन में क्षेत्र के कोने-कोने से आए मौजूद लोगों ने केंद्रीय मंत्री का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पिछले नौ सालों में भाजपा सरकार ने देश-प्रदेश में विकास कार्यों के नए आयाम स्थापित किए हैं। किसान, गरीब, पिछड़े, दलित सहित आम आदमी के हितों में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की गई है।


कार्यालय का उद्घाटन करते कृष्णपाल गुर्जर।

# 76 वर्ष के बेसहारा बुजुर्ग को आश्रम में मिला सहारा



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बेसहारा** बुजुर्गों को आश्रय देने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक में बेसहारा बुजुर्गों के आने का सिलसिला जारी है।

आज आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को पेनॅल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता (डीएलएसए) ने फोन पर सूचना देकर बताया कि बादशाह खान अस्पताल के गेट पर एक बुजुर्ग लावारिस हालत में बदहवास बैठा है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग को उठाकर आश्रम लेकर आए। पूछताछ करने पर बुजुर्ग ने अपना नाम देवी सिंह पुत्र इन्द्रजीत सिंह और आयु लगभग 76 वर्ष बताया। उसने बताया कि 4 वर्ष पूर्व भी वह आश्रम में रहकर जा चुका है उस समय परिजन उसे मनाकर घर ले गाए थे लेकिन मेरी पत्नी का निधन होने के बाद उसके परिवार वालों ने दुबारा उसे घर से निकाल दिया। किशन लाल बजाज ने बुजुर्ग को आश्वासन दिया कि वह आश्रम को ही अपना घर समझें।

## छात्रों व आमजन को साइबर अपराधों के बारे में किया जागरूक

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश व साइबर राहगीरी कार्यक्रम के अंतर्गत एनआईटी, सेंट्रल व बल्लबगढ़ जॉन की पुलिस टीमों ने स्कूल या कॉलेज में छात्रों को साइबर अपराध से संबंधित जानकारियां देकर जागरूक किया तथा इसके पश्चात पुलिस टीम ने छात्रों के साथ मिलकर साइबर जागरूकता रैली निकाली।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हर महीने के पहले बुधवार को पूरे हरियाणा में साइबर राहगीरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसके अंतर्गत पुलिस द्वारा आमजन को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर इससे बचाव के बारे में जागरूक किया जाता है। इसी के तहत आज एनआईटी, सेंट्रल और बल्लभगढ़ जॉन में फरीदाबाद पुलिस ने स्कूल कॉलेज के छात्रों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया।

# अग्रवाल महाविद्यालय के छात्र शुभम बीसला ने निशानेबाजी में लहराया परचम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ के निशानेबाज शुभम बीसला ने भारत का नेतृत्व करते हुए सुहल जर्मनी में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल टीम प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। उसने इसी प्रतियोगिता के मिस्ड डबल में कांस्य पदक पर कब्जा किया।



प्रतियोगिता का आयोजन एक से नौ जून तक सुहल जर्मनी में हो रहा है। इसमें लगभग 14 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने विजेता छात्र शुभम बीसला को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी व कहा कि शुभम आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। प्राचार्य ने इस अविस्मरणीय जीत के लिए निरंतर मेहनत व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय को सफलता का मूलमंत्र बताया और कहा शुभम की इस उपलब्धि के लिए उनके कोच राकेश और दीपक को भी इसका श्रेय जाता है।

साथ ही प्राचार्य ने महाविद्यालय के खेलकूद के संयोजक डॉ. केएल कौशिक, शारिरिक शिक्षक डॉ. जगवीर सिंह व मोहित हुड्डा को भी बधाई दी।

# मोबाइल फोन के अधिक इस्तेमाल से बढ़ता है ब्रेन ट्यूमर का खतरा : डॉ. तरुण शर्मा

**विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मैरिंगो** एशिया अस्पताल से ब्रेन एंड स्पाइन सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. तरुण शर्मा ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर के मामले पहले से बढे हैं। ओपीडी में रोजाना लगभग दो से तीन मरीजों में ब्रेन ट्यूमर की शिकायत देखने को मिलती है। कुछ दशक पहले तक यह बीमारी केवल बुजुर्ग लोगों में देखी जाती थी, लेकिन आजकल 20-25 साल के मरीज भी सिरदर्द की शिकायत लेकर आते हैं और एमआरआई करने पर उनमें ब्रेन ट्यूमर का पता चलता है। अत्यधिक तनावपूर्ण जीवनशैली, धूम्रपान, प्रदूषण, खराब खानपान ब्रेन ट्यूमर का सबसे बड़ा कारण हैं। इसके अलावा मोबाइल फोन का अत्यधिक इस्तेमाल भी ब्रेन ट्यूमर का खतरा बढ़ा सकता है। जिन लोगों के परिवार में किसी अन्य सदस्य को शरीर में किसी भी प्रकार के कैंसर की बीमारी हो चुकी है, उन्हें अधिक सावधान रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ब्रेन ट्यूमर में आनुवांशिकता का भी प्रमुख योगदान है। दुर्घटना या किसी अन्य वजह से सिर में चोट लग जाए तो इसे नजरअंदाज न करें, क्योंकि चोट लगने के कारण कभी-कभी खून जम जाता है और थक्का बनने लगता है। इससे सिर में दर्द, लकवा और मिर्गी रोग की संभावना रहती है। ब्रेन ट्यूमर होने का भी जोखिम बढ़ सकता है।



### इन लक्षणों की न करें अनदेखी

- लंबे समय से सिर में दर्द बना रहना
- यह ब्रेन ट्यूमर का सबसे आम लक्षण है
- रात के समय सिर दर्द के कारण से नींद खराब होना
- नियमित रूप से उल्टियां होना
- आंखों की रोशनी कम होना
- याददाश्त एवं बोलने में परेशानी

### सलाह इस प्रकार

- सिरदर्द को नजरअंदाज न करें। शुरुआत में लोग सिर दर्द होने पर ओवर द काउंटर से दवा लेकर खाना शुरू कर देते हैं, लेकिन ट्यूमर अंदर बढ़ता रहता है। आखिर में जब डॉक्टर के पहुंचते हैं तो बीमारी एडवांस्ड या लास्ट स्टेज पर पहुंच जाती है। सिरदर्द के साथ लगातार उल्टियां या मिर्गी के दौरे ब्रेन ट्यूमर के शुरुआती लक्षण का संकेत हो सकते हैं। इसमें एक तरफ हाथ
- पैर नहीं चलने (लकवा) जैसी समस्या भी आ सकती है। सिर में चोट लगने पर सिर दर्द या उल्टी होती है तो डॉक्टर से संपर्क करें। सीटी स्कैन या एमआरआई द्वारा बीमारी का समय रहते पता किया जा सकता है। एमआरआई से ब्रेन ट्यूमर का पहले चरण में ही पता लग जाता है। ट्यूमर छोटा है तो दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है। अगर ट्यूमर बढ़ गया है तो बायोप्सी की जांच के बाद कैंसर की पुष्टि होने पर इलाज के लिए कीमोथेरेपी व रेडियोथेरेपी दी जाती है। अगर ब्रेन ट्यूमर में कैंसर का जोखिम नहीं है तो इसे अन्य आधुनिक तकनीक जैसे गामा नाइफ एवं साइबर नाइफ द्वारा भी ठीक किया जा सकता है।

# सिर के अलग-अलग हिस्से में एक पैटर्न में दर्द हो सकता है ब्रेन ट्यूमर : डॉ. रोहित गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बदलती** जीवनशैली और अनियमित खानपान के कारण लोग तेजी से ब्रेन ट्यूमर का शिकार हो रहे हैं। यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता का। उन्होंने कहा कि ब्रेन ट्यूमर के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक साल आठ जून को ब्रेन ट्यूमर दिवस मनाया जाता है।

वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि आज के समय में अनियमित दिनचर्या, एवं खानपान के कारण लोग तेजी से किडनी, फेफड़े, ह्रदय रोग, कैंसर आदि रोगों का शिकार हो जाते हैं, इन्हीं में से एक है ब्रेन ट्यूमर। ब्रेन ट्यूमर, एक बेहद



खतरनाक और जानलेवा समस्या है, जिसके कारण हर साल दुनियाभर में लाखों लोगों की मौत हो जाती है। फरीदाबाद में इसके अनेक मरीज है। ओपीडी में हर माह 10 से 15 मरीज इलाज के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रेन ट्यूमर, मस्तिष्क या उसके आसपास की कोशिकाओं में होने वाली अनियंत्रित वृद्धि की समस्या है। जरूरी नहीं है कि हर ब्रेन ट्यूमर कैंसर कारक ही हो, कुछ नॉनकैंसर भी हो सकते हैं। हालांकि जब ट्यूमर बढ़ने लगता है तो ये आपकी खोपड़ी के अंदर दबाव बढ़ा सकता है।

### ब्रेन ट्यूमर के कई कारण

**डॉ. रोहित** ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर होने का कारण कई हो सकते हैं। जब ग्रंथि कई तरह के रासायनिक तत्व उत्पन्न करती है तो उसमें ट्यूमर होने पर कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। मस्तिष्क में कोशिकाओं के असामान्य रूप से बढ़ने पर जो गांठ बन जाती है उसे ही ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। इसमें मस्तिष्क के खास हिस्से में कोशिकाओं का गुच्छा बन जाता है। यह कई बार कैंसर की गांठ में तब्दील हो जाता है, इसलिए ब्रेन ट्यूमर को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। ऐसे में अगर आपको कोई भी लक्षण दिखें तो डॉक्टर से परामर्श जरूर लें।

# कर्नाटक प्रकरण

## गौवध पर विवाद

**कर्नाटक** में गौवध पर विवाद खतरनाक रूप ले सकता है। इस समस्या के समाधान के प्रयास होने चाहिए। कर्नाटक में गौवध पर छिड़ी गरमागरम बहस में धार्मिक भावनायें, सांस्कृतिक व्यवहार, आर्थिक मामले तथा पशु अधिकार संबंधी मुद्दे शामिल हैं। भाजपा कर्नाटक के पशुपालन मंत्री के. वेंकटेश के बयान का विरोध कर रही है और यह बहुत बड़ा मुद्दा बन सकता है। इस मुद्दे ने राज्य सरकार को संवेदनशील संतुलनकारी प्रयास करने पर मजबूर किया है क्योंकि वह सामाजिक सद्भावना बनाए रखते हुए विभिन्न हितधारकों के सरोकारों को संबोधित करना चाहती है। विडंबना है कि यह विवाद मंत्री के इस बयान के बाद आया कि 'गौवध निषेध कानून' वापस लिया जा सकता है। इस बयान ने बर्र के छत्ते में हाथ डालने का काम कर दिया। भारत में गौवध निषेध का कानूनी ढांचा जटिल है और यह एक राज्य से दूसरे राज्य में अलग है। कर्नाटक प्रिवेंशन आफ स्लाटर एंड प्रिजर्वेशन आफ कैटल एक्ट, 2020 को कर्नाटक में भाजपा नीत सरकार ने फरवरी, 2021 में पास किया था। इसने गौवध पर प्रतिबंध का विस्तार कर इसमें बैलों, साड़ों व बछड़ों को शामिल कर लिया था। कहने की आवश्यकता नहीं कि भारत में गाय का असाधारण सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व है। अधिकांश जनता के लिए गाय एक पवित्र प्राणी है जिसका संबंध उर्वरता, पवित्रता व मातृत्व से है। इसी कारण इसे 'गौमाता' कहा जाता है। गाय से जुड़ी धार्मिक भावनाओं के कारण ही विभिन्न राज्यों में गौवध पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठती रही है। सभी जानते हैं कि भारत में 'गौवध निषेध' आसानी से राजनीतिक व सामाजिक मुद्दा बन सकता है।



गौवध निषेध कानूनों की व्याख्या व उनके क्रियान्वयन को लेकर विवाद पैदा होते रहे हैं। आलोचकों का तर्क है कि इस कानून का अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ दुरुपयोग किया जा सकता है और यह उनकी व्यक्तिगत तथा भोजन की पसंद में हस्तक्षेप करता है। आलोचकों के अनुसार, ज्यादा समावेशी दृष्टिकोण की जरूरत है जिसमें सांस्कृतिक विविधता तथा व्यक्तिगत अधिकारों को सम्मान दिया गया हो। भारत के प्रमुख कृषि प्रधान राज्यों में शामिल होने के कारण कर्नाटक में मवेशियों की संख्या काफी अधिक है। ऐसे में गौवध निषेध का प्रभाव डेरी उद्योग, चमड़ा उद्योग तथा बीफ निर्यात पर पड़ सकता है। कुछ लोगों का तर्क है कि गौवध निषेध से किसानों की आजीविका तथा अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। एक अन्य दृष्टिकोण के अनुसार गौवध का संबंध पशु अधिकारों व क्रूरता से है। पशु कल्याण एक्टिविस्ट गायों समेत सभी जानवरों के प्रति नैतिक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए कठोर नियमों व क्रियान्वयन पर जोर देते हैं। वर्तमान स्थिति कर्नाटक सरकार के लिए चुनौती की तरह है क्योंकि उसे सामाजिक सद्भाव बनाए रखते हुए अनेक समूहों के सरोकारों को संबोधित करना है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए सभी नागरिकों के अधिकारों व हितों की रक्षा करे। संवाद, परस्पर सम्मान तथा समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से इस संवेदनशील मुद्दे से निपट कर ऐसा समाज बनाया जा सकता है जिसमें धार्मिक विश्वासों व व्यक्तिगत अधिकारों को महत्व देने के साथ ही टिकाऊ विकास व पशु कल्याण को प्रोत्साहन मिल सके। हाल ही में सत्ता में आई कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को किसी ऐसे विवाद में फंसने से बचना चाहिए जिससे उसके विकास कार्य पटरी से उतर सकते हों। इस दृष्टिकोण से विवादास्पद व बड़बोला बयान देने वाले मंत्री का इस्तीफा लेना समस्या समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

# भारत-नेपाल आर्थिक सहयोग

**नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की हालिया यात्रा में सात समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। इनसे भारत व नेपाल के बीच आर्थिक सहयोग मजबूत होगा।**



**के.एस. तोमर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)



लगभग दस साल पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2014 में नेपाल यात्रा से भारत और नेपाल के बीच बेहतर संबंधों का मार्ग प्रशस्त हुआ था। उनका दृष्टिकोण हाईवे, आई-वे तथा परिवहन-हिट पर केन्द्रित था। नेपाली प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहल की हालिया यात्रा में समझौतों पर हस्ताक्षर से इसे नए आयाम मिले हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आशा व विश्वास प्रकट किया है कि दोनों देशों के बीच भविष्य में संबंध और बेहतर होकर 'सुपर-हिट' हो जाएंगे। नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड ने भी इसका समर्थन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की पड़ोसी नीति की प्रशंसा की। प्राचीन काल से निकट संबंध होने के बावजूद दोनों देशों ने 1950 में शांति एवं मित्रता की भारत-नेपाल संधि पर हस्ताक्षर किए थे जिसने निकट संबंधों का आधार तैयार किया था।

नेपाल के राना शासकों ने नव-स्वतंत्र भारत के साथ निकट संबंधों का स्वागत किया था क्योंकि उनको चीन-समर्थित कम्युनिस्टों के तानाशाही शासन द्वारा सत्ता से उखाड़े जाने का भय सता रहा था। पूर्व प्रधानमंत्री केपीएस ओली की कम्युनिस्ट सरकार के चीन-समर्थक झुकाव के कारण दोनों देशों के संबंध सबसे निचले स्तर तक पहुंच गए थे। लेकिन वर्तमान प्रधानमंत्री कमल दहल के नेतृत्व में गठबंधन सरकार में सुधार की सकारात्मक प्रवृत्ति दिखाई पड़ी है। प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी नेपाल-माओइस्ट सेंटर-सीपीएनएमसी में नेपाल कांग्रेस प्रभुत्वशील साझीदार है जिसकी दशकों से भारत के साथ निकटता है। अनेक वर्षों के गतिरोध के बाद नेपाल त्रिपक्षीय बिजली समझौते से प्रसन्न है। इसके अंतर्गत नेपाल से भारत अगले 10 साल तक 10,000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा। इससे नेपाल को हजारों करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा तथा वह अपने देश में उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बिजली दे सकेगा। इससे नेपाल भारत होकर बांग्लादेश को भी 60 मेगावाट तक बिजली निर्यात कर सकेगा सिके विस्तृत विवरणों पर तीनों देश काम कर रहे हैं।

नेपाल एलेक्ट्रीसिटी अथारिटी के प्रबंध निदेशक कुलमान धीसिंग के अनुसार इस छतरी परियोजना में नेपाल और भारत की बिजली कंपनियां मध्यकालीन या दीर्घकालीन बिजली व्यापार समझौते कर सकेंगी जिससे नेपाल द्वारा हर साल निर्यात समझौतों की नवीनीकरण की जटिल व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी।

यह खरीदारों व विक्रेताओं को 25 साल के समझौते करने में सक्षम बनाएगा तथा नेपाल भारत व अन्य देशों को बिजली निर्यात से समृद्ध होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि द्विपक्षीय साझेदारी भारत और नेपाल के बीच हस्ताक्षरित समझौतों का प्रमुख तत्व है। नेपाल 669 मेगावाट की लोअर अरुण पनबिजली परियोजना का विकास करेगा जिसे प्रचंड की नई दिल्ली यात्रा के पहले ही नेपाल निवेश बोर्ड की सहमति मिल गई है।

भारत पहले ही नेपाल में मेगा 900 मेगावाट अरुण-3 पनबिजली परियोजना का विकास कर रहा है और इसके साथ ही 490 मेगावाट की अरुण-4 पनबिजली परियोजना पर भी विचार हो रहा है जो जल्द ही तार्किक परिणति तक पहुंचेगी। भारत ने नेपाल में अनेक पनबिजली परियोजनाओं का विकास किया है जिनमें देवीघाट, पश्चिमी गंडक, पोखरा, त्रिशुली, आदि शामिल हैं। ये दोनों देशों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में निकट सहयोग का प्रमाण हैं। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा है कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने पंचेश्वर बहूद्देशीय परियोजना पर व्यावहारिक व समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने पर सहमति प्रकट की है। इसके साथ ही भारत नेपाल को काठमांडू में नया उर्वरक संयंत्र लगाने में सहायता देगा।

प्रेक्षकों का अनुमान है कि नागरिकता बिल को सहमति प्रचंड द्वारा नेपाल को भारत तथा अमेरिका के निकट ले जाने का प्रयास है, हालांकि इससे चीन नाराज हो सकता है। प्रचंड ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए चीन के बजाय भारत को चुना। यह भी अच्छा संकेत है कि इस यात्रा में सात समझौतों पर हस्ताक्षर हुए जो दोनों देशों की जनता के लिए लाभदायक हैं। काठमांडू के पूर्व राजनयिकों का मानना है कि मोदी और प्रचंड ने उन विवादास्पद मुद्दों पर गौर नहीं किया जिनसे प्रचंड की यात्रा के परिणाम प्रभावित हो सकते थे। हालांकि, प्रचंड ने सीमा मुद्दे की ओर संकेत करते हुए कहा कि इसे राजनयिक माध्यमों से हल किया जा सकता है। ओली की कम्युनिस्ट नीत सरकार ने भारत-नेपाल संबंधों को सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया था। उस समय भारतीय क्षेत्रों के नए मानचित्र में लिपुलेख, कालापानी व लिंपीधुरिया जैसे क्षेत्रों को नेपाल में दिखाया गया था। इससे भारत आगबबूला हो गया था और उसने उचित ही इस कदम को खारिज कर दिया था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री ओली ने लिपुलेख दर्रे को उत्तराखंड में धारचूला से जोड़ने वाली 80 किलोमीटर लंबी रणनीतिक सड़क खोलने का विरोध किया था जिसका उद्घाटन भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 मई, 2020 को किया था। यह सड़क तिब्बत सीमा पर 17,000 फीट ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रे को उत्तराखंड में धारचूला तथा पिथौरागढ़ जिले को जोड़ती थी। विशेषज्ञों ने ओली की कार्रवाई को चीनी रणनीति का हिस्सा बताया था जो भारत-नेपाल के बीच सदियों पुराने संबंधों को बिगाड़ना चाहता था। नेपाल ने भारत द्वारा जम्मू कश्मीर व लद्दाख को संघशासित क्षेत्र बताने वाले नए राजनीतिक मानचित्र का भी विरोध किया था। इससे भी दोनों देशों के बीच कड़वाहट बढ़ी थी। अपनी यात्रा की सफलता सुनिश्चित करने के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता व दृढ़ता को दिखाते हुए नेपाली प्रधानमंत्री ने दो पूर्व नेपाली प्रधानमंत्रियों-बाबूराम भट्टराई व केपीएस ओली का सुझाव अस्वीकार कर दिया था जो चाहते थे कि नेपाल नव-उद्घाटित संसद भवन में 'अखंड भारत' म्यूरल पर सवाल उठाए जिसमें कपिलवस्तु, विराटनगर व लुंबिनी को भारत के हिस्से की तरह दिखाया गया है। दोनों देशों ने रामायण सर्किट से जुड़ी परियोजनायें पूरी करने पर सहमति जताई जिसके अंतर्गत 15 पर्यटक सर्किट भविष्य में धार्मिक व सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करेंगे। मोदी और प्रचंड ने सदियों पुराने 'रोटी-बेटी' संबंधों को महत्व दिया जिनका संबंध दोनों देशों की सीमाओं के पार विवाहों से है। उन्होंने इनको हर कीमत पर बनाए रखने का आश्वासन दिया। एक कट्टर कम्युनिस्ट होने के बावजूद प्रचंड ने 6 महीने पहले प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए चीन के बजाय भारत को वरीयता दी। प्रचंड को परंपरागत 'दौरा सुरुआल' ड्रेस में देखा गया जो ऐसे माइक्रो-लेविल व्यवहारों को अनदेखा करने की कम्युनिस्ट विचारधारा के ठीक उलट है। उन्होंने मध्य प्रदेश में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर मंदिर की धार्मिक यात्रा भी की और इस प्रकार दिल्ली में हिंदुत्व-समर्थक अवस्थापना के लिए सकारात्मक संकेत दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने समकक्ष की यात्रा के प्रभावों के बारे में महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं जिसमें प्रचंड के साथ सात समझौतों पर हस्ताक्षर करना भी शामिल है। इनसे भविष्य में आर्थिक संबंधों को निर्धारित करने में उल्लेखनीय योगदान होगा जो परस्पर लाभ व प्रासंगिकता के पक्ष में है। सु-परिभाषित समझौतों में विभिन्न क्षेत्रों में दूरगामी लक्ष्यों को परिभाषित किया गया है। इनमें सीमापार करने वाली पेट्रोलियम पाइपलाइन, व्यापार व वाणिज्य तथा समग्र चेकपोस्टों व पनबिजली परियोजनाओं का विकास शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'मैंने और प्रचंड ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिससे दोनों देशों के बीच साझेदारी भविष्य में सुपर-हिट होगी।' प्रचंड ने अपने दृष्टिकोण की स्पष्टता व्यक्त करते हुए कहा, 'दोनों देशों के बीच सदियों पुराने संबंधों का विशेष महत्व है और वे बहु-आयामी हैं।' राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि प्रचंड की चार दिवसीय यात्रा के परिणाम चीन की उस नीति के विपरीत हैं जिसके अंतर्गत वह नेपाल को भारत से दूर करना चाहता है। सात समझौतों पर हस्ताक्षर से दोनों देशों के बीच संबंधों की गतिशीलता बदली है और वे भविष्य में नई ऊंचाइयों पर पहुंच सकते हैं। पनबिजली परियोजनाओं में आर्थिक सहयोग हिमालयी देश नेपाल को समृद्ध बनाने में उल्लेखनीय योगदान कर सकता है।

# दीर्घजीवी होना है तो सोचना कम करें!


> यह देखने के लिए थोड़ा रुकें कि आपके दिमाग में किस तरह के विचार बन रहे हैं।

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



मानव मन में स्वतंत्र इच्छा के निर्माण, याद रखने और आह्वान करने और अतीत और भविष्य में यात्रा करने की अद्भुत और सबसे असाधारण क्षमता है। हम में से बहुत से लोग नहीं जानते हैं कि आज हमारी भौतिक आंखों के माध्यम से हमें जो कुछ भी दिखाई देता है, पदार्थ का हर कण जिसे हम छू सकते हैं और महसूस कर सकते हैं, सबसे पहले मानव मन में उसका खाका था। दूसरे शब्दों में, बाहर की हर चीज अंदर की भौतिक अभिव्यक्ति है। इसलिए, ब्रह्मांड में सब कुछ पहले एक विचार या एक छोटे संवेदनशील बिंदु या बिंदु के रूप में पैदा हुआ था। बिंदु की कोई लंबाई, चौड़ाई या चौड़ाई नहीं होती, लेकिन उसमें अपार शक्ति होती है और बहुत कुछ समेटे हुए होता है। यह अनुमान लगाया गया है कि एक औसत व्यक्ति के पास प्रतिदिन लगभग 70,000 विचार होते हैं। तो, हममें से कितने लोग अपने विचारों को देखने पर ध्यान केंद्रित करते हैं? शायद बहुत कम, क्या हम कभी अपने विचारों पर ब्रेक लगाने या पूर्णविराम लगाने के बारे में सोचते हैं? न्यूरोसाइंटिस्ट का अनुमान है कि मानव मस्तिष्क में 100 अरब न्यूरॉन्स होते हैं। प्रत्येक न्यूरॉन में लगभग 1,000 कनेक्शन होते हैं।

प्रत्येक कनेक्शन औसतन 200 बार प्रति सेकंड फायर करता है, जिसके परिणामस्वरूप 20,000 ट्रिलियन गणना प्रति सेकंड होती है! और यह सब बहुत सारी जीवन ऊर्जा का उपभोग करता है। अतः यदि हम विचारों की संख्या को एक छोटे से प्रतिशत के लिए भी कम कर सकते हैं, तो इसका हमारे जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। इसीलिए वैज्ञानिक रूप से यह सिद्ध हो चुका है कि प्रतिदिन कुछ मिनटों के लिए मौन का अभ्यास करने से आपको उस संरक्षित ऊर्जा की शक्ति प्राप्त होती है। क्योंकि, एक बार जब हम विचारों की संख्या कम करने में सफल हो जाते हैं, तो हम अपने



विचारों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखना शुरू कर देंगे।

कैसे? यह आसान है! जब हम विचारों की संख्या को कम कर देते हैं, तो विचारों का जमाव कम हो जाता है और हम हर विचार को थोड़ी देर और रोक पाने में सक्षम हो जाते हैं। जितनी देर हम किसी विचार को थामे रह सकते हैं, विचार उतना ही अधिक शक्तिशाली होता जाता है। हमें इस तथ्य को समझना चाहिए कि प्रत्येक विचार में रचनात्मक शक्ति होती है, इसलिए हम किसी विचार को जितना अधिक समय तक धारण करते हैं, वह उतना ही शक्तिशाली होता जाता है। हर विचार के साथ, हम अपने सार को बाहर भेजते हैं, जो अन्य सार के साथ मिश्रित होता है और हमारे भौतिक वातावरण को बनाता और फिर से बनाता है। बहुत ज्यादा सोचना बहुत ज्यादा खाने जैसा है। हमारे मन का भारीपन हल्का और लचीला बने रहना असंभव बना देता है। हम छोटी-छोटी बातों पर अटक जाते हैं और धीरे-धीरे छोटी-छोटी चीजें बड़ी हो जाती हैं जिन्हें हम हिला नहीं सकते। अक्सर जब हम बहुत ज्यादा सोचते हैं, तो हम कल्पना करते हैं और जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया करते हैं। इस प्रकार, हम नकारात्मक भावनाएँ पैदा करते हैं। इसलिए हर शब्द, भावना और दृष्टिकोण को आत्मसात करने, अति-शामिल होने या बहुत अधिक प्रतिक्रिया करने की तुलना में निरीक्षण करना कहीं बेहतर है।

आज हम सब अनुभव कर रहे हैं कि वर्तमान युग में जिस प्रकार दुष्टता और कुरीतियों का बोलबाला है, वह किस प्रकार आसुरी प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रहा है। इसलिए नकारात्मक विचारों की गति और तीव्रता सकारात्मक विचारों की तुलना में बहुत अधिक होती है जो बहुत कम होते हैं। इन सकारात्मक विचारों का बड़ा हिस्सा आंतरिक कमजोर विचारों की अधिक गति और वर्तमान में अधर्म के लिए अनुकूल बाहरी वातावरण की शक्ति के कारण कार्यान्वयन से पहले दूर हो जाता है। ऐसी परिस्थितियों में ध्यान का अभ्यास हमारे विचारों को शक्ति प्रदान करता है। यह हमारे सकारात्मक और शुद्ध इरादों को हमारे दिमाग में मजबूत और पुनः प्रोग्रामिंग करके उन्हें महसूस करने में हमारी सहायता करता है। यह हमें एक आंतरिक सकारात्मक वातावरण बनाने में मदद करता है जो बाहरी शातिर दुनिया से स्वतंत्र है। इसकी क्षमता इतनी अधिक है कि अपनी सबसे शक्तिशाली अवस्था में हमारा मन बाहर के नकारात्मक स्पंदनों और स्थितियों को भी सकारात्मक में बदल सकता है। कंपन केवल न करने की स्थिति में स्थानांतरित होते हैं। ध्यान के आसन पर बैठने का यही महत्व है।

न करने की स्थिति में बैठने से, या तो उच्च कंपन वाले स्थान में या उच्च कंपन वाले व्यक्ति की उपस्थिति में, वे कंपन हमारे पास स्थानांतरित हो जाएंगे। न करने की शक्ति ऐसी है कि यह आपको उच्च स्पंदनों में ट्यून करने और विरासत में लेने में सक्षम बनाती है, और उच्च स्पंदनों की उपस्थिति में, सभी चीजें आसान और संभव हो जाती हैं। इसलिए, यह देखने के लिए रुकें कि आपके दिमाग में किस तरह के विचार बन रहे हैं, ये आपकी खुशी और संतुष्टि की डिग्री तय करेंगे। और ये उस तरह की दुनिया को आकार देंगे जो आप हर पल अपने लिए बना रहे हैं।

## आप की बात

### वैष्णव की कर्तव्यनिष्ठा

**सरकार** लगातार विपक्ष के निशाने पर है। एक तरफ देश और दुनिया ओडिशा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना से व्यथित है तो विपक्ष रेल मंत्री के इस्तीफे को लेकर सरकार पर हमलावर है। इस बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 50 घंटे से अधिक समय घटनास्थल पर मौजूद रह कर राहत और बचाव कार्य के साथ ही यातायात को सुगम बनाने के लिए जो मशक्कत की है वह विपक्ष के मुंह पर करारा तमाचा है। स्वतंत्र भारत में शायद पहली बार किसी मंत्री ने घटनास्थल पर घंटों मौजूद रहकर जिस भूमिका का निर्वहन किया है उसके आगे इस्तीफे की मांग न सिर्फ बेमानी है बल्कि दिवंगतों के प्रति झूठी हमदर्दी दिखा कर वाहवाही लूटने की एक छोटी मानसिकता भी है। विपक्ष इस्तीफे की बजाय मंत्री के कर्तव्य निर्वहन और सजगता पर गौर करे तो शायद इस्तीफे और कर्तव्य बोध का फर्क महसूस कर सकेगा। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि मोदी के कार्यकाल में रेल दुर्घटनाओं में लगातार कमी आई है तथा सीबीआई वर्तमान दुर्घटना में षडयंत्र के एंगल से जांच कर रही है। अश्विनी वैष्णव से इस्तीफा मांगने वालों को अपने गिरेबान में भी झांक कर देखना चाहिए। वैष्णव की कर्तव्यनिष्ठा प्रशंसा की पात्र है।

– **अमृतलाल मारू,** इंदौर

### राहुल को सबक

**कांग्रेस** के प्रमुख नेता राहुल गांधी ने विदेशों में जाकर भारतीय लोकतंत्र की जिस तरह से आलोचना करना प्रारंभ किया उससे तो हर भारतीय नाराज है। जब-जब राहुल गांधी विदेश यात्रा पर जाते हैं वे भारत की आलोचना करना अपना प्रमुख उद्देश्य एवं ध्येय समझते हैं, फिर चाहे वह इंग्लैंड हो या अमेरिका या कोई अन्य देश। उन्हें अपनी हर विदेश यात्रा के दौरान भारतीय लोकतंत्र खतरे में नजर आता रहता हैं। एक तरह से तो यह भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का अपमान ही कहा जा सकता है। जब पिछले दिनों अमेरिका में एक बार फिर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र की आलोचना करने लगे तभी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में सामरिक संचार समन्वयक जान किर्बी ने भारतीय लोकतंत्र के विषय में अपनी और से कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है एवं इसे वहीं भारत में ही जाकर महसूस किया जा सकता है। आज अमेरिका भी भारतीय लोकतंत्र की तारीफ करता है। इसी कारण भारत के साथ आज कई स्तरों पर अमेरिका साझेदार भी है। भारत-अमेरिका दोस्ती का मूल आधार भी यही भारतीय लोकतंत्र है। उम्मीद करनी चाहिए कि राहुल गांधी इससे सबक सीख लेंगे।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### महत्वपूर्ण फैसला

**केरल** हाई कोर्ट के फैसले ने एक मां को अपने शरीर पर बच्चों की पेंटिंग करने के मामले में अश्लीलता के आरोप में लगाए गए सभी आरोपों से बरी कर के एक नजीर पेश की है। एक और हमारी फिल्मों में नग्नता प्रदर्शित करने के नए-नए नया तरीके खोजे गए हैं। अनेक भोंडे गानों व अन्य बहुत कुछ परोसना जारी है जिसे परिवार के साथ बैठकर देखना अड़चन भरा हो सकता है। स्मार्टफोन ने हर व्यक्ति को पूरी दुनिया से जोड़ दिया है। और पाश्चात्य देशों में समुद्र किनारे न्यूनतम कपड़ों में या पूरी तरह से नग्न महिलाओं के फोटो अनेक साइटों पर भरे पड़े हैं। देश, काल, समय व परिस्थिति के अनुसार मानव समाज भी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है जिसमें स्त्री पुरुष के बीच मतभेद न्यूनतम होते जा रहे हैं। समलैंगिक रिश्तों को विवाह की मान्यता दिए जाने की मांगे उठ रही है। ऐसे में अब लोगों को अपना दृष्टिकोण बदलना होगा। खजुराहो के मंदिर में नग्न मूर्तियां कला का उत्तम नमूना है। अतः वर्तमान समय में हमें अपने दृष्टिकोण को थोड़ा व्यापक बनाकर नारी शरीर को उपभोक्तावादी नजरिए से देखना छोड़ना होगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### पित्रोदा की समझ

**राहुल** गांधी की अमेरिका यात्रा के आयोजक व उनके ही एक नेता सैम पित्रोदा ने कहा कि आज मोदी जी का जो सम्मान विश्व मंच पर हो रहा है उससे मैं गर्व अनुभव करता हूं। क्योंकि वह मोदी का सम्मान ही नहीं बल्कि पूरे भारत का सम्मान है। मोदी जी जब विदेश की धरती पर होते हैं तब वह भाजपा के प्रधानमंत्री नहीं अपितु 150 करोड़ भारतीयों के प्रतिनिधि के रूप में होते हैं। उनकी यह टिप्पणी राहुल के मोदी-विरोधी विष-वमन के एकदम उलट है। सैम पित्रोदा ने भारत-चीन संबंधों पर भी जो कहा वह राहुल की राजनीतिक या चुनावी समझ से मेल नहीं खाता है। ऐसा ही साहस गुलाब नबी आजाद और कपिल सिब्बल भी कर चुके हैं। किन्तु उनका क्या हुआ? यह सब जानते हैं। इसलिए मुझे डर है कि कपिल और आज़ाद की तरह ही कहीं सैम को भी बाहर का रास्ता न देखना पड़े। क्योंकि वर्तमान समय में सच्चा व पक्का कांग्रेसी वही है जो गांधी परिवार के प्रति अपनी अटूट निष्ठा व श्रद्धा रखता हो। ईश्वर राजीव गांधी के पूर्व सलाहकार सैम पित्रोदा की रक्षा करे और कांग्रेस के युवराज को समझदारी दे।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# शिकायतकर्ता का फीडबैक ही होगा अफसरों के प्रदर्शन का मानक

## ● मुख्यमंत्री योगी ने मिशन मोड में प्राथमिकता पर जनसमस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि और उसका फीडबैक ही अधिकारियों के प्रदर्शन का मानक होगा। शासन से लेकर विकास खंड तक के अधिकारी मिशन मोड में जनसुनवाई को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए।

मुख्यमंत्री बुधवार को शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों के साथ जनशिकायतों के निस्तारण को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली की समीक्षा कर रहे थे। जनसमस्याओं और जनशिकायतों का मेरिट आधारित त्वरित समाधान पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने लोकहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। योगी ने कहा कि राज्य सरकार के सभी लोककल्याणकारी प्रयासों के मूल में आम आदमी की संतुष्टि और प्रदेश की उन्नति है। शासन-प्रशासन से जुड़े सभी अधिकारियों-कार्मिकों को इसे समझना चाहिए। आम जन की शिकायतों-समस्याओं के सहज समाधान के लिए जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन) अत्यंत उपयोगी माध्यम है। शासन में तैनात वरिष्ठ अधिकारी हों या फील्ड में नियुक्त अधिकारी, हर किसी की यह जिम्मेदारी है कि आईजीआरएस पर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण किया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ हमने ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। आईजीआरएस में मिलने वाले आवेदन हों या सीएम हेल्पलाइन अथवा थाना, तहसील, विकास खंड में पहुंचने वाले शिकायतकर्ता सबकी सुनवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर आने वाले आवेदनों को लेकर थाना, तहसील और जिला स्तर हो रही कार्यवाहियों पर शासन से लगातार नजर रखी जा रही है। थाना दिवस और तहसील दिवस को और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करें कि शिकायतों का निस्तारण अगले थाना-तहसील दिवस से पूर्व जरूर हो जाए। जनसुनवाई की इन तिथियों और उसमें उपस्थित रहने वाले अधिकारी के नाम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। यहां आने वाले मामले कतई लंबित न रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से सीधा जुड़ाव रखने वाले विभाग के फ ील्ड में तैनात अधिकारी हर दिन न्यूनतम एक घंटा जनसुनवाई के लिए जरूर नियत करें। सभी अपर मुख्य सचिव-प्रमुख सचिव फील्ड में जाएं। अगले दो माह के भीतर सभी मंडलों का भ्रमण करें। फील्ड विजिट के दौरान अपने विभाग की लोककल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करें। लंबित शिकायतों का तत्काल मेरिट के आधार पर निस्तारण कराएं। जहां गड़बड़ी हो, वहां जवाबदेही तय करें। विजिट के बाद अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराएं। विभिन्न कार्यों में तैनात आउटसोर्सिंग कार्मिकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी कार्मिकों का मानदेय समय पर मिलेए पूरा मिले। किसी भी दशा में एक भी कर्मचारी का आर्थिक अथवा मानसिक शोषण नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय बजट में विभागों को आवंटित धनराशि का सही और समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करें। हर अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव अपने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए समय से धनराशि आवंटन कराएं।

# महा जनसम्पर्क अभियान सरकार की उपलब्धियों को प्रस्तुत करने का अच्छा माध्यमः संजय राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी का महा जनसम्पर्क अभियान चरणबद्ध तरीके से केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड लोक दरबार में प्रस्तुत करने का अच्छा माध्यम बन रहा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह लगातार अभियान की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए निर्देशित कर रहे है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष की गरीब कल्याण की योजनाएं, ऐतिहासिक निर्णयों तथा आर्थिक व सामरिक महाशक्ति बनते हुए आत्मनिर्भर भारत का दस्तावेज लेकर भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक सम्पर्क कर रही है। 30 मई से प्रारम्भ हुए महाजनसम्पर्क अभियान से केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को प्रदेश की 80 लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेसवार्ता तथा सोशल मीडिया संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से पहुंचाया है। इसके साथ ही अभियान के माध्यम से मोर्चो के सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन, वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक, नवमतदाता सम्मेलन, जनसभाएं, प्रबुद्ध सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन तथा घर-घर सम्पर्क अभियान के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ अभियान सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी होते हुए सर्वग्राही हो रहा है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के सभी 80 लोकसभा क्षेत्रों में महासम्पर्क अभियान के तहत आयोजित प्रेसवार्ता तथा सोशल मीडिया संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हो चुके है। संजय राय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने राजधानी लखनऊ में मीडिया संवाद तथा सोशल मीडिया संवाद कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में अभियान प्रारम्भ किया। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेसवार्ता से 80 लोकसभाओं में प्रेसवार्ताओं की शुरूआत की तथा गाजियाबाद में भी मीडिया से संवाद किया। संजय राय ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने अलीगढ, हाथरस व मथुरा में तथा झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवरदास ने गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर तथा डूमरियागंज में प्रेसवार्ता तथा सोशल मीडिया संवाद के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं के साथ संवाद किया। उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने देवरियाए,बांसगांव तथा आजमगढ़ में प्रेस वार्ता तथा सोशल मीडिया संवाद के माध्यम से पत्रकारों व सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के बीच केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को साझा किया। उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कौशाम्बीए बांदा में प्रेस वार्ता व सोशल मीडिया संवाद तथा हमीरपुर में सोशल मीडिया संवाद से केन्द्र सरकार की योजनाओं पर चर्चा की। भाजयुमों के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री तेजस्वी सूर्या ने मेरठ में प्रेसवार्ता तथा गाजियाबाद व मेरठ में सोशल मीडिया संवाद, दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने लखनऊ, मोहनलालगंज, उन्नाव तथा बाराबंकी में प्रेसवार्ता तथा सोशल मीडिया संवाद किया। प्रदेश के केबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने मीरजापुर तथा श्री सूर्य प्रताप शाही ने रॉबर्टसगंज में प्रेसवार्ता तथा सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर से संवाद किया। केन्द्रीय मंत्री आरके सिंह ने अकबरपुर व कानपुर में प्रेसवार्ता करते हुए केन्द्र सरकार की योजनाओं को साझा किया। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जालौन व घोसी में तथा केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने आगरा में प्रेसवार्ता तथा सोशल मीडिया संवाद किया। केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने मछलीशहर, चन्दौली, वाराणसी तथा भदोही में प्रेस वार्ता की। राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनिया ने अमरोहा, मुरादाबाद, मैनपुरी तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री अजय टम्टा ने कैसरगंज व गोण्डा में प्रेसवार्ता तथा सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर से संवाद किया।

# राज्य सरकार उठाये सख्त कदमः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने लखनऊ कोर्ट परिसर में सनसनीखेज गोलीकांड पर राज्य सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की है। मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा है कि लखनऊ कोर्ट परिसर में हुए सनसनीखेज गोलीकांड में खुलेआम हुई हत्या यूपी में कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण के मामले में सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसी घटनाओं से आम जनता में काफी दहशत है। बसपा राज्य सरकार पर सख्त कदम उठाने की मांग कर रही है।

## योगी सरकार क्रिमिनल फ्रेंडलीः बृजलाल खाबरी

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा है कि अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपराध नियंत्रण में पूरी तरह फेल साबित हुई है। यह सरकार 'क्रिमिनल फ्रेंडली सरकार' बनकर रह गई है। खाबरी ने कहा कि पुलिस कस्टडी में प्रयागराज में अपराधी की गोली मारकर हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हो पाया था कि आज राजधानी के कोर्ट परिसर में कुख्यात अपराधी संजीव जीवा की पुलिस कस्टडी में गोली मारकर हत्या व इस गोली कांड में एक बच्ची तथा सिपाही के घायल होने की घटना योगी सरकार के खत्म हो चुके इकबाल का खुला उदाहरण है। खाबरी ने कहा कि जिस प्रकार भारी भीड़ में ताबड़तोड़ गोलिया बरसाकर हत्या की गई है, वह यह दर्शाता है कि अपराधियों में कानून का खौफ पूरी तरह से खत्म हो चुका है। आज अदालत में हुई हत्या ध्वस्त कानून व्यवस्था के नाम पर पुलिस और सरकार को खुला चैलेंज है। प्रदेश सरकार के अपराध नियंत्रण पर जितने भी दावे हैं वह केवल हवा हवाई साबित हुए हैं। पुलिस कस्टडी में हो रही हत्याएं एवं सुरक्षित कहे जाने वाले कोर्ट परिसर में इतनी बड़ी घटना ने उप्र की भाजपा सरकार के कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दिया है। कोर्ट परिसर में वेश बदलकर अपराधियों का घुसना तथा घटना को अंजाम देना सरकार एवं प्रशासन की अकर्मण्यता को दर्शाता है।

# गोमती हैचरी प्रदेश की प्रथम अत्याधुनिक मॉडल रूप में होगी विकसित

## ● पाब्दा मछली के पालन व सर्वंर्धन की नई तकनीकी से किसानों की आय होगी दोगुनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मत्स्य** विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि प्रदेश में प्रथम अत्याधुनिक हैचरी के रूप में गोमती हैचरी मत्स्य बीज उत्पादन केन्द्र को विकसित किया जायेगा। प्रथम चरण में हाईब्रिड बाउड्री वॉल, प्रवेश द्वार, नलकूप निर्माण आदि विभिन्न जीर्णोद्धार कार्य 195.44 लाख रूपये की लागत से कराए गए है, जिसका लोकार्पण मंत्री द्वारा बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि 06 करोड़ रूपये की लागत में द्वितीय चरण की परियोजना भारत सरकार को स्वीकृत के लिए प्रेषित की गयी है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत निगम प्रबन्धाधीन 05 हैचरियों यथा गोमती हैचरी. लखनऊ, सरयू हैचरी. अयोध्या, त्रिवेणी हैचरी. प्रयागराज, कोच हैचरी जालौन, परीक्षितगढ़ हैचरी. मेरठ पर स्टेट आफ आर्ट ट्रेनिंग कम डिमांस्ट्रेशन सेन्टर की स्थापना करायी जाएगी। जिसके लिए कुल परियोजना लागत 3062.42 लाख रूपए का प्रस्ताव मत्स्य विभाग द्वारा भारत सरकार को प्रेषित किया जा चुका है।

इस अवसर पर प्रदेश में आपरेशन चिताला एवं आपरेशन पाब्दा मीन के पालन व संवर्धन हेतु मत्स्य विभाग का राष्ट्रीय मात्स्यिकी आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ के साथ एमओयू भी किया गया। डॉ. निषाद ने कहा कि चिताला मछली को राज्य की मुख्य नदियों में तथा मत्स्य पालकों द्वारा तालाबों में संवर्धन व बढ़ोत्तरी किया जाना अतिआवश्यक है, जिसमें राष्ट्रीय मात्स्यकी आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ के सहयोग से चिताला मछली को रिवररैंचिंग के माध्यम से पुर्नस्थापित किये जाने का कार्य किया जायेगा। प्रथम चरण में जनपद अयोध्या में घाघरा वाराणसी में गंगा तथा आगरा में यमुना नदी में रिवररैंचिंग माह. अगस्त में किया जाना प्रस्तावित है। डॉ. निषाद ने कहा कि राष्ट्रीय मात्स्यकी आनुवांषिक संसाधन ब्यूरो, के सहयोग से पाब्दा मछली के पालन व सवंर्धन हेतु तकनीकी का विकास किया जायेगा। यह मछली उच्च मूल्य की होने के कारण किसानों की आय दोगुना करने में सहायक सिद्ध होगी।

इस अवसर पर मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, मछुआ कल्याण कोष, किसान क्रेडिट कार्ड, मछुआ दुर्घटना बीमा तथा मत्स्य विकास निगम व मत्स्य जीवी सहकारी संघ द्वारा संचालित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण मत्स्य पालकों के ज्ञानवर्धन एवं प्रचार प्रसार हेतु विभाग द्वारा प्रकाशित बुकलेट का विमोचन भी मंत्री जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मत्स्य विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. रजनीश दुबे ने कहा कि गोमती हैचरी के अत्याधुनिक मॉडल हैचरी के रूप में विकसित की जायेगी और ऑपरेशन चिताला, आपरेशन मीन के द्वारा मत्स्य विकास के क्षेत्र को एक नई दिशा मिलेगी और इससे जहां मत्स्य उत्पादन में निरन्तर वृद्धि होगी वहीं स्वरोजगार के अवसरों का सृजन होगा। प्रदेश इस वर्ष निगम की हैचरियों पर शीघ्र ब्रीडिंग माह अप्रैल व मई में भी करायी गयी, जिससे प्राप्त 70 से 80 एमएम आकार का बड़ा मत्स्य बीज पोषित कर जलाशयों में संचित कराया जायेगा, जिससे हैचरियों की आय में वृद्धि होगी तथा जलाशयों में भी मत्स्य उत्पादन बढ़ेगा। डा. दुबे ने कहा कि यूपी मत्स्य विकास निगम द्वारा प्रदेश के 20 जलाशयों की प्रबंध व्यवस्था का कार्य भी सम्पादित किया जा रहा है। गत वर्ष में उपरोक्त जलाशयों से 1060.62 लाख रूपए की वसूली की गयी थी एवं वर्ष 2022-23 में 1861.09 लाख रूपए की वसूली की गयी है। जो गत वर्ष की वसूली से 175.47 प्रतिशत अधिक है। निगम की हैचरियों से उत्पादित मत्स्य बीज की प्रजातियों में विविधीकरण के उद्देश्य से अमूर कार्प, ब्लैक कार्प व पंगेशियस प्रजाति के मत्स्य बीज की उपलब्धता भी मत्स्य पालकों को कराई जायेगी। अमूर कार्प व ब्लैक कार्प का बीज प्राप्त किया जा चुका है, जिसका संवर्धन कर ब्रूडर तैयार किये जायेंगे। इस अवसर पर मत्स्य विभाग के विशेष सचिव व निदेशक प्रशान्त शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम का मुख्य उद्देश्य उच्च गुणवत्ता का मत्स्य बीज उपलब्ध कराना, विभिन्न प्रजातियों की फिंगरलिंग उपलब्ध कराना, वर्ष भर मत्स्य बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराना तथा उच्च मूल्य की मछलियों के मत्स्य बीज की तकनीकी का विकास करना है।

# एटा की तीन नई पुलिस चौकियों में पदों के सृजन के आदेश जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के एटा जिले की तीन नई पुलिस चौकियों में पदो के सृजन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के जनपद एटा के थाना जसरथपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा ढटिंगरा मे नवीन पुलिस चौकी व थाना नयागॉव के अन्तर्गत पुलिस चौकी उभई असदनगर तथा थाना जैथरा स्थित ग्राम सहोरी मे नवीन पुलिस चौकी सहोरी के लिए उपनिरीक्षक, नागरिक पुलिस का एक-एक, मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के दो-दो तथा आरक्षी नागरिक पुलिस के 14-14 कुल 51 पदों का सृजन किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा यह निर्णय इस क्षेत्र में बेहतर शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाए जाने, महिलाओं एवं जनसामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत 100437 प्रतिभागियों को मिलेगा प्रशिक्षण

## ● राज्य में 22 डीपीआरसी में कुल 135 प्रशिक्षक किए जाएंगे नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** स्वच्छता कार्यक्रम सुचारू रूप से काम करता रहे, इसके लिए प्रदेश सरकार ने 2023-24 के लिए रणनीति तैयार की है। स्वच्छता को बढ़ावा देने की गतिविधियों के कुशल संचालन के लिए ग्राम पंचायत के प्रधानों, सचिवों, पंचायत सदस्यों व सफ ाई कर्मियों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रदेश में कुल 100437 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किए जाने की योजना प्रस्तावित की गई है।

इस क्रम में पूरे राज्य में 22 डीपीआरसी (डिस्ट्रक्ट पंचायती राज रिसोर्स सेंटर) में कुल 135 प्रशिक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं जो कि सभी सम्बंधित ट्रेनिंग प्रक्रिया को अंजाम देंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में स्वच्छ भारत के अंतर्गत पहले फेज में साल 2014 से 2018 के बीच जो कार्य हुए उन्हीं को सेकेंड फेज (साल 2020 से 2025 तक) में आगे बढ़ाते हुए साल 2025 तक प्रदेश के सभी 57704 ग्राम पंचायतों की 95826 राजस्व गांवों को मॉडल ग्राम बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। योजना के मुताबिक प्रदेश में कुल कुल 22 डीपीआरसी केंद्र बनाए जा रहे हैं जिसमें प्रति केंद्र 6 प्रशिक्षक के रूप में कुल 135 प्रशिक्षक तैयार किए गए हैं। इसमें से ग्राम पंचायत की टीम के कुल 90837 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रस्तावित है। इसमें से अब तक 73 परसेंट यानी 65604 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूरा हो गया है। वहीं वर्ष 2023.24 के लक्ष्य के अनुसार प्रदेश में चयनित 43252 गांवों में एक राजगीर का चयन प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक चयनित गांवों में ऑनसाइट प्रशिक्षण की प्रक्रिया भी जारी है। वहीं, स्वच्छता मिशन के तमाम गतिविधियों को अमलीजामा पहनाने के लिए कुल 43252 राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया भी जारी है जिसमें से 28000 यानी कि 65 परसेंट की प्रशिक्षण प्रक्रिया खत्म हो गई है। इनमें से क्रियान्वयन व संचालन के सापेक्ष ग्राम पंचायत टीम द्वारा 45 जिलों व निर्माण के सापेक्ष राजमिस्त्रियों का 61 जिलों में प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। जून माह के अंत तक प्रशिक्षण संबंधित सभी निर्धारित लक्ष्यों को पूरी तरह से अमली जामा पहनाने में सफलता मिल सकती है।

दूसरी ओर, प्रदेश में स्वच्छता मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के उद्देश्य से जारी गतिविधियों की निगरानी के लिए सभी जिलों द्वारा निदेशालय स्तर पर कार्य योजना निर्माण, प्रस्तुतिकरण व व्यय निर्धारण की प्रक्रिया पर भी कार्य हो रहा है। इस क्रम में अब तक 46 जिलों के 11924 गांवों व 8368 ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव मिल चुके हैं। इनमें से 2268 ग्राम पंचायतों की लिमिट निर्धारित कर दी गई है। प्रदेश में पंचायती राज विभाग द्वारा स्टेट सैनिटेशन मिशन के अंतर्गत दो फेज में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। यूं तो, प्रदेश के सभी जिले 2 अक्टूबर 2018 तक पूरी तरह से खुले में शौच से मुक्त घोषित हो चुके हैं, मगर अब इसे एक स्तर और ऊपर बढ़ाते हुए प्रदेश के सभी 57704 ग्राम पंचायतों में सम्मिलित 95826 गांवों को ओडीएफ प्लस (ओपन डेफिकेशन फ्री) के अंतर्गत उदीयमान, उज्वल और उत्कृष्ट केटेगरी में बांटा जा रहा है। ज्ञात हो कि प्रदेश में पहले फेज में कुल 2.16 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया था।

# 15 जून को 1108 केन्द्रों पर 472882 अभ्यर्थी देंगे बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

## ● मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलायुक्त व जिलाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रदेश में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और टेट की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुई। किसी भी जनपद से शिकायत नहीं आई। इसी क्रम में आगामी 15 जून को प्रस्तावित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2023 आयोजित होगी, जिसमें 472882 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। 1108 केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो और सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील होने चाहिए। इस परीक्षा को नकलविहीन व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया जाए। जिस जनपद में नोडल विश्ववविद्यालय उपलब्ध हैं वहां के नोडल अधिकारी/नोडल समन्वयक भी ट्रेजरी में गोपनीय साम्रगी के खोले जाने-जमा किए जाने के समय ट्रेजरी में उपस्थित रहेंगे। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति और नियोजन आदि के कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस वर्ष 15 जून से 21 जून 2023 तक योग सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। समस्त जिला मुख्यालयों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सार्वजनिक पार्कों में प्रतिदिन प्रात: काल 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास हो। मुख्य सचिव ने कहा कि जल शक्ति अभियान भारत सरकार की योजना है। जिसके तहत हमें पानी संचयन के प्राचीन संसाधनों का जीर्णोद्धार करना है। इसमें तालाबों व ड्रेन की सफ ाई आदि शामिल है। इसके अलावा सरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाने हैं। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान में कैच दी रेन कार्यक्रम भी शामिल किया गया है। इसमें जल संचयन के संसाधनों के माध्यम से बारिश के पानी का संचय करना है ताकि जरूरत के समय उसका प्रयोग किया जा सके। जल संचयन के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए ताकि पानी की बर्बादी को रोका जा सके। बैठक में प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण बलकार सिंह सहित संबंधित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्त, जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## डीएम जालौन ने किया गौवंश संरक्षण विषय पर प्रस्तुतीकरण

**इससे** पूर्व जिलाधिकारी जालौन ने शहरी निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान के विषय पर प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि जनपद के 11 नगर क्षेत्रों में लगभग 1500 निराश्रित गौवंश थे, जिसकी वजह से स्थानीय निवासियों में रोष था। स्वच्छता की लगातार शिकायतें मिलती थीं जबकि बाजार क्षेत्रों में दुर्घटनाएं भी होती थीं। इसके निदान के लिए गौ संरक्षण समिति का गठन किया गया है, जिसमें डीएम समेत सीडीओ, सीवीओ और स्थानीय हितधारकों को सम्मिलत किया गया है। क्यूआर कोड से सरल डोनेशन प्रक्रिया की शुरुआत के साथ प्रचार-प्रसार किया गया।

निराश्रित गोवंश की समस्या से निजात के लिए एसओपी जारी की गई। 5 कैटल कैचर टीम का गठन किया गया। 25 कर्मियों का प्रशिक्षण व प्रोत्साहन प्रदान किया गया। निकटतम गौशालाओं के साथ लक्षित क्षेत्रों की मैपिंग की गई। प्रतिदिन रात 9 बजे से 12 बजे तक सघन अभियान चलाया गया। परिणाम स्वरूप तीन सप्ताह में आवारा गौवंशों की आबादी में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। निजी गौवंशों को सड़कों पर खुला नहीं छोड़ा जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं और केजुअल्टी की संख्या में उल्लेखनीय कमी हुई है तो स्थानीय निवासियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली जबकि साफसफाई और यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

# वाराणसी में 17 करोड़ की लागत से बनेगा जैन तीर्थंकर को समर्पित घाट

## ● जैन धर्म के 8वें तीर्थंकर चंद्रप्रभु को समर्पित होगा बनारस का नया घाट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/वाराणसी



**अध्यात्म,** धर्म और संस्कृति की नगरी काशी में जहां एक तरफ भगवान शिव का वास है तो वहीं तथागत गौतम बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली भी यहीं सारनाथ में है। काशी में तुलसीदास की कर्मभूमि से लेकर बाबा कीनाराम की अघोर तपोस्थली भी है। संत कबीर और संत शिरोमणि रैदास ने भी काशी की धरती से दुनिया को समरसता का संदेश दिया है। यही नहीं काशी जैन धर्म का भी प्रमुख तीर्थस्थल है। भगवान पार्श्वनाथ के साथ ही आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु की जन्मस्थली भी वाराणसी में ही है। ऐसे में योगी सरकार अब जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभुजी के चार कल्याणकों (च्यवन, जन्म, दीक्षा और केवलज्ञान) के स्थान का कायाकल्प करने में जुट गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अब चंद्रप्रभु की जन्मस्थली चंद्रावती गांव में पक्के गंगा घाट का निर्माण कराया जा रहा है। वाराणसी में इस प्रकार एक नये घाट का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। इसकी लागत 17 करोड़ रुपए से अधिक है। वाराणसी मुख्यालय से करीब 23 किलोमीटर दूर गाज़ीपुर रोड पर चंद्रावती गांव में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभुजी की जन्मस्थली गंगा किनारे है। यहां भगवान चंद्रप्रभुजी का श्वेताम्बर व दिगम्बर जैन मंदिर है। पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि जैन धर्म को मानने वाले देश-विदेश से हर वर्ष लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं। घाट के पुनरुद्धार व सुविधाओं के बढ़ जाने से आने वाले समय में ये स्थान तीर्थाटन का बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। आने वाले समय में इस घाट को पानी के रास्ते भी जोड़ने की योजना है। जिससे बोट या क्रूज से पर्यटन यहां पहुंच सके। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में पर्यटन के नए केंद्र के रूप में ये जगह विकसित होगी जिसका लाभ पर्यटन उद्योग को भी मिलेगा। यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारी ने बताया कि भगवान चंद्रप्रभुजी की जन्मस्थली के पास लगभग 200 मीटर लम्बा पक्के घाट का निर्माण हो रहा है, तीर्थयात्रियों की सुविधा और घाट देखने में सुन्दर लगे इस लिए तीन प्लेटफार्म बनाया जा रहा है। घाट से नीचे उतरने के लिए सीढ़ियों होंगी। इसके अलावा पूरे घाट का हेरिटेज लुक होगा। साथ ही गाबियन और रेटेशन वाल से घाट तैयार किया जा रहा है, जिससे ये देखने में पुराने घाटों की तरह होगा और बाढ़ में घाट सुरक्षित रहेगा। ये निर्माण पूरी तरह से ईको फ्रेंडली होगा। टॉयलेट ब्लॉक, पोर्टेबल चेंजिंग रूम, साइनेजेस, पार्किंग, हेरिटेज लाइट, बैठने के लिए पत्थर के बने बेंच होंगे और पत्थरों से बनी जालीनुमा खूबसूरत रेलिंग लगाई जाएगी, साथ ही बागवानी भी होगी। पूरे घाट के निर्माण की लागत 17.07 करोड़ है। घाट का निर्माण पूरे होने का वर्ष 2024 तक प्रस्तावित है।

# ट्रांसजेंडर के जीवन में रंग भरेगी सबरंग क्लीनिक

**लखनऊ।** ट्रांसजेंडर की जिंदगी में खुशी के रंग भरने के लिए उनको समर्पित स्वास्थ्य क्लीनिक लखनऊ में खोली गई है। ट्रांसजेंडर समुदाय विशेष के लिए उत्तर भारत में यह पहली ऐसी क्लीनिक है। लखनऊ में ठाकुरगंज के पास तहसीनगंज में सबरंग क्लीनिक खोली गई है, जिसमें ट्रांसजेंडर को न सिर्फस्वास्थ्य लाभ मिलेगा ब्लकि उनकी रोजमर्रा की दिक्कतों का भी समाधान होगा। यूपी स्टेट एड्स नियंत्रण सोसाइटी (यूपीसैक्स) के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था वाईआरजी केयर द्वारा किए गए इस प्रयास का ट्रांसजेंडर समुदाय को खूब फायदा मिलेगा। सोसाइटी के अपर परियोजना निदेशक डॉ हीरालाल ने वर्चुअल मीटिंग में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि इस क्लीनिक में ट्रांसजेंडर स्वास्थ्य परामर्श और यौन रोग उपचार करा सकेंगे। इसके अलावा प्रशिक्षित काउंसलर से मानसिक स्वास्थ्य परामर्श भी मिलेगा। उन्हें दवाएं भी नि:शुल्क मिलेंगी। संस्था और जिलों में भी इसी तरह की क्लीनिक खोलने का इरादा रखती है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 जून, 2023



# डीएम ने कसे अफसरों के पेंच

**● डीएम ने की शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बुधवार** शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले 37 सूत्रीय विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक ली, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन डीएसटीओ अरविंद कुमार ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने प्रशासकीय विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि बेहतर समन्वय के साथ सभी आनगोईंग प्रोजेक्ट को निर्धारित समयावधि तथा शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार पूर्ण किया जाय। सभी पूर्ण परियोजनाओं में हस्तान्तरण से सम्बन्धित कार्यवाही को तत्काल पूराकर उन्हें जन उपयोग में भी लाया जाय। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से काम करते हुए विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं। विकास कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन गुणवत्ता व समयबद्धता से सुनिश्चित हो। डीएम ने 50 लाख की लागत से ऊपर के विकास कार्यों की बृहद समीक्षा की, डीएसटीओ को निर्देश दिए कि 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं में गठित कमेटी निर्माणाधीन कामों का विजिट कर सत्यापन करते हुए गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित कराए। अद्यतन रिपोर्ट सीडीओ, डीएसटीओ के माध्यम से उन्हें अवगत कराए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का स्वयं भी समय-समय पर अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें। निर्देश दिए कि विकास कार्यो को नियत समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। सभी अधिकारी सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि पात्र व्यक्ति योजनाओं से जुड़कर भविष्य को संवारे। बैठक में राजकीय निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं सीएनडीएस यूनिट 26 के ईई की अनुपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी जताई। कहा कि कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं एक्सईएन बैठकों में स्वयं प्रतिभाग करें। वही 15 दिनों में परियोजना का स्वयं भ्रमण करते हुए अनुश्रवण करे। परियोजना की गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित कराए। बैठक में पीएम आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, पीएम ग्राम सड़क योजना, सामुदायिक शौचालय, पंचायत घर, ग्राम निधि भुगतान, सीएम कन्या सुमंगला योजना उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सीएम नारी सम्मान योजना, ऑपरेशन कायाकल्प सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

## जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत समाधान मामले में बरेली जोन टॉपर

**शाहजहांपुर।** जन सुनवाई पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निपटारे के ममले में बरेली जोन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रदेश स्तर पर मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गयी। बरेली जोन के जन सुनवाई पोर्टल मिलने वाली षिकायतों का समय पर निस्तारण अपरपुलिस महानिदेषक, बरेली जोन के निर्देषन में कराया गया, जिसके बाद जोन स्तर पर बरेली जोन को माह मई के मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रदेष में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। माह मई में 102 शिकायत आई जिसमें सभी 102 शिकायतों का का समय निस्तारण किया गया। गौरतलब है विगत पॉच माह में भी बरेली जोन को मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्तहुआ था। बरेली जोन के जनपदों शाहजहॉपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बदायूँ, सम्भल, रामपुर, बिजनौर, बरेली, अमरोहा पांच शिकायतों का समय रहते निपटरा किया गया जिसके बाद मंडल को मई माह में प्रदेश में इसके साथ ही कार्यरत निरीक्षक हरचरन सिंह, उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार तथा महिला आरक्षी कली पाण्डेय को पुरस्कृत भी किया गया।

# मोदी-योगी राज के नौ साल बने बेमिसाल

**● सांसद रेखा वर्मा ने गिनाई नौ वर्षो की उपलब्धियां**

**संवाददाता।** सीतापुर

**देश** में नौ वर्षो से नरेंद्रमोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। जिसमें देश का चौमुखी विकास हुआ है। विपक्ष की सरकारों ने कुर्सी पर बैठकर भारत को समस्याग्रस्त कर दिया था। पिछले 60 सालों में जो कार्य, विपक्ष की सरकारें नहीं कर पायीं। वो नरेंद्र मोदी ने बहुत कम समय में कर दिखाया। धारा 370 हटाकर, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कराया, वहीं कोरोना महामारी का जिक्र कर चार धाम यात्रा से सुविधाजनक पर्यटन की उपलब्धि बताई। सांसद ने कहा कि हमारा प्रत्येक मंत्री, सांसद, विधायक हर वक्त आपके साथ खड़े हैं। आप सभी ने 2014 में एक साधारण महिला को जिताकर लोकसभा में पहुंचाया। फिर पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया। 2024 में पुन: मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। यह बातें ब्लॉक के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन, गरीब कल्याण, 9 साल पूरे होने की उपलक्ष्य में व्यापारी सम्मेलन कार्यक्रम के तहत सांसद रेखा वर्मा ने कही। वहीं मुख्य अतिथि हरदोई जिले के एमएलसी अशोक अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा। नौ वर्ष के कार्यकाल में व्यापारियों के लिए मोदी सरकार ने एक टैक्स, जीएसटी का काम किया है और श्रेष्ठ भारत के रूप में पहचान दिलाई है। यूपी में योगी जी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था के चलते बाहर के व्यापारियों का 34 लाख करोड़ का व्यापार उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है और व्यापारियों को एक व्यवस्थित प्लेटफार्म मिला है। एक वोट से सरकार गिरने का जिक्र कर जन धन खाते की पारदर्शिता की बात कही। काशी के कारीडोर की बात कहकर नैमिषारण्य के लिए तीर्थ विकास परिषद की घोषणा बतायी। संचालन कर रहे व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष तथा कार्यक्रम के संयोजक मनोज मिश्र ने सांसद रेखा वर्मा द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान कराया और सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, नैमिष रत्न तिवारी मिथिलेश यादव, विश्राम सागर राठौर, तरुण शुक्ला, अवधेश वर्मा, महेश अग्रवाल, मनमोहन अवस्थी, अशोक बाजपेई, राहुल मिश्रा समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इसके उपरांत सांसद ने मूढ़ाहूसा में चल रहे श्री राधा कृष्ण रासलीला में आरती की व कार्यकर्ताओं का सम्बोधित किया। जिसके बाद बगचन गांव में बागेश्वरधाम मंदिर में पूजन अर्चन कर केन्द्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर टिफिन बैठक में शामिल हुईं तथा कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा दिप्ती भाद्धाज मंडल अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, अतुल मिश्रा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लक्ष्य के अनुरूप कराएं टीकाकरण का कार्य

**● पुष्टाहार के वितरण एवं स्टाक की जांच कर डीपीओ आख्या तीन दिन के भीतर प्रस्तुत करें : डीएम**

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को आंगनवाड़ी केंद्र रेती एवं सराय काइयां में आयोजित अर्बन हेल्थ न्यूट्रीशन एंड सेनिटेशन डे के सत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। अर्बन हेल्थ न्यूट्रीशन एंड सेनिटेशन डे के दौरान गर्भवती महिलाओं में हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर आदि जांच के अतिरिक्त उनका टीकाकरण कर आवश्यक दवाओं, आयरन, जिंक आदि का वितरण किया जाता है। इसके अतिरिक्त बच्चों का वजन, लंबाई आदि की माप लेने के साथ ही उनका नियमित टीकाकरण कराया जाता है एवं उन्हें आयरन आदि की खुराक भी दी जाती है। डीएम ने नियमित टीकाकरण सत्र में निर्धारित लक्ष्य से कम बच्चों के आने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण का कार्य करवाया जाये। उन्होंने केंद्रों पर मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि ड्यू लिस्ट के अनुसार संबंधित बच्चों के अभिभावकों से संपर्क स्थापित करते हुए उन्हें टीकाकरण केंद्र पर अवश्य आने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने टीकाकरण हेतु आए बच्चों की लंबाई, वजन आदि भी चेक कराया तथा उनके निर्धारित प्रपत्र में अंकन सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने दोनों आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध वजन मापक, लंबाई मापक आदि उपकरणों को भी देखा। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुष्टाहार वितरण रजिस्टर की भी जांच की। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि उक्त केंद्रों के उपलब्ध स्टॉक का मिलान स्टाक रजिस्टर से कराते हुए तीन दिन के भीतर आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पुष्टाहार का वितरण पात्रों को निर्धारित समय पर किया जाये एवं स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य रजिस्टर अद्यतन रखें जाये। इसके साथ ही उन्होंने अर्बन हेल्थ न्यूट्रीशन एंड सेनिटेशन डे को निर्देशों के अनुसार पूर्ण गंभीरता के साथ आयोजित कराए जाने के निर्देश भी दिए। आंगनबाड़ी केंद्र रेती को जाने वाले मार्ग के अत्यंत संकरा एवं कच्चा होने पर नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि मार्ग में इंटरलाकिंग एवं नाली बनवाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। निरीक्षण के दौरान यूनिसेफ के श्री माता प्रसाद उपस्थित रहे।

## भाजपा नेताओं ने गिनाईं उपलब्धियां

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**विकास** खण्ड मे केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की राष्ट्रीय महासचिवए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक ने की प्रेस वार्ता की, जिसमे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की विकास नीति की जानकारी दी। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत भारद्वाज ने बताया कि प्रधानमंत्री हर क्षेत्र में बेहद संवेदनशील होकर स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, प्रधानमंत्री आवास योजना उज्जवला योजना सहित 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम सरकार ने किया है। पीएम आवास योजना के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पक्के मकान बनाए गए हैं। महिलाओं को मुद्रा लाभ भी दिया जा रहा है। राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत ने बताया 9.5 करोड उजवला योजना के कनेक्शन दिऐ गये है। सभी मार्ग पर अच्छी सडकों का जाल बिछाया गया है। 2.5 करोड़ किसान सम्मान निधि दी जा रही है । अंशुमान कार्ड के चलते लोगों को बेहतर इलाज मिल रहा है। राम मंदिर बन रहा है विश्व के नेताओं में भारत की छवि बेहतर हुई है, वही विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी विधानसभा में सभी गांव में विद्युतीकरण हुआ है, लक्खा और उचौलिया में नया बिजलीघर स्वीकृत हो गया है। शंकरपुर से बौआ की सड़क भी स्वीकृत हो चुकी है जो बाईपास का काम करेगी। हमारी विधानसभा में 12 हजार कार्य करता है, जो लगातार काम कर रहे हैं। रघौला गांव में एक प्राचीन मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए रुपया स्वीकृत हुआ है। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा, प्रभारी लोक सभा रामनिवास यादव, ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, पूर्व ब्लाक प्रमुख आशीष रस्तोगी और संचालन जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया ने किया। अन्त में पत्रकार मोहम्मद उमर के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया।

## राष्ट्रीय गौरक्षक संघ ने गौमाता का किया अंतिम संस्कार

**संवाददाता।** जंगबहादुरगंज खीरी

**राष्ट्रीय** गौरक्षक संघ की टीम व जेबीगंज पुलिस ने रेलवे लाइन के समीप मृतक गौमाता का किया अंतिम संस्कार। बता दें कि जेबी गंज के 19 नंबर फाटक पर 2 गोवंश ट्रेन की चपेट में आकर मृत्यु को प्राप्त हो गये थे जिसकी सूचना किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा देखे जाने के बाद गौरक्षक संघ के प्रदेश सचिव को फोन के द्वारा सूचना मिली उन्होंने तुरंत जेबीगंज निवासी गौरक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष मोहम्मदी खीरी सुमित गुप्ता को दी जिसके बादए उन्होंने अपनी टीम के पसगवां अध्यक्ष आशीष अवस्थी को सूचित करने के उपरान्त चैकी प्रभारी सुनील बाबू अवस्थी व उनकी पुलिस टीम ने मिलकर दोनों गोवंशीय का श्रद्धापूर्वक अंतिम संस्कार करवाया।

## क्विक न्यूज

### विकास तीर्थ अवलोकन के निमित्त किये शिव कोरीडोर के दर्शन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति भारद्वाज ने महासम्पर्क अभियान के विकास तीर्थ अवलोकन कार्यक्रम के निमित्त 28 खीरी लोकसभा की गोला विधानसभा में नगर के प्रसिद्ध शिव मंदिर प्रस्तावित शिव कोरीडोर का अवलोकन कर मंदिर में दर्शनए पूजन किया तथा नगर पालिका परिषद के निर्माणाधीन प्रेक्षागृह का अवलोकन किया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति भारद्वाज ए पीलीभीत चेयरमैन श्रीमती भावना गुप्ता ए पूर्व जिलाध्यक्ष लखनऊ रामनिवास यादवए जिला महामंत्री विनोद लोधी को स्मृति चिन्ह भेंट कर नगर में आगमन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र गिरि मोन्टी, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, जिला महामंत्री किसान मोर्चा धर्मेन्द्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, नगर उपाध्यक्ष राजन साहनी, विकास मिश्रा, अजीत पाण्डेय, सचिन सिंह मिथलेश मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### बच्चों को दस्त लगने पर दें ओआरएस का घोल: मेयर

**बरेली।** बच्चों को दस्त और उल्टी होने पर साफपानी में ओआरएस मिलाकर दिया जाना चाहिए। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती है। दस्त की शुरुआत से ही बच्चे को ओआरएस देना शुरू कर देना चाहिए। यह जानकारी बुधवार को सीबीगंज सीएचसी में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़े के शुभारंभ के दौरान कही।उन्होंने बताया कि यह घोल पीने के कुछ मिनटों के अंदर ही काम करना शुरू कर देता है। ओआरएस से आंतें सोडियम के साथ ग्लूकोज और पानी को अवशोषित कर लेती हैं जिससे शरीर हाइड्रेट रहता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्त प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 22 जून तक सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान आशा 5 साल तक के बच्चों के घर जाकर उनके परिजनों को दस्त नियंत्रण की जानकारी देंगी और बच्चों के लिए ओआर?एस का पैकेट दिया जाएगा। अभिभावकों को दस्त के दौरान ओआरएस और जिंक के उपयोग को लेकर जागरूक किया जाएगा। इससे होने वाली बाल मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। बच्चों में दस्त बंद हो जाने के बाद भी जिंक की खुराक 14 दिनों तक जारी रखनी चाहिए। ऐसा करने से अगले दो से तीन महीने तक डायरिया होने की संभावना भी कम हो जाती है।

### नजूल की भूमि पर अवैध निर्माण को प्रशासन ने रूकवाया

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर शहर के थरवरन गंज में नजूल की जमीन पर अवैध निर्माण किए जाने का मामला संज्ञान में आया है। शहर के बीचो.बीच हो रहे। अवैध निर्माण को तहसील प्रशासन ने रूकवा दिया। अवैध निर्माण करने वाले लोगो ने जिला नियत प्राधिकारी द्वारा नक्शा भी पास नहीं कराया। नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी होने के बाद भी अवैध निर्माण चलता रहा। हालांकि मामला एसडीएम के संज्ञान में आने के बाद लेखपाल ने भूमि से संबंधित पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। समाचार लिखे जाने तक भूमि से सम्बधित पत्रावली प्रस्तुत नही की गई। नजूल की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को फिलहाल रोक दिया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि वर्षों पुराना नगरपालिका का करीब 9 फीट नाला अपना अस्तित्व खो चुका है। निर्माण कर्ताओं ने नगरपालिका के नाले पर अवैध निर्माण भी कर रखा है। बताया जाता है कि वर्षों से यह प्लाट खाली पड़ा है। निर्माण कर्ता ने नाले को पाट कर नाले का अस्तिव सपाप्त कर दिया है। बिना नक्शा व फ्री होल्ड करवाये नियमो की धज्जिया उड़ाते हुवे अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया। निर्माण कार्य की भनक लगते ही तहसील प्रशासन एक्शन में आ गया। एसडीएम के निर्देश पर लेखपाल ने पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। नगर पालिका लखीमपुर ने भी नोटिस देकर जवाब मांगा है।

### ट्रेन की चपेट में आकर किशोरी की मौत

**बरेली ।** अपनी बहनो के साथ जानवरों को खिलाने के लिए चारा काटने जंगल में गई किशोरी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बिशरतगंज थाने के गांव बेहटा बुजुर्ग निवासी 15 वर्षीय रिंकी पुत्री चोखे लाल कि आज सुबह लगभग 9 बजे गांव के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घर वालों ने बताया कि रिंकी आज सुबह अपनी बहन रोशनी और चांदनी के साथ घर के जानवरों के लिए चारा काटने के लिए खेत पर गई थी तभी अचानक रेलवे लाइन पर ट्रेन आ गई और रिंकी ने अपनी दोनों बहनों को बचाने की कोशिश कि वह अपने काम में सफल रही लेकिन खुद को ट्रेन की चपेट में आने से नहीं बचा सकती और उसकी मौके पर ही मौत हो गई उसकी दो बहनों ने घटना की जानकारी घरवालों को दी जो तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी जो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

### हर घर विद्युत कनेक्शन योजना अन्तर्गत दिया जायेगा 100 रू इंसेटिव, डीएम ने की बैठक

**शाहजहाँपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हर घर विद्युत कनेक्शन दिये जाने एवं जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में हर घर बिजली कनेक्शन दिये जाने की योजना को सफल बनाने हेतु आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इण्टर कालेज, उच्च शिक्षा संस्थानों के इच्छुक छात्रों तथा स्वयं सहायता समूहों एवं विद्युत सखियों द्वारा सर्वे के उपरान्त कनेक्शन कराये जाने की योजना है। जिलाधिकारी ने बताया कि हर घर बिजली कनेक्शन दिये जाने हेतु आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इण्टर कालेज, उच्च शिक्षा संस्थानों के इच्छुक छात्रों तथा स्वयं सहायता समूहों एवं विद्युत सखियों द्वारा सर्वे के उपरान्त कनेक्शन कराये जाने की योजना के अन्तर्गत प्रति नये संयोजन हेतु 100 रू0 इंसेटिव के रूप में दिया जायेगा। नकद राशि के अतिरिक्त अच्छा कार्य करने वाले व्यक्तिध्समूहों को प्रमाण पत्रध्प्रशस्ति पत्र भी दिया जायेगा। उन्होने प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक तथा उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को निर्देश दिये है कि कार्य करने के इच्छुक विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों, विद्युत सखियों के नाम कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित किये जाने हेतु सभी सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक आहूत किये जाने हेतु भी निर्देश दिए।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार एक युवक को तेजी से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में ओवर ब्रिज पर बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव गोविंदपुर निवासी राशिद पुत्र निसार हुसैन की मौत हो गई उसके घर वालों ने बताया कि राशिद हुसैन कल दिन में अपने किसी काम से बरेली गया था जहां से रात में वापस लौटते समय जब उसकी बाइक फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज पर पहुंची तभी एक ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि राशिद मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव और कल दिन में अपने काम के सिलसिले में बरेली गया था जहां से रात में वापस लौटते समय ट्रक ने उसे टक्कर मार दी दुर्घटना के बाद ट्रक फरार हो गया।

# सरकारी भवनों पर बनाए जाएंगे रूफटाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग

**● डीएम ने तकनीकी समन्वय समिति की बैठक में बनाई रणनीति, दिए निर्देश**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बुधवार** को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में जिला तकनीकी समन्वय समिति की बैठक ली। सीएम लघु सिंचाई योजना के क्रियान्वयन पर गहन मंथन किया। बैठक में शासकीय एवं अर्धशासकीय भवनों पर रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाए जाने के लिए लघु सिंचाई विभाग द्वारा चयनित कई भवनों को प्रस्तावित किया गया। जिनमें 27 भवनों का अनुमोदन जनपदीय तकनीकी समन्वय समिति ने दिया। डीएम ने निर्देश दिए कि उप्र भूजल (प्रबंधन एवं विनियमन) अधिनियम 2019, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति द्वारा जारी नियमावली में दिए गए प्रावधानानुसार जिले के चयनित शासकीय, अर्धशासकीय भवनों पर चरणबद्ध रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग के स्थापना की जाए कि आने वाली पीढ़ी को पीने का पानी नसीब होता रहे। इसके लिए हर नागरिक को सोचने और कुछ करने की जरूरत है। भूजल स्तर को सुधारने के लिए सबसे सस्ता और अच्छा विकल्प रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम है। हार्वेस्टिग सिस्टम से लाखों लीटर वर्षा जल भूगर्भ में संचय किया जा सकता है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि योजना के तहत सरकारी, अर्द्धसरकारी भवनों में इस प्रणाली की स्थापना का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अधिशासी अभियंता (लघु सिंचाई) एवं जनपदीय तकनीक समन्वय समिति के सदस्य सचिव हरीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि जनपद खीरी में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम छमाही के लिए 5 भवनों पर एवं इस लक्ष्य को दोगुना वार्षिक लक्ष्य कुल 10 भवनों पर इस प्रणाली के स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ। नियत लक्ष्यों की पूर्ति के लिए भवनों का चयन जिला स्तरीय तकनीक समन्वय समिति के अनुमोदन उपरांत किया जाएगा। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, सहायक अभियंता रामेश्वर सिंह सहित जनपदीय तकनीक समन्वय समिति के सदस्य गण मौजूद रहे।

## कहीं भी न फेंक दें बारात घर या होटल का कचरा



**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका चेयरमैन डॉ इरा ने सभी मैरिज हाल और रेस्टोरेंट संचालको के साथ की बैठक। शादी बरातों के बाद वहां से निकलने वाला कचरा इधर.उधर फेंका जाता था जिसको लेकर डॉ इरा ने सभी संचालकों से आग्रह किया कि आप कचरा इधर उधर न फेंककर सीधे नगर पालिका को अवगत कराएं जिससे नगर पालिका की कूड़ा कलेक्ट वाहन आप के मैरिज लान तक पहुँचकर कचरा कलेक्ट करके उसे एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर मझरा फॉर्म पहुंचा सके। डॉक्टर इरा ने सभी से निवेदन या भी किया के रेस्टोरेंट और मैरिज हॉल में बचने वाला भोजन अनाज कचरे के ढेर में ना डालें नगर पालिका को सूचित करें ताकि अनाज का अनादर ना हो सके और उस भोजन को गौशालाओं तक पहुंचाया जा सके।

# भाजपा सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया जा रहा

**● सिधौली में हुआ सोशल मीडिया संवाद कार्यक्रम**

**संवाददाता।** सीतापुर

**भाजपा** अब सोशल मीडिया के जरिए आमजन तक पहुंचने में लग गई है। सोशल मीडिया के जरिए भाजपा सरकार की उपलब्धियों और योजनाओ को आमजन तक पहुंचाया जाने लगा है। बुधवार को सिधौली में आयोजित सोशल मीडिया कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रदेश सहसंयोजक सौरभ मरोदिया ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल पूर्ण होने पर सोशल मीडिया से जुड़े पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है। देशभर में आवास, शौचालय हर पात्र व्यक्ति को देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया है। कहा कि आप रात-सुबह गुड मार्निंग और गुड नाइट के साथ लिखे बारम्बार मोदी सरकार। कहा कि किसी व्यक्ति को गम्भीर बीमारी हो जाने पर जमीन व जेवर नहीं बेचने पड़ते है। पांच लाख रुपयों का मुफ्त इलाज जनता को मिल रहा है। किसान को वर्ष में 6 हजार रुपये किसान सम्मान निधि मिल रही है। सिधौली विधायक मनी, रावत ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनता खुशहाल है। कार्यक्रम में नगर पंचायत सिधौली चेयरमैन गंगाराम राजपूत, कसमंडा स्टेट के कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, ललित मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि अमित मोहन, मंडल अध्यक्ष गोंदलामऊ सूर्य बक्श सिंह, मंडल अध्यक्ष सिधौली राकेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष कसमंडा लक्ष्मीशंकर गिर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आलोक तिवारी, पुष्कर गुप्ता, अखिलेश अवस्थी, राजेश शुक्ला, सुभाष गिर, प्रवीण, सूर्यभान सिंह, प्रेमदीप जायसवाल, निक्की सिंह, गौरव मिश्रा, राजेश चौधरी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घुमंतू जाति की एक महिला गिरफ्तार, ढाई लाख के जेवर बरामद

**● बरामद किए गए जेवर आसपास के जिलों से चोरी किए गए थे, आरोपी महिला हरियाणा की रहने वाली है**

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**पुलिस** ने घुमंतू जाति की एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही से ढाई लाख रुपये कीमत के जेवर बरामद किए हैं। बरामद किए गए जेवर महिला ने आसपास के जिलों से चोरी किए थे। आरोपी महिला हरियाणा की रहने वाली है। वह अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ शाहजहांपुर जिले में किराये के मकान में रह रही थी। उसके गैंग में बच्चा भी शामिल है। पुलिस ने आरोपी महिला से पूछताछ शुरू कर दी है। शाहजहांपुर में पिछले काफी समय से ई-रिक्शा और आटो पर बैठने वाली सवारियों के जेवर और रुपये चोरी होने की घटनाएं बढ़ गई थीं। ऐसे में एसपी एस आनंद ने चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बुधवार सुबह एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला हरियाणा की रहने वाली ममता है। आरोपी महिला घुमंतू जाति की है। जो कई लोगों के साथ शाहजहांपुर आई थी। उसके बाद तीन तीन लोगों का गैंग बनाकर शाहजहांपुर समेत आसपास के जिलों में सक्रिय हो गई थीं। हर गैंग के साथ एक बच्चा भी रहता है। पूछताछ के दौरान आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि एक जिले में दो महीने तक रुकते हैं। ई.रिक्शा और आटो पर बैठने वाली महिलाओं को सबसे ज्यादा निशाना बनाते हैं। जो महिलाएं सबसे ज्यादा तैयार होती हैं।शादी या पार्टी में जा रही होती हैं। उनसे बातचीत कर दोस्ती बढ़ा लेते हैं। बातों में लगाकर पैर में अपना पैर टच करते हैं। जब सवारी नीचे देखती हैए तभी मौका पाते ही उसके जेवर पर हाथ साफ कर देते हैं। दिन में तीन से चार घटनाएं प्रतिदिन करते हैं। पुलिस ने आरोपी महिला की निशानदेही से ढाई लाख रुपये कीमत के सोने.चांदी के जेवर बरामद किए हैं।पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है। वहीं थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी महिला हरियाणा से शाहजहांपुर में घटनाओं को अंजाम देने आई थी। गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

## आबकारी टीम को दबिश में मिली कच्ची शराब

**लखीमपुर खीरी।** आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश एवं डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी, परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीमों ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया, जो 20 जून तक अनवरत चलेगा। डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 12 अभियोगों को पंजीकृत किया गया। 215 लीटर अवैध शराब और 800 किग्रा लहन बरामद की। जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर ने मय आबकारी स्टाफ ग्राम लोनपुरवा, कैमाहरा थाना फरधान में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों की नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी में दो अभियुक्तों को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# मण्डलस्तरीय उद्योग बन्धु समिति की हुई बैठक

**संवाददाता।** बरेली

**मंडलायुक्त** सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में आज मण्डल स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। इसमें ट्रान्सपोर्ट नगर में अग्निशमन केन्द्र की स्थापना के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा 09 जून, 2023 तक निविदा आमंत्रित की गयी है, आगामी 15 दिनों के अन्दर निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा, जिस पर उद्यमियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। जनपद शाहजहांपुर में औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेंटर शाहजहांपुर में निर्माण कार्य के सम्बन्ध में क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा द्वारा अवगत कराया गया कि सड़कों के निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है, जिसकी पुष्टि अनुराग यादव उपायुक्त उद्योग और सम्बन्धित उद्यमियों द्वारा की गयी और प्रकरण एजेण्डा बिन्दु से निक्षेपित किया गया। रिछा में औद्योगिक इकाईयों को सुदृढ़ विद्युत आपूर्ति हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ने समिति को अवगत कराया है कि नगर पंचायत रिछा में अवस्थित औद्योगिक इकाईयों को सुदृढ़ विद्युत आपूर्ति हेतु यथा आवश्यक सुधार करने हेतु 33/11 केवी उपकेन्द्र रिछा में स्थापित पावर परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि 5.10 एमवीए से बढ़ाने एवं 11 केवी औद्योगिक पोषक को विभक्तीकरण हेतु बिजनेस प्लान 2023-24 के अन्तर्गत ई-निविदा विद्युत कार्य मण्डल, बरेली द्वारा 2.16 करोड़ का कार्यादेश जारी कर दिया गया है। दिनांक 30 जून, 2023 तक उक्त कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा। जिस पर उद्यमियों द्वारा समिति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हर्ष व्यक्त किया गया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 की अद्यतन प्रगति पर चर्चा पर संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी माह सितम्बर, 2023 में प्रस्तावित है। जनपद बरेली में एमएसएमई 141 इकाईयों के सापेक्ष 125 इकाईयॉ, जनपद बदायूॅ में 19 के सापेक्ष 17 इकाईयॉ, जनपद पीलीभीत में 38 इकाईयों के सापेक्ष 30 इकाईयॉ एवं जनपद शाहजहांपुर में 52 इकाईयों के सापेक्ष 30 इकाईयॉ जीबीसी हेतु रेडी है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 जून, 2023



# केंद्र सरकार के नौ साल सेवा व सुशासन के प्रति समर्पितः पाठक

● डिप्टी सीएम ने केंद्र व प्रदेश सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

**संवाददाता।** फतेहपुर



**प्रधानमंत्री** मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर संयुक्त मोर्चा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक रहे। इस दौरान उन्होंने सपा व कांग्रेस पर जमकर प्रहार करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलधियां गिनाईं। बुधवार को केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर शहर के सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया था। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सभी मोर्चा संगठनों को संबोधित किया एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया के पैमाने पर भारत देश दिन प्रतिदिन विकास कर रहा है। उन्होंने पूर्व सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों को भ्रष्टाचार और घोटाले के लिए जाना जाता था।

बताया कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के सभी वर्गों का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी के सपने के साकार करते हुए स्वच्छता में कार्य किया है और महिलाओं के सम्मान के लिए इज्जत घर दिया। लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल से जल के पहुंचाने, उज्ज्वला योजना के तहत गरीबों को रसोई गैस कनेक्शन निशुल्क देने, किसानों की आय दोगुना करने के लिए सिंचाई तकनीकी, बीज, खाद बिना भेदभाव के उपलब्ध कराये जाने के साथ ही किसान सम्मान निधि दी जा रही है।

# अवैध खनन की शिकायत पर पहुंचे लेखपाल पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास

● ग्राम प्रधान ने बाइक से कूदकर बचायी जान, लेखपाल हुआ घायल

● लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**अवैध** रूप से हो रहे मिट्टी खनन की सूचना पर मौके पर पहुंचे लेखपाल पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने मौके से एक ट्रैक्टर को कब्जे में लिया। वहीं, जेसीबी व अन्य ट्रैक्टर मौके से भाग निकले। तहसील क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में मिट्टी खनन की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में की गई थी। उक्त शिकायत की जांच के लिए क्षेत्रीय लेखपाल बुधवार की सुबह करीब 10 बजे कुठौंदा बुजुर्ग पहुंचे। जहां वह प्रधान पुष्वेंद्र के साथ बाइक से अवैध खनन चल रहे स्थान पर जा रहे थे। रास्ते में उन्हें चार ट्रैक्टर मिट्टी लादकर आते हुए दिखे। जब ट्रैक्टर को रोककर उन्होंने मिट्टी के संबंध में पूछताछ की तो ट्रैक्टर चालक पवन निवासी छिरिया सलेमपुर गाली, गलौज करने लगा। जब उन्होंने बताया कि वह सरकारी काम कर रहे हैं। यह सुनते ही गुस्साए ट्रैक्टर चालक ने लेखपाल को ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया। किसी तरह लेखपाल व प्रधान ने बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। लेकिन ट्रैक्टर से कुचलकर बाइक क्षतिग्रस्त हो गई साथ ही लेखपाल को भी चोटें आई हैं। इसके साथ ही अन्य ट्रैक्टर व मिट्टी की खुदाई में लगी जेसीबी मशीन के चालक ट्रैक्टर व जेसीबी मशीन लेकर वहां भाग निकले। इसकी सूचना लेखपाल ने तहसीलदार व पुलिस को दी।

# जनता के बीच गिनाएं सरकार की उपलब्धियांः रणवेन्द्र प्रताप

● कर्वी विधानसभा मोर्चा सम्मेलन सम्पन्न

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिले** में भाजपा के महा–जनसम्पर्क अभियान के तहत मोर्चा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप उर्फधुन्नी सिंह ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है। जिसमें सरकार और संगठन में सभी वर्गों को बराबर सहभागिता का मौका मिला है।

बुधवार को चित्रकूट इंटर कालेज में जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता मे मोर्चा सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि/ पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह व बतौर विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा शिवेन्द्र सिंह मौजूद रहे। रणवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पार्टी ने मोर्चो का गठन किया है। जिससे महिलाओं को पार्टी मे सही प्रतिनिधित्व मिले। राजनीति मे महिलाओं की भागीदारी कैसे बढे, कैसे महिलायें समाज मे आगे आयें। इसके लिये महिला मोर्चा, युवाओं को संगठन ज्यादा से ज्यादा जोड़ने को युवा मोर्चा, पार्टी और सरकार की बात किसानों, अनुसूचित वर्ग के लोगो, अल्पसंख्यकों, पिछड़ो तक कैसे आसानी से पहुंचायी जा सके। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि सरकार और संगठन मे कैसे तालमेल बना रहे, कैसे सरकार के कामों को संगठन से धरातल तक पहुंचे, इसके लिये मोर्चो का गठन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि मोर्चा सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गो को जोड़ना है।

## सृष्टि शुक्ला की मौत सवालों के घेरे में, परिजन भी मौन

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के एलआईसी तिराहे के पास जेपी इंटर कालेज के पास किराये के घर में रहने वाली 21 वर्षीय सृष्टि शुक्ला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। आत्महत्या की ये घटना मंगलवार की रात हुई। बताया गया कि राजापुर थाना क्षेत्र के बरद्वारा गांव की निवासी सृष्टि शुक्ला पिता के निधन होने के बाद पढाई करने को मां-बेटी जेपी इंटर कॉलेज के पास किराये के कमरे में रहती थी। कुछ दिन पहले रगौली से नर्स का कोर्स करके जिला चिकित्सालय में तीन दिन की ट्रेनिंग को आई थी। इस दौरान पता नहीं क्या हुआ कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सवाल है कि नर्स का डिप्लोमा करने के दौरान उसके साथ कुछ नहीं हुआ। मर्चरी में परिजन भी कुछ बताने को तैयार नहीं हैं।

# भाजपा संयुक्त मोर्चा और प्रबुद्ध जन सम्मेलन का हुआ आयोजन




**बांदा।** भारतीय जनता पार्टी बांदा सदर विधानसभा के अन्तर्गत संयुक्त मोर्चा एवं प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य केन्द्र सरकार की नौ वर्षो की उपलब्धियों को आमजनमानस तक पहुँचाने का था। उप मुख्यमंत्री द्वारा केन्द्र सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुये बताया गया कि जहां मोदी सरकार के पहले गरीब परिवारों को इलाज हेतु दर–दर भटकना पड़ता था व पैसे के अभाव में उनकी जमीन सम्पत्ति आदि तक बिक जाती थी। वहीं अब मोदी सरकार देश के दस करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के अन्तर्गत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध करा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना से आज देश के गरीब लोगो को पक्की छत उपलब्ध हो सकी है तथा हर घर शौचालय योजना के माध्यम से बहू–बेटियों को बाहर शौच जाने से निजात मिल सकी है।

मुफ्त राशन योजना से अब कोई भी गरीब देश के अन्दर भूख से नहीं मरता है ना ही वह राशन के लिए किसी पर आश्रित हैं। उनके द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 देश के अन्दर अब सबसे ज्यादा एक्सप्रेस–वे तथा अन्तरराष्ट्रीय हावाई अड्डों वाला राज्य है एवं जल्द ही उ0प्र0 की अर्थ व्यवस्था 1 ट्रिलियन हो जायेगी जो कि देश की अर्थ व्यवस्था का 20 प्रतिशत हिस्सा होगा।

# शोहदे की धमकी से परेशान खुद को आग लगाने वाली किशोरी की मौत



आकांक्षा का फाइल फोटो

**जालौन,** उरई। शोहदे द्वारा बार बार फोन करने व धमकाने से परेशान किशोरी ने दो दिन पूर्व कैरोसीन डाल कर आग लगा थी। गंभीर रूप से झुलसी किशोरी की उपचार के दौरान ग्वालियर में मंगलवार की रात को मृत्यु हो गई। किशोरी के बाबा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी रामपाल की 15 वर्षीय पुत्री 'आकांक्षा' को गांव में ही एक व्यक्ति का रिश्तेदार युवक निक्की साहू फोन पर बात करके उसे परेशान करता था। बार बार फोन करने से आकांक्षा तंग आ गई थी। आकांक्षा के बाबा फूल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी प्रपोत्री को युवक फोन करके धमकाता था। बीते सोमवार को उनकी पुत्रवधू माधौगढ़ में रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह में गई थी। घर पर वह, बेटा रामपाल व आकांक्षा थे। रात्रि करीब 9 बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए। रात करीब 11 बजे आकांक्षा के मोबाइल पर निक्की साहू का फोन आया। फोन पर बात करने के बाद आकांक्षा ने कैरोसीन डालकर आग लगा ली। उसे पहले मेडिकल कालेज उरई और उसके बाद ग्वालियार के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# एसडीएम ने अधिकारियों के साथ किया राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण

● राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में जन सहयोग जरूरी- प्रमोद झा

**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट



**तुलसी** जन्मस्थली में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग की रोड का विभागीय अधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी राजापुर ने गुणवत्ता व मानक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। निरीक्षण के बाद एसडीएम प्रमोद झा ने बताया कि सहायक अभियन्ता विशाल सेठ प्रोजेक्ट मैनेजर याईके त्रिपाठी, अवर अभियन्ता विजय सिंह, ठेकेदार रवि सिंह के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में बताया गया है कि देवी तिराहे से लेकर छीबों तिराहे तक 24 से 32 मीटर मध्य सड़क से लिये जाने का प्रावधान है। कंपोजिट विद्यालय राजापुर तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व देवी तिराहे के पास दुकानदारों गृह स्वामियों को अतिक्रमण हटाने का निर्देश जारी किया गया है। जिसका निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है तथा शासकीय भवनों की हुई क्षति की भरपाई जन सहयोग के माध्यम से कराया जाएगा तथा निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## पंकज अग्रवाल बने जिला कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन पद के प्रत्याशी



**चित्रकूट।** युवा उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक गुप्ता आयरन बस स्टैंड में संपन्न हुई। जिसमें व्यापारी नेता पंकज अग्रवाल को भाजपा द्वारा जिला कॉपरेटिव बैंक बांदा के अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किए जाने पर खुशी जताते हुए उनका फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया गया। बैठक के दौरान व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता व महामंत्री अंकित पहाड़िया ने कहा कि वरिष्ठ व्यापारी नेता पंकज अग्रवाल ने व्यापारियों एवं आम जनों के लिए कई दशकों तक सेवा और संघर्ष किया है।जिसके बल पर लोगों के दिलों में अपनी अलग जगह बनाई है।

## क्विक न्यूज

### विश्व खाद्य दिवस पर खाद्य मानकों के प्रति जागरूक किया

**कानपुर देहात।** विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर खाद्य सुरक्षा एवॅ औषधि विभाग जनपद के विभिन्न स्थानों पर खाद्य मानकों के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर मिलावटी पदार्थो के दुष्प्रभाव पर लोगों को बताया गया। गर्मी एवॅ वर्षा ऋतु में खुले खाद्य पदार्थो के संक्रमण के प्रति चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद में विभिन्न स्थानों पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के खाद्य नमूने का संग्रहण कर उन्हें जॉच के लिये भेजा गया। 7 जून को सारे विश्व में खाद्य सुरक्षा दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। माती स्थित अमूल डेयरी, रनिया की कानपुर एडबिल प्रालि सहित जनपद के विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों व आम लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

### साढ़े नौ लाख रुपया लेकर रफूचक्कर हुआ सीएसओ

**फतेहपुर।** वाहन चालक को नशीली चाय पिलाकर कंपनी का सीएसओ (मुख्य बिक्री अधिकारी) साढ़े नौ लाख रुपये लेकर भाग निकला। मामले में कोर्ट के आदेश पर औंग पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हालांकि इस प्रकरण में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा था, लेकिन बाद में छोड़ दिया था। औंग थाना क्षेत्र के रानीपुर स्थित बीएम फूड्स कंपनी के महाप्रबंधक दिलीप कुमार अवस्थी ने एफआईआर में बताया कि कंपनी नमकीन सामान का उत्पाद करती है। कंपनी में मथुरा निवासी भरतलाल शर्मा सीएसओ पद पर थे। फर्म के चालक रविशंकर के साथ गाड़ी लेकर 15 अप्रैल 23 को छह लाख रुपये बैंक में जमा करने निकले थे।

### अतिक्रमणकारियों के आगे बौना साबित हो रहा पालिका प्रशासन

**उरई, जालौन।** विभागीय दिशा-निर्देशों पर कितना क्या अमल हो पाता है इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां नगर में पालिका प्रशासन द्वारा जिन जिन स्थानों को निषिद्ध घोषित किया गया है। उन स्थानों पर भी अतिक्रमणकारियों ने अपनी करतूतों को अंजाम देने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिला परिषद समीप तो यह आलम है कि पालिका प्रशासन के द्वारा लगवाए गए ठेला निषिद्ध क्षेत्र वाले साइन बोर्ड के नीचे अतिक्रमणकारी खुलेआम अपनी करतूतों को अंजाम दे रहे हैं। मुख्य मार्ग पर ऐसे कई स्थान हैं जहां पर पालिका प्रशासन द्वारा साइन बोर्ड लगवा कर स्पष्ट रूप से चेतावनी लिखवा दी गई है कि यह स्थान ठेला निषिद्ध क्षेत्र है। बावजूद इसके उन स्थानों पर अतिक्रमण कारी बेखौफहोकर अपने ठेले लगाकर आवागमन को प्रभावित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।

### जमीन पर कब्जे की डिप्टी सीएम से शिकायत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के जैतपुर ओनहा गांव की रहने वाली बिटोला देवी ने एक दिवसीय भ्रमण पर जनपद आये उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके पति वंशगोपाल लोधी की 21 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी। आंबापुर से हथगाम मार्ग स्थित बेशकीमती जमीन आराजी नंबर 216 क पर परिवार के लोग मुद्दा, मन्नीलाल, मिन्नीलाल, मनोरमा देवी, भानु प्रताप, उदय प्रताप, हिमांशू, उमेश आदि लेखपाल व स्थानीय पुलिस के साथ मिलीभगत कर भू माफियाओं के साथ मिलकर कब्जा कर रहे हैं। जबकि पीड़िता का नाम उक्त आराजी नंबर में सहखातेदार के रूप में दाखिल व काबिज है। बीते दो सप्ताह से दबंगो द्वारा अपने हिस्से से अधिक भूमि कब्जा करने के उद्देश्य से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत पीड़िता के पुत्र दुर्गा प्रसाद ने स्थानीय पुलिस व समाधान दिवस में जिलाधिकारी से की थी।

### जंगल में मिला 45 वर्षीय महिला का शव

**पुखरायां,कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के जुनेदपुर के गांव के जंगल में 45 वर्षीय एक महिला का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जुनेदा पुर के गांव के बाहर जंगल में 45 वर्षीय एक महिला ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिसका शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी पुलिस ने अज्ञात में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### ओवरलोडिंग के मामले में एआरटीओ प्रवर्तन निलंबित

**फतेहपुर।** मौरंग खदानों से ओवरलोडिंग के मामले में कमिश्नर की रिपोर्ट को परिवहन आयुक्त ने संज्ञान में लिया है। एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीयध्यात्रीकर अधिकारी जीएन मिश्रा को निलंबित किया है। मामले की जांच अपर परिवहन आयुक्त को सौंपी गई है। प्रयागराज कमिश्नर विजय विश्वास पंत और आईजी चंद्र प्रकाश द्वितीय समेत तीन संयुक्त टीमों ने 23 मई खदानों से ओवरलोडिंग पर छापामारी की थी। जांच के बाद कमिश्नर ने अवैध खनन में एआरटीओ, जिला खनन अधिकारी और संबंधित थाना प्रभारी की भूमिका संदिग्ध पाई थी।

# जनता की सेवा करना भाजपा का मुख्य उद्देश्यः प्रकाश पाल

● भाजपा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन संपन्न

● कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने सम्मेलन को संबोधित किया

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात



**भारतीय** जनता पार्टी कानपुर देहात की ओर से बुधवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद के बैंक्वेट हाल में कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल का भव्य स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष एवं एमएलसी अविनाश सिंह चौहान ने उन्हें अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रकाश पाल ने कहा भारतीय जनता पार्टी का मुख्य उद्देश्य जनता की विशुद्ध सेवा करना है। जबकि विपक्षी पार्टियों का मुख्य उद्देश्य अपने कुनबे को धनवान बनाना और परिवारवाद, जातिवाद एवं अराजकता को बढ़ावा देना है। जिनके शासन बहन–बेटियों को घर से निकलना मुश्किल था। केंद्र मोदी और प्रदेश में योगी सरकार से डर का माहौल खत्म हो गया है।

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए जबरदस्त इन्वेस्टमेंट किया गया। स्टार्टअप योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं, पेयजल की किल्लत को दूर करने के लिये गांवों में पानी की टंकी बनायी जा रही हैं। गरीबों के सपने के समान गैस सिलेंडर अब मुफ्त प्रदान किये जा रहे हैं। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख तक मुफ्त इलाज, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अन्न योजना भी मोदी सरकार की ही देन है। जिससे करोना काल में भरपूर मदद मिली। जनधन खाते, हर गरीब को बिजली की उपलब्धता, गांवों में मुफ्त विद्युत कनेक्शन, ग्रामीण अंचलों में सभी को शौचालय, गांव को संपर्क मार्गो से जोड़ना, गरीब बेटियों के उत्थान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विकास योजनाएं, चलाना मोदी एवं योगी की डबल इंजन सरकार की मुख्य उपलब्धि है। जिला अध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान ने निकाय चुनाव में मिली भारी जीत पर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 2024 के लक्ष्य की याद दिलायी और संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ताओं से माहौल बनाने और मेहनत करने की अपील की।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा 25 हजार का ईनामी

**फतेहपुर।** पुलिस के लिए सिरदर्द बना 25 हजार का ईनामिया हिस्ट्रीशीटर वांछित अपराधी आखिरकार औंग, स्वाट टीम व सर्विलांस की गिरफ्त में आ गया। पुलिस ने उसको गिरफ्तार करते हुए उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक चाकू के अलावा दो बिछिया व एक पायल भी बरामद की है। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार औंग थाना पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम अपराधियों की तलाश में नेशनल हाईवे पर गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर हाजीपुर मोड़ से दो किलोमीटर दक्षिण दिशा में खड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम मोहित पासवान पुत्र सुरेंद्र पासवान निवासी खदरा रोड कस्बा व थाना औंग बताया। गिरफ्तारी के बाबत औंग थानाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त मोहित पासवान पच्चीस हजार का ईनामिया हिस्ट्रीशीटर वांछित अपराधी है।

# मछुआरा समाज को लाभ दिलाने पर प्रधानमंत्री मोदी का जताया आभार



**फतेहपुर।** मछुआरा समाज के कल्याण के लिए केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लागू की योजनाओं पर निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी ने जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक धन्यवाद ज्ञापन जहां जिलाधिकारी को सौंपा, वहीं आरजीआई के पत्र को जल्द से जल्द लागू किए जाने की आवाज भी उठाई। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय निषाद की अगुवाई में मछुआरा समाज जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचा और प्रधानमंत्री को संबोधित एक धन्यवाद ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर केंद्र सरकार के नौ वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई दी। कहा कि प्रधानमंत्री ने विगत नौ वर्षों में भारत ने नित नई ऊंचाईयों को छूकर नये कीर्तिमान स्थापित किए।

मछुआरा समाज का कहना रहा कि संघर्ष का परिणाम यह हुआ कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषाद राज वोट योजना, मछुआ समाज कोष से गरीबों को आवास, चिकित्सा, शिक्षा, शादी एवं बारात घर आदि योजनाओं से मछुआ समाज को लाभ दिया गया है। जो अत्यंत सराहनीय है।

# पेज एक का शेष

## गुरुग्राम में...

लिए ऋण की व्यवस्था यूरोपीय निवेश बोर्ड और विश्व बैंक के साथ मिलकर की जाएगी। मंत्रालय के अनुसार, गुरुग्राम की आबादी करीब 25 लाख है और अनुमानित रूप से नए लाइन पर प्रतिदिन सवारी वर्ष 2026 तक 5.34 लाख, वर्ष 2031 तक 7.26 लाख और वर्ष 2041 तक 8.81 लाख हो सकती है।

## गैंगेस्टर जीवा...

अभिरक्षा में पेशी पर लाया गया था। दोपहर करीब 3.50 बजे उसके केस की बारी आई। जैसे ही वह उठकर चला वैसे ही कोर्ट रूम के भीतर वकील के भेष में बैठे हमलावर ने उस पर गोलियां दागनी शुरू दीं। कोर्ट रूम से लेकर पूरे परिसर में भगदड़ मच गया। संजीव वही पर लहूलुहान होकर औंधे मुंह गिर गया। हमलावर ने भागने का प्रयास किया लेकिन वहां मौजूद वकीलों ने उसको पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह जौनपुर के केराकत का रहने वाला है। उसका नाम विजय यादव है। वकीलों ने उसको जमकर पीटा। तभी सूचना पर कार्यवाहक पुलिस कमिश्नर, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर समेत आलाधिकारी, पुलिस बल व पीएसी के जवान पहुंचे। संजीव को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसको मृत घोषित कर दिया। कोर्ट रूम में बीकेटी के भैसामऊ निवासी सौरभ अपनी पत्नी नीलम व पिता के साथ मौजूद थे। नीलम की गोद में उनकी डेढ़ साल की बेटी लाडो भी थी। गोली लाडो की पीठ व नीलम की अंगुलियों पर लगी। दोनों का इलाज जारी है। लाडो की हालत गंभीर है। वह आईसीयू में है। इसके अलावा अभिरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी कमलेश व लाल मोहम्मद भी घायल हुए हैं। दोनों के पैर में गोली लगी है। ये सभी खतरे से बाहर हैं। वारदात के बाद वकीलों ने हंगामा शुरू कर दिया। कई घंटे तक हाईकोर्ट के गेट पर प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान पथराव भी कर दिया। जिसमें एसीपी चौक सुनील शर्मा का सिर फट गया। कई और पुलिसकर्मियों को भी मामूली चोटें आईं। उनको बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर जब पुलिस अफसर कोर्ट के भीतर जाने का प्रयास किया तो उनसे भी धक्का–मुक्की की। हालांकि किसी तरह से वह भीतर गए और फिर कोर्ट रूम तक पहुंचे। तनाव को देखते हुए कोर्ट परिसर में भारी पुलिस बल की तैनात की गई है। संजीव सिह माहेश्वरी उर्फ जीवा को बीते दिनों पुलिस ने एके 47 और 1300 कारतूसों के साथ शामली में पकड़ा था। जीवा की पश्चिमी यूपी और पंजाब समेत कई राज्यों मे तूती बोलती थी। संजीव जीवा पर ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या का आरोप था जिन्होंने कभी मायावती की गेस्ट हाउस कांड में जान बचाई थी। माफिया मुख्तार अंसारी का करीबी रहा जीवा बीजेपी विधायक कृष्णानंद राय की हत्या में भी आरोपी था लेकिन इस हत्याकांड में दिल्ली की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने मुख्तार अंसारी, अफ जाल अंसारी और जीवा समेत सात आरोपियों को बरी कर दिया था। 29 नवंबर 2005 को गाजीपुर में राय की हत्या हुई थी। संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा मुख्तार अंसारी का खास था। जीवा पर साल 2017 में कारोबारी अमित दीक्षित उर्फ गोल्डी हत्याकांड में भी आरोप लगे थे इसमें जांच के बाद अदालत ने जीवा समेत 4 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जीवा फिलहाल लखनऊ की जेल में बंद था लेकिन साल 2021 में जीवा की पत्नी पायल ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को पत्र लिखकर कहा था कि उनकी जीवा, जान को खतरा है। बता दें कि पायल 2017 में आरएलडी के टिकट पर विधानसभा चुनाव भी लड़ चुकी हैं और उन्हें हार मिली थी। आरोपी विजय यादव से पूछताछ जारी है। शुरुआती जांच में पता चला कि विजय साधारण परिवार से है। पिता किसान हैं। विजय चार भाइयों में दूसरे नंबर का है। 2016 में उस पर आजमगढ़ में लड़की भगाने के आरोप में केस दर्ज हुआ था। जौनपुर में 2020 में उस पर कोविड प्रोटोकॉल उल्लंघन का केस दर्ज किया गया था। पिछले तीन साल से वह मुंबई में रह रहा था। तीन महीने वह जौनपुर वापस लौटा था। हालांकि पिछले एक महीने से उसका संपर्क परिवार से नहीं था। उससे पूछताछ का दौर जारी है। पुलिस यही पता कर रही है कि आखिर जीवा की हत्या किसने और क्यों करवाई? पकड़ा गया आरोपी शूटर है। जल्द पुलिस इसको लेकर खुलासा कर सकती है।

## हत्याकांड की...

(अपराध) नीलाब्जा चौधरी और अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी प्रवीण कुमार को सदस्य बनाया गया है। गठित एसआईटी को एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जेएनयू में...

छात्राओं पर हमला किया गया उनमें से एक की चिकित्सकीय जांच कराई गई और उसने शिकायत दर्ज कराई है। घटना की निंदा करते हुए जेएनयू प्रशासन ने कहा कि हमने इस घटना को गंभीरता से लिया है और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जेएनयू प्रशासन जांच की प्रक्रिया में पुलिस के साथ समन्वय कर रहा है। उसने आरोपियों को सख्त सजा देने की सिफारिश की है। एबीवीपी की जेएनयू इकाई ने घटना की निंदा की और कहा कि वह पीड़िताओं के साथ एकजुटता से खड़ा है। उसने मुख्य सुरक्षा अधिकारी (सीएसओ) के इस्तीफे की मांग की।

## धान के...

गोयल ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि किसानों को एमएसपी में वृद्धि से ऐसे समय में लाभ होगा जब खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट की प्रवृत्ति दिख रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है। ज्वार (हाइब्रिड) और ज्वार (मालदंडी) का एमएसपी क्रमशः 3,180 रुपये और 3,225 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जो वर्ष 2022–23 में 2,970 रुपये और 2,990 रुपये से क्रमशः सात प्रतिशत और 7.85 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2023–24 के लिए मक्का का एमएसपी 6.5 प्रतिशत बढ़कर 2,090 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है जबकि रागी का एमएसपी 7.49 प्रतिशत बढ़ाकर 3,846 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। दालों में मूंग का एमएसपी सबसे अधिक 10.35 प्रतिशत बढ़कर 8,558 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। अरहर का समर्थन मूल्य 6.06 प्रतिशत बढ़ाकर 7,000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है जबकि उड़द का एमएसपी 5.3 प्रतिशत बढ़ाकर 6,950 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। तिलहन में तिल का एमएसपी वर्ष 2023–24 में 10.28 प्रतिशत बढ़कर 8,635 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। मूंगफली का एमएसपी नौ प्रतिशत बढ़ाकर 6,377 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया। सोयाबीन (पीला) का एमएसपी 6.97 प्रतिशत बढ़ाकर 4,600 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया। नाइजर सीड का एमएसपी वर्ष 2023–24 में 6.13 प्रतिशत बढ़ाकर 7,734 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है जबकि सूरजमुखी बीज का एमएसपी 5.6 प्रतिशत बढ़ाकर 6,760 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। नकदी फसलों में, कपास (लांग स्टेबल) और कपास (मीडियम स्टेबल) का एमएसपी क्रमशः 7,020 रुपए प्रति क्विंटल और 6,620 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है, जो वर्ष 2022–23 की तुलना में क्रमशः 10.03 प्रतिशत और 8.88 प्रतिशत अधिक है।

## हर पांच...

करेगा। उन्होंने कहा, आगामी सप्ताहों में हम जुलाई और अगस्त के लिए हजारों वीजा आवेदनों संबंधी कार्यक्रम जारी करेंगे। दूतावास से जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अमेरिकी दूतावास ने 1,25,000से अधिक विद्यार्थी वीजा जारी किए हैं जो रिकॉर्ड है। 2022 में भारतीयों को दुनिया में सर्वाधिक एचएंड एल रोजगार वीजा (65 प्रतिशत) और एफ। विद्यार्थी वीजा (17.5 प्रतिशत) जारी किए गए। पिछले साल 12लाख से अधिक लोगों ने अमेरिका की यात्रा की थी जो अमेरिका में पहुंचने वाले सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय आंगुतक समूहों में से एक है। भारतीय विद्यार्थी अमेरिका में कुल अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के 21 फीसद से अधिक हैं। अकादमिक वर्ष 2021–22 के दौरान करीब दो लाख भारतीय अमेरिका में अध्ययन कर रहे हैं।

## सद्भावना यात्रा...

में 1893 की घटना के 130 साल पूरे होने के साथ–साथ भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच राजनयिक संबंधों की बहाली के 30 साल पूरे होने के अवसर पर आईएनएस त्रिशूल यह यात्रा कर रहा है। आईएनएस त्रिशूल नौ जून को डरबन से प्रस्थान करने से पहले वहां रिट्रीट समारोह और यूनिटी वॉक जैसे कुछ कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेगा।

# सूरीनाम की प्रगति में सहयोग को भारत तैयारः राष्ट्रपति

भाषा। पारामारिबो

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत, सूरीनाम के साथ अपने अनुभवों को साझा करने और उसकी प्रगति एवं विकास में सहयोग करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों देश भौगोलिक रूप से एक दूसरे से अलग हो सकते हैं लेकिन साझा इतिहास और धरोहर के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े हैं। राष्ट्रपति मुर्मू तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर रविवार को सूरीनाम पहुंचीं। पिछले साल जुलाई में राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मू और उनके समकक्ष चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने मंगलवार को यहां भारतीय समुदाय और फ्रेंड्स ऑफ इंडिया के लिए भारतीय दूतावास की मेजबानी में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित किया। इसके बाद राष्ट्रपति अपनी राजकीय यात्रा के अंतिम चरण में बेलग्रेड के लिए रवाना हुईं।

सूरीनाम में स्वागत समारोह प्रारंभ होने से पहले, ओडिशा के बालासोर में रेल दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस रेल दुघर्टना में कम से कम 278 लोगों की मौत हो गई और 900 से अधिक लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवा, नई प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत में आए बदलाव और प्रगति को रेखांकित किया और कहा कि भारत, सूरीनाम के साथ अपने अनुभवों को साझा करने और उसकी प्रगति एवं विकास में सहयोग करने को तैयार है। उन्होंने कहा, आज भारत परिवर्तन के पथ पर है। भारत तेज वृद्धि के साथ नई अवसंरचना का निर्माण कर रहा है। हम डिजिटल अर्थव्यवस्था, नई प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन कार्वाई पर वैश्विक नेतृत्व करने का प्रयास कर रहे हैं और ज्ञान आधारित समाज के रूप में उभर रहे हैं।

मुर्मू ने कहा, हम भौगोलिक रूप से एक दूसरे से अलग हो सकते हैं लेकिन साझा इतिहास और धरोहर के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े हैं। सूरीनाम और सूरीनाम के लोगों का हमारे दिलों में विशेष स्थान है। आप सभी दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग के लिए सेतु के रूप में काम कर रहे हैं। एक तरह से आप सूरीनाम में भारत के स्थाई दूत हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार की प्राथमिकता दुनियाभर में भारतीय समुदाय के साथ स्थाई सम्पर्क का निर्माण करना है। उन्होंने कहा, हमें यह देखकर गर्व है कि सूरीनाम में भारतीय मूल के लोग सेवा के शिखर तक पहुंचे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति संतोखी के भारतीय मूल का होने का उल्लेख किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय समुदाय के लोग अपने-अपने क्षेत्रों में कठिन परिश्रम करते रहेंगे और भारत तथा सूरीनाम के बीच अनूठे संबंध को और मज़बूत बनाएंगे।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सूरीनाम में भारतीयों के आगमन के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर का हिस्सा बनना उनके लिए खास बात है और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि सूरीनाम में भारतीय शीर्ष स्तर तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय, सूरीनाम के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र सहित यहां के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, इससे पहले राष्ट्रपति लल्ला रूख संग्रहालय, आर्य दिवाकर मंदिर और विष्णु मंदिर देखने गईं। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और पारामारिबो में जेवालेन हेल्डेन 1902 के स्मारक पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



## राष्ट्रपति सर्बिया पहुंचीं

**बेलग्रेड।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को सर्बिया की राजकीय यात्रा पर यहां पहुंचीं, जहां उनके समकक्ष एलेक्जेंडर वूसिक ने उनका स्वागत किया। किसी भारतीय राष्ट्रपति की सर्बिया की यह पहली यात्रा है। राष्ट्रपति कार्यालय ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बेलग्रेड में आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की सर्बिया की पहली यात्रा है। सर्बिया के राष्ट्रपति ने एक विशेष भाव से हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति मुर्मू की अगवानी की। उनके आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुर्मू सूरीनाम और सर्बिया के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की अपनी छह-दिवसीय यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण में यहां पहुंची हैं। वह नौ जून तक सर्बिया में रहेंगी। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा ने दो जून को नई दिल्ली में कहा था, वह सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूसिक के निमंत्रण पर सर्बिया की राजकीय यात्रा पर होंगी। मुर्मू अपने समकक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी और प्रधानमंत्री एना ब्रनाबिक तथा नेशनल असेंबली के अध्यक्ष व्लादिमीर ओरलिक से भी मिलेंगी। वह एक कारोबारी कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगी और भारतीय समुदाय से बातचीत करेंगी।

# ब्लिंकन ने की सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात

**दुबई।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की। अमेरिका और सऊदी अरब के संबंधों में कई मुद्दों को लेकर व्याप्त तनाव के बीच ब्लिंकन मंगलवार को सऊद्दी अरब पहुंचे। विदेश मंत्री बनने के बाद सऊद्दी अरब की यह उनकी दूसरी यात्रा है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के अनुसार, ब्लिंकन और शहजादे मोहम्मद ने बुधवार सुबह मुलाकात की और इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया और उससे परे स्थिरता, सुरक्षा तथा समृद्धि को आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की।

बयान के अनुसार, विदेश मंत्री (ब्लिंकन) ने इस बात पर भी जोर दिया कि मानवाधिकारों से जुड़े मुद्दों पर प्रगति से हमारे द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए हैं। सऊद्दी अरब ने एक बयान में दोनों नेताओं के बीच मुलाकात की पुष्टि की है, हालांकि बैठक के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। शहजादे मोहम्मद के नेतृत्व में सऊद्दी अरब अपने हित में फैसले करने और कई मौकों पर अमेरिका के रुख को नजरअंदाज करता दिखा है।

सऊद्दी अरब के वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की आपूर्ति करने, ओपेकू में रूस के साथ साझेदारी करने की इच्छा रखने और चीन की मदद से ईरान के साथ तनाव कम करने को लेकर बार-बार अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ उसका टकराव रहा है। बाइडन ने वाशिंगटन पोस्ट के पत्रकार जमाल खशोगी की 2018 में हुई हत्या को लेकर सऊद्दी अरब के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया था। विदेश मंत्री ब्लिंकन से पहले बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भी सऊद्दी अरब की यात्रा कर शहजादे मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की थी।

# हसीना ने बांग्लादेश, भारत की सेनाओं में सहयोग मजबूत करने पर जोर दिया

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को कहा कि बांग्लादेश और भारत की सेनाओं को आपसी सहयोग को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग के एक नए क्षेत्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय शांति अभियानों में साझेदारी का सुझाव भी दिया। बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे से हसीना के सरकारी आवास पर यहां उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। इसी दौरान हसीना ने यह टिप्पणी की। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक प्रवक्ता के अनुसार, हसीना ने जनरल पांडे से कहा, दोनों पड़ोसी देशों की सेनाओं के बीच सहयोग को मजबूत किया जाना चाहिए।

पांडे ने मंगलवार को हसीना से मुलाकात की और चट्टोग्राम में बांग्लादेश सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया। भारतीय उच्चायोग ने यहां ट्वीट किया कि दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे जनरल पांडे ने प्रधानमंत्री हसीना से शिष्टाचार भेंट की। यह सेना प्रमुख के तौर पर बांग्लादेश का उनका दूसरा दौरा है। वह बांग्लादेश सैन्य अकादमी (बीएमए) भी गए और पासिंग आउट कोर्स के पुरस्कार विजेताओं को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

अतिरिक्त महानिदेशालय, जन सूचना ने एक ट्वीट में कहा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बांग्लादेश सैन्य अकादमी में बतौर मुख्य अतिथि पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया। शानदार परेड प्रदर्शन के लिए उन्होंने इसमें शामिल कैडेट की सराहना की। भारतीय सेना प्रमुख ने कैडेट से बातचीत की और बीएमए से पासिंग आउट कोर्स के मित्र देशों के सर्वश्रेष्ठ विदेशी कैडेट के लिए स्थापित बांग्लादेश भारत मैत्री ट्रॉफी प्रदान की।

पहली ट्रॉफी इस वर्ष तंजानिया के कैडेट एवर्टन को प्रदान की गई। सेना ने एक बयान में कहा, यह ट्रॉफी दिसंबर 2021 में भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), देहरादून में स्थापित बांग्लादेश ट्रॉफी और पदक के बदले में है। सेना प्रमुख 10 जून को आईएमए, देहरादून में पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करेंगे और बांग्लादेश पदक और ट्रॉफी प्रदान करेंगे। जनरल पांडे ने सोमवार को यहां अपने बांग्लादेशी समकक्ष जनरल एस. एम. शफीउद्दीन अहमद से मुलाकात की तथा पारस्परिक हित के विभिन्न पहलुओं के साथ ही द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों को और विस्तार देने के तरीकों पर चर्चा की। बांग्लादेश के सशस्त्र बलों की मीडिया इकाई द इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशन्स डायरेक्टरेट (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि दोनों सेना प्रमुखों ने दोनों देशों की प्रगति के लिए मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों और भविष्य के सहयोग पर चर्चा की।

# प्रशांत क्षेत्र में तनाव के बीच चीन से सुरक्षा संबंधों पर पुनर्विचार कर रहा फिजी

भाषा। वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)

**फिजी** के प्रधानमंत्री सितिवेनी राबुका ने बुधवार को कहा कि प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच उनका देश चीन के साथ सुरक्षा संबंधों पर पुनर्विचार कर रहा है। वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिप्किंस के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राबुका ने कहा कि फिजी 2011 में चीन के साथ किए गए एक विवादास्पद पुलिस सहयोग समझौते की समीक्षा कर रहा है, जिसने चीन को फिजी में अपने पुलिस अधिकारियों की तैनाती करने की अनुमति दी थी।

राबुका ने कहा, अगर हमारे सिद्धांत और हमारे मूल्य अलग हैं, तो हमें उनसे क्या सहयोग मिलेगा? इसे (समझौते को) बरकरार रखने से पहले हमें इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है कि हम इस पर कायम रहे या नहीं... या फिर हम समान लोकतांत्रिक मूल्यों व प्रणालियों वालों के साथ सहयोग करके पहले की तरह इसे जारी रखें।

राबुका ने कहा कि फिजी न्यूजीलैंड के साथ एक रक्षा समझौते को अंतिम रूप दे रहा है और अगले सप्ताह इसे अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि नया समझौता फिजी की सेना के लिए न सिर्फ अपनी क्षमता व कौशल का विकास करने में मददगार होगा बल्कि उसे नई तकनीकों से भी रूबरू कराएगा। राबुका ने कहा कि प्रशांत क्षेत्र पर भू-राजनीतिक लिहाज से अधिक ध्यान केंद्रित किया जाता है, लेकिन जब कूटनीति और पड़ोसियों के बीच होने वाली चर्चा नाकाम हो जाती है , तब प्रशांत देश केवल सैन्ईकरण को लेकर चिंतित होते हैं। फिजी ने 2013 में चीन के साथ पुलिस सहयोग समझौते का विस्तार किया था, जिसमें कुछ सैन्य सहयोग भी शामिल किए गए थे। हालांकि राबुका ने बुधवार को इस समझौते का प्रत्यक्ष तौर पर कोई जिक्र नहीं किया। इससे पहले, चीन ने कहा था कि सुरक्षा समझौतों से फिजी को फायदा हुआ है और वह द्विपक्षीय सहयोग को जारी रखने की उम्मीद करता है। राबुका, 16 साल से फिजी की सत्ता पर काबिज फ्रैंक बेनिमारामा को चुनाव में मात देकर पिछले साल दिसंबर में फिजी के प्रधानमंत्री बने थे। सत्ता में आने के बाद से वह बेनिमारामा की कई नीतियों को बदलने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं, जिनमें चीन के साथ करीबी संबंध कायम करने के पूर्व प्रधानमंत्री के प्रयास भी शामिल हैं।

## क्विक न्यूज

### मिशिगन में भारतीय-अमेरिकी सांसद ने घृणा अपराध की व्याख्या में विस्तार संबंधी विधेयक पेश किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में एक भारतीय-अमेरिकी सांसद ने घृणा अपराध की व्याख्या मे विस्तार करने के लिए एक विधेयक पेश किया है और इसमे पूजा स्थल पर तोड़फोड़ को भी शामिल किया है। मिशिगन राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले राजीव पुरी के माता पिता 1970 के दशक मे अमृतसर से अमेरिका आए थे और उनके पिता ने विस्कोंसिन मे पहला सिख गुरुद्वारा स्थापित करने मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। उन्होने दिवाली, वैशाखी, ईद-अल-फित्तर, ईद-अल-अजहा (बकरीद) और चंद्र नववर्ष को मिशिगन मे आधिकारिक सरकारी छुट्टी के रूप मे मान्यता देने के लिए भी एक विधेयक पेश किया है। राज्य के प्रतिनिधि के रूप मे अपने दूसरे कार्यकाल मे पुरी अब मिशिगन प्रतिनिधि सभा के बहुमत के व्हिप है जो एक प्रभावशाली है और सामाजिक मुद्दो को बढ़ावा देता रहा है। पुरी ने पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार मे कहा, मैने दिवाली, वैशाखी और ईद-अल-फित्तर, को मिशिगन मे छुट्टी के रूप मे घोषित करने के लिए एक विधेयक पेश किया है। मैने एक और विधेयक पेश किया है जो घृणा अपराध की व्याख्या को विस्तारित करेगा। मिशिगन मे मूल घृणा अपराध विधेयक 1988 मे लिखा गया था और तब से इसे अद्यतन नही किया गया है। 35 साल हो गए है और इसलिए हम इसे अधिक समावेशी बनाने के उद्देश्य से व्याख्या को अद्यतन कर रहे है। उन्होने कहा, अगर मंदिर, मस्जिद या गुरुद्वारा जैसे धार्मिक संस्थानो मे तोड़ फोड़ की जाती है या उनकी बेअदबी की जाती है तो अब उन लोगो के खिलाफ अत्यंत जिम्मेदारी के साथ मुकदमा चलाना बहुत आसान होने वाला है क्योंकि अब यह घृणा अपराध में शामिल हो जाएगा। ऐसे कई मुद्दे है जिनसे हम निपट रहे है। मुझे गर्व है कि मिशिगन मे बंदूक सुधार की आवाज उठाने वालो मे मै अग्रणी रहा। पुरी कुछ कुछ साल के अंतराल पर भारत की यात्रा पर आते रहते है।

### अमेरिका में गोलीबारी में दो की मौत, पांच घायल

**रिचमंड (अमेरिका)।** अमेरिका के वर्जीनिया राज्य की राजधानी रिचमंड मे अल्ट्रिया थिएटर के बाहर गोलीबारी मे दो लोगो की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हुए है। अधिकारियो और चश्मदीदो ने यह जानकारी दी। घटनास्थल के पास स्कूल का एक कार्यक्रम उसी समय खत्म हुआ था, जिससे गोलियो की आवाज सुनते ही वहां आए लोगो मे अफरा-तफरी मच गई। रिचमंड के अंतरिम पुलिस प्रमुख रिक एडवर्ड्स ने संवाददाता सम्मेलन मे बताया कि घटना मे दो लोगो की मौत हो गई। 19 वर्षीय हमलावर ने भागने की कोशिश की लेकिन उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार अल्ट्रिया थिएटर के बाहर और पास के एक पार्क मे गोलीबारी मे पांच अन्य लोग घायल भी हुए है। एडवर्ड्स ने कहा, गोलियो की आवाज सुनते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। मुनरो पार्क मे कई लोग मौजूद थे जो इधर-उधर भागने लगे और मौके पर काफी अराजकता फैल गई। उन्होने बताया कि घटना मे 18 और 36 वर्षीय पुरुष की मौत हो गई। उनकी पहचान अभी उजागर नही की गई है। पुलिस को संदेह है कि हमलवार इनमे से एक व्यक्ति को जानता था। हमलावर की पहचान भी अभी नही हो पाई है। कई हथियार (हैंडगन) बरामद हुए है। पुलिस ने पहले कहा था कि दो संदिग्धो को हिरासत मे लिया गया है। हालांकि एडवर्ड्स ने बाद मे बताया कि उनमे से एक घटना मे शामिल नही था। रिचमंड के मेयर लेवर स्टोनी ने इसके लिए जिम्मेदार हर एक व्यक्ति को कानून के दायरे मे लाने का संकल्प किया। स्टोनी ने कहा, ऐसा कही भी नही होना चाहिए।

### अमेरिका एअर इंडिया की उड़ान को रूस में उतारे जाने के मामले पर करीबी नजर रख रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मंगलवार के कहा कि वह सैन फ्रांसिस्को जा रहे एअर इंडिया के विमान को आपात स्थिति मे रूस मे उतारे जाने के मामले पर करीबी नजर रख रहा है। एअर इंडिया ने मंगलवार शाम को एक बयान मे कहा था कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या एइआई-173 छह जून को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना हुई थी, तभी विमान के एक इंजन मे तकनीकी खराबी आने की जानकारी मिली। बयान मे बताया गया था कि विमान में 216 यात्री और चालक दल के 16 सदस्य सवार थे।

**PUBLIC NOTICE**

It is for the information of general public that my client Rajeshwar Chandra payal along with wife Ramrati, s/o Ami chand R/o Home no. 1733, oppo. Golf course, sector -37, Noida, UP-201301, has severed all his family relations with his younger son Anant kumar payal aged 30 and his wife Mrs. Aastha payal (Mishra) aged 25 Forthwith and also disown both of them from inheriting any movable and immovable properties of my client as they both are disloyal, disrespectful and disobedient. Any person dealing with them shall be doing so at his/her/their own risk and cost and my client shall not be responsible for any dealing acts.

DEEPANSH DHAMIJA (ADVOCATE)
Delhi High Court & District Courts
Mobile: 7042094666, 8287291455

# इमरान के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज कराने वाले वकील की गोली मारकर हत्या

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज कराने वाले एक वरिष्ठ पाकिस्तानी वकील की अज्ञात हथियारबंद लोगों ने बलूचिस्तान प्रांत में उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी, जब वह अदालत जा रहे थे। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान उच्चतम न्यायालय के एक वकील अब्दुल रज्जाक शार की मंगलवार को क्वेटा के एयरपोर्ट रोड पर अज्ञात हमलावरों की गोलीबारी में मौत हो गई। गोली लगने के बाद वकील को तुरंत क्वेटा सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। क्वेटा सिविल अस्पताल में सर्जन आयशा रियाज ने पत्रकारों को बताया कि हमले में शार को 16 गोलियां लगी थीं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी गुल मुहम्मद ने बताया कि तीन मोटरसाइकिलों पर सवार छह अज्ञात लोगों ने शार पर उस वक्त हमला किया, जब वह एक मामले के सिलसिले में अपने वाहन से उच्चतम न्यायालय जा रहे थे। उन्होंने बताया कि शार के सीने, गर्दन और पेट में गोली मारी गई, जिससे उनकी मौत हो गई। प्रधानमंत्री के विशेष सहायक (एसएपीएम) अताउल्लाह तरार ने हत्या की निंदा की और कहा कि शार ने बलूचिस्तान उच्च न्यायालय (बीएचसी) में विपक्षी नेता खान के खिलाफ देशद्रोह के तहत मुकदमा चलाने की याचिका दायर की थी।

# पाकिस्तान में अगवा किए जाने के बाद एक और इमरान खान समर्थक पत्रकार घर लौटा

**कराची।** पाकिस्तान में संभवत: पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का समर्थन करने को लेकर यहां अपने निवास से अज्ञात हथियारबंद लोगों द्वारा अगवा किया गया एक और मशहूर टीवी पत्रकार सुरक्षित घर लौट आया। उसके परिवार ने यह जानकारी दी। जब से नौ मई की अशांति का खान की गिरफ्तारी से संबंध होने की बात सामने आई है तब से अदालतों में व्यक्तियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और पत्रकारों की गुमशुदगी की कई शिकायतें एवं याचिकाएं दायर की गई हैं। उन्हें हथियारबंद लोग जबरन अगवा कर रहे हैं।

सोमवार रात को पाकिस्तान के जियो न्यूज चैनल के कार्यकारी निर्माता जुबैर अंजुम को मलीर कॉलोनी इलाके में उनके घर से हथियारबंद लोग अगवा कर किसी अज्ञात स्थान पर ले गए थे। बुधवार को उनके भाई वजाहत ने बताया कि वह अब घर लौट आए हैं। खबरों में वजाहत के हवाले से कहा गया, हथियारों समेत अधिकारी जुबैर के घर में घुस गए और वे उन्हें जबरन ले गए। उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार किया। कई मीडिया संस्थानों ने पत्रकार के कथित अपहरण की निंदा की और सरकार से पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग के साथ इसका संज्ञान लेने को कहा कि पत्रकार की तत्काल सुरक्षित रिहाई हो।

वजाहत ने कहा, वह अभी अभी सुरक्षित घर लौटे हैं। इससे पहले मशहूर वकील एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता जिब्रान नसीर अपनी पत्नी मानसा पाशा के साथ घर लौट रहे थे तब अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें अगवा कर लिया था। जब उनकी गिरफ्तारी के विरोध में यहां दर्जनों प्रदर्शन हुए तब उन्हें रिहा किया गया। इस बीच, जुबैर की खबर सामने आने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तारिक नवाज ने इस बात से इनकार किया कि पुलिस बल को इस बारे में कोई जानकारी है। किसी भी थाने या इकाई ने इस पत्रकार को हिरासत में लेने की खबर नहीं दी है।

पिछले महीने इस्लामाबाद में अन्य पत्रकार सामी इब्राहिम को भी उनके घर से अगवा कर लिया गया था और बाद में वह सुरक्षित लौटे। हालांकि जाने माने टीवी प्रस्तोता, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के समर्थक इमरान रियाज खान की गुमशुदगी के बारे में अबतक कोई नई खबर नहीं सामने आई है। नौ मई को खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में अशांति पैदा हो गई थी तथा प्रदर्शनकारियों ने कई सैन्य एवं राजकीय प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाया था। इस हिंसा में कई लोगों की जान गई थी। पूर्व प्रधानमंत्री अपनी पार्टी को एकजुट रखने के लिए गहरे दबाव में हैं क्योंकि दर्जनों नेताओं ने सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले में शामिल लोगों पर प्रशासनात्मक कार्रवाई के बाद पार्टी से किनारा कर लिया है।

# आंत की सर्जरी कराने के लिए पोप फ्रांसिस अस्पताल पहुंचे

भाषा रोम

**पोप फ्रांसिस** आंत की सर्जरी के लिए बुधवार को यहां एक अस्पताल गए, जहां वह कई दिनों तक भर्ती रहेंगे। वेटिकन ने यह जानकारी दी। फ्रांसिस (86) ने दो साल पहले, बड़ी आंत के संकुचन से होने वाली परेशानी से निजात पाने के लिए 33 सेंटीमीटर (13) लंबा यह अंदरूनी अंग शरीर से निकलवा दिया था। वेटिकन ने एक बयान में कहा कि बुधवार को रोम के गेमेली अस्पताल में होने वाली सर्जरी से पहले उन्हें सामान्य एनेस्थीसिया दिया जाएगा।

फ्रांसिस अपनी कार से पूर्वाह्न 11 बजे वेटिकन से रवाना हुए और करीब 20 मिनट बाद अस्पताल पहुंच गए। वेटिकन के अनुसार, आंत में बार-बार होने वाले संकुचन के उपचार के लिए पोप की लैपरोटोमी सर्जरी की जाएगी। बयान में कहा गया है कि फ्रांसिस पूर्व की सर्जरी के कारण इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसमें कहा गया है, अस्पताल में उन्हें कई दिनों तक रहना पड़ेगा ताकि वह रोग से पूरी तरह से उबर सकें। जांच कराने के लिए वह मंगलवार को भी अस्पताल गए थे।

जुलाई 2021 में फ्रांसिस को 33 सेंटीमीटर (13) इंच लंबी बड़ी आंत निकलवाने के लिए सर्जरी की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा था। वह आंत में जलन और उसके संकुचन की गंभीर समस्या से जूझ रहे थे। उस सर्जरी के बाद पोप ने कहा था कि उम्मीद से लंबी प्रक्रिया में उपयोग किए गए सामान्य एनेस्थीसिया के कारण उन्हें काफी असहज महसूस हुआ था। पोप के पास सर्जरी कराने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था क्योंकि उन्हें इस साल गर्मियों में कई यात्रा करनी हैं। मार्च के अंत में भी वह अस्पताल में भर्ती हुए थे, जब उन्होंने श्वासनली में सूजन का उपचार कराया था।

# चीन के खिलाफ भारत और अमेरिका को व्यवहार्य विकल्प पेश करना चाहिए

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत और अमेरिका को अपनी ताकत का लाभ उठाते हुए चीन के अधिनायकवादी मॉडल के खिलाफ एक व्यवहार्य विकल्प पेश करना चहिए। सांसद कृष्णमूर्ति स्ट्रैटजिक काम्पिटिशन बिटविन यूनाइटेड स्टेट्स एंड चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) पर प्रतिनिधि सभा में एक शक्तिशाली समिति के सदस्य हैं। उनका यह बयान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस माह अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के आमंत्रण पर हो रही अमेरिका यात्रा से पहले आया है।

कृष्णमूर्ति ने पीटीआई-भाषा से कहा, मेरा मानना है कि यात्रा (मोदी) भारत और अमेरिका के संबंधों की ताकत को प्रदर्शित करती है और मुझे यह इस वक्त राजनीति से ऊपर दिखाई देती है। हमें इसे मजबूत करना है, प्रगाढ़ करना है और यह सुनिश्चित करना है कि हम इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना है कि हम अपनी ताकत का इस्तेमाल यह स्पष्ट करने में करें कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी दुनिया के सामने एक अधिनायकवादी तानाशाही मॉडल पेश कर रही है लेकिन उसके सामने एक व्यवहार्य विकल्प है। लोकतंत्र, मानवाधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता ,बहुलवाद के लिए प्रतिबद्धता बेहद जरूरी है।

स्ट्रैटजिक काम्पिटिशन बिटवीन यूनाइटेड स्टेट्स एंड चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) ने ताइवान की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने तथा भारत को शामिल करने सहित नाटो प्लस को मजबूत करने के लिए हाल में एक नीति प्रस्ताव को अंगीकार किया था। नाटो प्लस वर्तमान में नाटो प्लस 5 है और एक प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था है जो उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) तथा पांच सहयोगी देशों- ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड,जापान,इजराइल और दक्षिण कोरिया को साथ लाता है।

# भारत हर मोर्चे पर जीत रहा है, दुनिया को उससे सीखना चाहिए

**● प्रमुख पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा**

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के एक जाने-माने अमेरिकी कारोबारी ने कहा है कि भारत हर मोर्चे पर जीत हासिल कर रहा है और दुनिया को उससे सीख लेने की जरूरत है। इस कारोबारी ने यह भी कहा कि पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक स्थिति दुखद एवं भयावह है। डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के नेता साजिद तरार ने कहा कि इस महीने के अंत में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के आमंत्रण पर मोदी 21-24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे।

उन्होंने मंगलवार को कहा, यह मोदी की अमेरिका की ऐतिहासिक यात्रा होगी। और भारत की विदेश नीति की कल्पना कीजिए कि वे (अमेरिका) उसे नाटो प्लस सदस्यता की पेशकश कर रहे हैं। भारत की इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है क्योंकि वह रूस के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है। तरार प्रतिनिधि सभा की चीन मामलों से संबंधित प्रवर समिति द्वारा पारित हालिया प्रस्ताव का जिक्र कर रहे थे, जिसमें सिफारिश की गई है कि भारत को नाटो प्लस सदस्यता में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, साथ ही, उनके (भारत) पास पहले से ही ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) ब्लॉक है, उनके पास पहले से ही जी-20 है, उनके पास पहले से ही शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) है।

तरार ने कहा कि भारत अपने नेतृत्व या दुनिया में भविष्य की अपनी भूमिका को कमतर नहीं आंकना चाहता। उन्होंने कहा, भारत हर मोर्चे पर जीत रहा है और दुनिया को उससे सीख लेने की जरूरत है। सच कहूं, तो मैं मोदी की एक और शानदार, अमेरिका की शानदार यात्रा का इंतजार कर रहा हूं। कारोबारी ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करना किसी भी विश्व नेता के लिए बड़ा सम्मान होता है। उन्होंने कहा, यह उल्लेखनीय होगा। मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। पाकिस्तान से संबंधित एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश बहुत कठिन समय से गुजर रहा है।

तरार ने कहा, न केवल आपकी राजनीतिक स्थिरता, बल्कि एक ही समय में वित्तीय संकट.... और इसमें शामिल किसी भी दल के पास आर्थिक सुधार या किसी राजनीतिक सुधार के लिए कोई रोडमैप नहीं है। पाकिस्तान में अभी यह बहुत दुखद और गंभीर स्थिति है। यह उल्लेख करते हुए कि इस स्थिति के लिए हर पाकिस्तानी जिम्मेदार है, उन्होंने कहा, आप एक व्यक्ति या एक पार्टी को दोष नहीं दे सकते। यह पूरा देश है। क्योंकि अभी पाकिस्तान का नंबर एक मुद्दा भ्रष्टाचार है। कोई जवाबदेही नहीं है। हर संस्था और न्यायपालिका काम नहीं कर रही है। विधान एक मजाक है, कोई विपक्षी दल नहीं है। सभी राजनीतिक दल, वे पाकिस्तान में हाईब्रिड प्रणाली का हिस्सा हैं। मैं सभी को दोष देता हूं। अभी, यदि आप मुझसे व्यक्तिगत रूप से पूछते हैं, तो वहां ऐसी कोई एक संस्था नहीं है जिसके पास पाकिस्तान के लिए समाधान हो। यह बहुत दुखद स्थिति है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान के लोगों को समाधान खोजने के लिए पाकिस्तानी बनना होगा। तरार ने आरोप लगाया, अभी, शासन, जो पाकिस्तान चला रहे हैं, उनके पास पाकिस्तानी पासपोर्ट है, लेकिन अपने दिल और दिमाग से, वे पश्चिम में रहते हैंअ उनके बच्चे यहां हैं, उनकी संपत्तियां यहां हैं, उनके बैंक खाते यहां हैं। वे अंशकालिक आधार पर पाकिस्तान जाते हैं और वहां की नीतियां बनाते हैं। फिर वे वापस आ जाते हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

DATE OF BIRTH

I, Vimmi Kuldeep Kaur Ghai W/o Late Mahinder Singh Ghai R/o 15/1 Old Chandrawal Magazine Road, Civil Line New Delhi-110054 declare that my date of birth wrongly mentioned in Army Service records as 24-05-1965. My correct date of birth is 10-04-1964.

PD(057)C

CHANGE OF NAME

I, Shivpati W/o Late Sita Ram R/o House No. 350, Ward No. 22, Rajeev Nagar, Faridabad have changed my name to Sopati Devi.

PD(061)A

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी कपिल प्रकाश गोयल पुत्र स्व.श्री प्रकाश चन्द्र गोयल निवासी- ए-1002, मेघ धनुस अपार्टमेन्ट सरेलावाडी, घुडदौड रोड, उमरा, सूरत गुजरात- 395007 तथा आधार कार्ड नं. 3588 9077 3409 एवं पेनकार्ड नं. AHYPG2037Q है। चूंकि प्रार्थी दिनांक 05.06.2023 को सूरत गुजरात से दिल्ली जाने के लिये ग्वालियर के लिये टिकट नं. 8404094520 ट्रेन नं 22193 है पर सफर कर रहा था। मेरे पास एक लिफापे में जे.पी.ग्रीन्स कम्पनी के मेरे मकान के ओर्जीनल कागज दक्त लिफापे मे रखे हुए थे जिनकी प्रतिलिपि आवेदन के साथ संलग्न है। उक्त ओर्जीनल दस्तावेज, अलॉटमेंट लेटर एवं उनके साथ अन्य जरूरी कागजात एवं 3100 /- रूपये जोकि 500x6 & 100x1 उक्त लिफापे में थे जो कि ट्रेन के अन्दर कहीं गुम हो गये। काफी खोजवीन करने के बाद प्राप्त नहीं हो रहे हैं तथा जिनका कोई दुरूपयोग ना करे। जिस कारण श्रीमान जी को अवगत कराना चाहता हूँ।

प्रार्थी
कपिल प्रकाश गोयल
पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द्र गोयल निवासी- ए-1002, मेघ धनुस अपार्टमेन्ट सरेलावाडी,
घुडदौड रोड, उमरा, सूरत गुजरात- 395007

सार्वजनिक सूचना

श्री राम देव कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड, मकान न०125,प्रथम तल, फेस-4 भारत नगर,अशोक विहार,नई दिल्ली-52

DCS नियम 2007 की धारा 19(2) के अनुसरण करते हुए दिल्ली की जनता से जो कि DCS नियम 2007 की धारा 19 व 20 की सभी शर्तों को पूरा करती है, से प्रस्तावित 3 बेडरुम फ्लैट(कारपेट एरिया लगभग 1500 वर्ग फुट) के लिए श्री राम देव CGHS LTD,(Regd. No. 727-GH) में सात रिक्त सदस्यता जो कि सदस्यों के सोसाइटी में त्यागपत्र देने के कारण उत्पन्न हुई है,के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति, सोसाइटी आफिस मकान न०125,प्रथम तल, फेस-4 भारत नगर,अशोक विहार,नई दिल्ली-52 से प्रातः 11 बजे से सांय 4:00 बजे के बीच इस सूचना के छपने के 15 दिनों के भीतर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर,उसे भरकर उसके साथ 7,00,110/- रुपये का (जिसमें अंशराशी, प्रवेश शुल्क, भूमि राशी शामिल है), श्री राम देव कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड के नाम का पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के साथ,इस सूचना के छपने के 15 दिनों के भीतर आवदेन कर सकते हैं। यह एक CBI सकैन्र सोसाइटी है! आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ समीकरण राशि (Equalisation Charges) भी DCS Act एवं Rules के नियमानुसार जमा करनी होगी।

अध्यक्ष- श्री राम देव सी.जी.एच.एस लिमिटेड

# चक्रवाती तूफान बिपोरजॉय गंभीर चक्रवाती तूफान में हुआ तब्दील

## मानसून की धीमी शुरुआत की संभावना

**भाषा।** नई दिल्ली



**इस** साल अरब सागर में आया पहला चक्रवाती तूफान बिपोरजॉय तेजी से गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। इससे केरल में मानसून की धीमी शुरुआत होने और इसके दक्षिणी प्रायद्वीप के आगे कमजोर प्रगति करने का पूर्वानुमान है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार सुबह कहा कि केरल में दो दिन के भीतर मानसून शुरू होने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। हालांकि, मौसम विज्ञानियों का कहना है कि चक्रवाती तूफान मानसून की तीव्रता को प्रभावित कर रहा है और केरल के ऊपर इसकी शुरुआत हल्की रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, इसके उत्तर की ओर बढ़ने और एक बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने के आसार हैं। इसके बाद अगले तीन दिन में यह उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ेगा। हालांकि, आईएमडी ने अभी तक भारत, ओमान, ईरान और पाकिस्तान सहित अरब सागर से सटे देशों पर इसके किसी बड़े प्रभाव को लेकर कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया है।

मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाली एजेंसियों ने कहा कि तूफान पहले के आकलन को धता बताते हुए केवल 48 घंटे में एक चक्रवात से गंभीर चक्रवाती तूफान बनने की दिशा में बढ़ रहा है। पर्यावरण संबंधी स्थितियों से संकेत मिलता है कि 12 जून तक बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान का रुख रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में चक्रवाती तूफान तीव्र हो रहे हैं और जलवायु परिवर्तन के कारण ए लंबे समय तक काफी सक्रिय बने रह सकते हैं।

एक अध्ययन के अनुसार अरब सागर में चक्रवाती तूफानों की तीव्रता मानसून के बाद के मौसम में करीब 20 प्रतिशत और मानसून से पहले की अवधि में 40 प्रतिशत बढ़ी है। अध्ययन का शीर्षक है, उत्तर हिंद महासागर में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की बदलती स्थिति। अरब सागर में चक्रवाती तूफानों की संख्या में 52 प्रतिशत वृद्धि हुई है, वहीं बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान 150 प्रतिशत बढ़े हैं।

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान में जलवायु विज्ञानी रॉक्सी मैथ्यू कोल ने कहा, अरब सागर में चक्रवाती गतिविधि बढ़ने का महासागरों के तापमान बढ़ने और वैश्विक तापमान वृद्धि के चलते नमी की बढ़ती उपलब्धता से गहरा संबंध है। अरब सागर ठंडा होता था, लेकिन अब यह गर्म है।

दक्षिण पश्चिमी मानसून सामान्य तौर पर एक जून को केरल में आता है। इसमें करीब सात दिन कम या ज्यादा हो सकते हैं।

## ईडी जांच की आंच से बौखलाई कांग्रेस, कोई कानून से ऊपर नहीं: राठौड़

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस सरकार खुद के राज में जिन संस्थाओं को सर्वोच्च मानती थी आज उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर शक होता है। उन्होंने कहा, कांग्रेस को यह ध्यान रखना चाहिए कि संविधान और कानून से ऊपर कोई भी नहीं है।

राठौड़ ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आज देश के अंदर संविधान है और संवैधानिक तौर पर केन्द्रीय एजेंसी हो या राज्य की एजेंसी हो उनकी जांच में बाधा पैदा करने की नीयत के साथ प्रदर्शन और धमकी भरे वक्तव्य देना.. मैं समझता हूं ए संघवाद को कमजोर करने की बात है। प्रश्नपत्र लीक सहित कथित भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी की कार्वाई के विरोध में कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन करने संबंधी बयान पर भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस इसलिए बौखलाई हुई है कि अब दूध का दूध और पानी का पानी होगा और असली किरदारों के चेहरे से अब नकाब हटेगा..

# पीएम मोदी संभवतः इस महीने मिस्र की यात्रा करेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली



**मिस्र** और भारत द्वारा अपने संबंधों को सामरिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाए जाने के छह महीने बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस महीने मिस्र की यात्रा करने की संभावना है। राजनयिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मोदी के 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी अफ्रीकी देश की पहली यात्रा होगी।

सूत्रों ने बताया कि इस यात्रा से व्यापार, निवेश, कृषि और रक्षा समेत कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग मजबूत होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री मोदी की मिस्र की यात्रा को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

भारत अरब जगत और अफ्रीका में राजनीतिक रूप से अहम भूमिका निभाने वाले मिस्र के साथ संबंधों को विस्तार देने का इच्छुक है। इस देश को अफ्रीका और यूरोप के बाजार के एक बड़े प्रवेश द्वार के तौर पर भी देखा जाता है।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने जनवरी में भारत की यात्रा की थी और इस दौरान दोनों देशों के आपसी संबंधों को सामरिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाया गया था। मोदी और सीसी के बीच वार्ता के दौरान द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा करीब सात अरब डॉलर से आगामी पांच साल में 12 अरब डॉलर तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया था।

सीसी (68) को 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। सूत्रों ने बताया कि मोदी की मिस्र की यात्रा अमेरिका की उनकी यात्रा के साथ ही होगी। मिस्र पारंपरिक रूप से अफ्रीकी महाद्वीप में भारत के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदारों में से एक रहा है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मिस्र में 450 से अधिक भारतीय कंपनी पंजीकृत हैं, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय लगभग 50 कंपनी ऐसी हैं, जिनका संयुक्त निवेश तीन अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

भारत और मिस्र के बीच रक्षा और सामरिक संबंध पिछले कुछ वर्षों में प्रगाढ़ हुए हैं। दोनों देशों की सेनाओं ने इस साल जनवरी में पहला संयुक्त अभ्यास किया था।

# राज्य में दंगे जैसे हालात संबंधी बयान और औरंगजेब की तस्वीरें दिखना महज इत्तेफाक नहीं : फडणवीस

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र** के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि कुछ नेताओं की ओर से राज्य में दंगे जैसे हालात संबंधी बयान तथा किसी खास समुदाय के एक वर्ग द्वारा औरंगजेब तथा टीपू सुल्तान को महिमामंडित किए जाने की घटना महज इत्तेफाक नहीं हो सकती।

उप मुख्यमंत्री ने नवी मुंबई में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुगल शासक औरंगजेब को महिमामंडित करने के कृत्य को महाराष्ट्र में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच करके यह पता लगाया जएगा कि युवकों के एक वर्ग को कौन उकसा रहा है।

फडणवीस औरंगजेब की तस्वीर अहमदनगर में एक जुलूस के दौरान लहराए जाने की घटना तथा कोल्हापुर में कुछ स्थानीय लोगों द्वारा कथित तौर पर टीपू सुल्तान की तस्वीर तथा आपत्तिजनक ऑडियो संदेश सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की घटना की पृष्ठभूमि में बात कर रहे थे।

भारतीय जनता पार्टी के नेता ने यह भी दावा किया कि राज्य के कुछ इलाकों में दंगे जैसे हालात पैदा हो रहे है क्योंकि एक खास समुदाय के लोग औरंगजेब को महिमामंडित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, कुछ नेता कह रहे थे कि राज्य में दंगे जैसे हालात बन सकते हैं। इन नेताओं की टिप्पणियों की प्रतिक्रिया में खास समुदाय के युवाओं ने औरंगजेब की तस्वीरें लहराईं। उन्होंने औरंगजेब और टीपू सुल्तान को महिमामंडित किया।ए महज इत्तेफाक नहीं हो सकता।

फडणवीस ने कहा, क्यों अचानक महाराष्ट्र के कई जिलों में ए तस्वीरें दिखाई गईं? ए आसानी से या अपने आप नहीं होता। और महज इत्तेफाक भी नहीं हो सकता,हमें इस मामले की तह तक जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उन्हें अचरज हुआ कि कोल्हापुर में विपक्ष के एक मुख्य नेता ने कहा कि उन्हें मालूम हैं कि दंगे होंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा, उनके बयान के बाद वहां के कुछ युवाओं ने औरंगजेब और टीपू सुल्तान का महिमामंडन किया, और उसके बाद प्रतिक्रिया आई। क्या बयान और घटनाओं के बीच कोई संबंध है? हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि कौन औरंगजेब का महिमामंडन कर रहा है और कौन लोगों को ऐसा करने के लिए उकसा रहा है। जांच पूरी होने के बाद मैं उन चीजों का खुलासा करूंगा।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को दावा किया शासक राज्य में कानून-व्यवस्था स्थापित करने के लिए जिम्मेदार हैं। अगर सत्ता पक्ष और उनके लोग इसे लेकर सड़कों पर उतर आते हैं तथा दो धर्मों के बीच दरार पैदा करते हैं तो यह शुभ संकेत नहीं है। फडणवीस ने किसी का नाम लिए बिना कहा , मैं आसानी से देख पा रह हूं कि ए सारे नेता एक जैसी भाषा बोल रहे है। एक खास समुदाय के लोग उनकी मदद कर रहे हैं और औरंगजेब को महिमामंडित कर रहे हैं। राज्य के कुछ इलाकों में दंगे जैसे हालात पैदा हो रहे है क्योंकि एक खास समुदाय के लोग औरंगजेब को महिमामंडित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों का पालन करता है। हम सब ने कुछ नेताओं को औरंगजेब को देशभक्त दिखाने का प्रयास करते देखा है। हमें यह जांच करनी होगी कि कैसे कुछ नेता एक ही भाषा में बात करते हैं और कैसे उन्हें तत्काल प्रतिक्रिया मिलती है। बाद में उन्होंने नागपुर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने की कोशिश करने वालों का पता लगा लेगी।

# रूस में फंसे यात्रियों को गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाया जाएगा: सिंधिया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सैन फ्रांसिस्को जाने वाले एअर इंडिया के विमान के आपात स्थिति में रूस में उतरने के बाद वहां फंसे यात्रियों को गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने का बुधवार को आश्वासन दिया और कहा कि इस उद्देश्य के लिए भारत से एक विमान रवाना हो चुका है।

एअर इंडिया की उड़ान संख्या एइआई-173 छह जून को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना हुई थी लेकिन बीच हवा में बोइंग-777 विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने का पता चला।

इसके बाद इस विमान को रूस के मगदान हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा था। इस विमान में 216 यात्री और चालक दल के 16 सदस्य सवार थे।

सिंधिया ने संवाददाताओं से कहा, हमारे एक बोइंग 777-200 विमान ने अपराह्न एक बजे उड़ान भरी...उड़ान का समय लगभग साढ़े छह घंटे है, यह वहां उतरेगा और सभी यात्रियों को लेकर सुरक्षित सैन फ्रांसिस्को के लिए उड़ान भरेगा। इससे पहले दिन में एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, मुंबई से मगदान के बीच हमारी एक उड़ान रवाना हो चुकी है। बयान के मुताबिक, विमानन कंपनी का एक दल भी विमान में सवार है, जो मगदान में मौजूद यात्रियों और कर्मचारियों को जरूरी सहायता प्रदान करेगा।

इसमें कहा गया कि विमान से रूस में फंसे यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के लिए भोजन व अन्य जरूरी वस्तुएं भी भेजी गई हैं।

# पुरोला में सांप्रदायिक तनाव के बीच बढ़ाई गई सुरक्षा

**भाषा।** उत्तरकाशी

**उत्तराखंड** के पुरोला में सांप्रदायिक तनाव बने रहने के कारण बुधवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई। शहर में कुछ दिन पहले एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने की कथित कोशिश की गई थी। कथित रूप से एक मुस्लिम समेत दो व्यक्तियों द्वारा 26 मई को एक हिंदू लड़की को अगवा करने की कोशिश को स्थानीय लोगों ने विफल कर दिया था। उसके बाद अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की दुकानों के शटर पर पोस्टर चिपके नजर आए जिनमें उन्हें तत्काल शहर से चले जाने की धमकी दी गई थी। उत्तरकाशी के पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए एहतियात के तौर पर प्रोविंसियल आर्म्ड कांस्टेबुलरी (पीएसी) की एक टुकड़ी तैनात की गई है। अपहरण की कोशिश की घटना के करीब दो सप्ताह बाद भी शहर में तनाव कम नहीं हुआ है। मुसलमानों की करीब 40 दुकानें अब भी बंद हैं। रविवार शाम को चिपकाए गए पोस्टर में दुकानदारों से 15 जून की महापंचायत से पहले पुरोला छोड़ देने, अन्यथा दुष्परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। देवभूमि रक्षा अभियान ने यह महापंचायत बुलाई है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पोस्टर हटा दिए हैं और वह उन लोगों की पहचन करने की कोशिश कर रही है जिन्होंने अशांति पैदा करने के लिए पोस्टर लगाए। पुरोला, बारकोट और चिनयालियासौर समेत उत्तरकाशी जिले की गंगा एवं यमुना घाटियों के विभिन्न शहरों में प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शनकारी ने अपहरण के प्रयास की घटना को लव जिहाद बताया। इस प्रदर्शन की अगुवाई विश्व हिंदू परिषद एवं हिंदू जागृति मंच जैसे कट्टरपंथी संगठनों ने की जिसमें स्थानीय व्यापारिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहर से आए रेहड़ी पटरी वाले मुस्लिम दुकानदार ही इस अपहरण प्रयास एवं अतीत की ऐसी अन्य घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। वैसे लड़की को मुक्त करा लिया गया और आरोपियों पर बाल यौन अपराध संरक्षण कानून की धाराएं लगाई गईं।

# शिंदे ने नवी मुंबई में तिरुपति मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया

**भाषा।** ठाणे (महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य सरकार द्वारा तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) न्यास को आवंटित 10 एकड़ भूमि पर निर्मित हो रहे मंदिर का बुधवार को भूमि पूजन किया।

टीटीडी तिरुपति में तिरुमला पर स्थित प्राचीन भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर का संचालन करता है।

टीटीडी न्यास के एक अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने नवी मुंबई में उलवे में भगवान बालाजी के मंदिर के लिए 10 एकड़ जमीन आवंटित की है। यह तिरुमला के मंदिर की प्रतिकृति होगी।

बुधवार को भूमि पूजन के दौरान उपस्थित लोगों में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, रेमंड कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गौतम सिंघानिया, टीटीडी न्यास बोर्ड के अध्यक्ष वाई. वी. सुब्बा रेड्डी और इसके कार्यकारी अधिकारी ए. वी. धर्मा रेड्डी शामिल थे। सुब्बा रेड्डी ने कहा कि मंदिर 70 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा और सिंघानिया पूरे खर्च को वहन करेंगे तथा निर्माण दो साल के भीतर पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के अनुरोध के बाद आंध्र प्रदेश में उनके समकक्ष वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी ने टीटीडी से तिरुमला की तर्ज पर भगवान वेंकटेश्वर का मंदिर बनाने के लिए कहा था।

टीटीडी बोर्ड के अध्यक्ष ने मंदिर के उद्देश्य से जमीन आवंटित करने की पहल करने के लिए मुख्यमंत्री शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे का धन्यवाद किया।

शिंदे ने अपने संबोधन में कहा कि मंदिर उन हजारों श्रद्धालुओं की आकांक्षाओं को पूरा करने का माध्यम बनेगा जो तिरुमला जाना चाहते हैं लेकिन किन्हीं कारणों से वहां नहीं जा पाते। उन्होंने मंदिर के लिए राज्य सरकार से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। शिंदे ने कहा कि उपमुख्यमंत्री फडणवीस को केंद्र से मंदिर परियोजना के लिए कुछ आवश्यक मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा, सभी बाधाएं दूर हो गई हैं और आज खुशी का दिन है। सिंघानिया ने अपने संबोधन में कहा कि जो लोग तिरुपति नहीं जा पा रहे हैं उन्हें अब इस मंदिर में दर्शन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि मंदिर नवी मुंबई की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा।

# भाजपा की प्राथमिकताओं में राज्यों में संगठन की मजबूती, राजग का विस्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता पिछले कुछ दिनों से संगठनात्मक मामलों पर मंथन कर रहे हैं क्योंकि मध्य प्रदेश और तेलंगाना जैसे चुनावी राज्यों में गुटबाजी उसके लिए परेशानी का सबब बन गई है। ऐसे में पार्टी की कोशिश चुनाव से पहले इन कमजोर कड़ियों को दुरुस्त करने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा फूंकने की है।

पार्टी के एजेंडे में एक और मुद्दा सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का विस्तार है। हाल के वर्षों में जनता दल (यूनाइटेड) और अकाली दल जैसे पारंपरिक सहयोगियों का साथ छूटने के बाद राजग के घटक दलों में कमी आई है।

वर्ष 2018 में राजग छोड़ने वाली तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच हुई हालिया बैठक ने उन चर्चाओं को एक बार फिर तेज कर दिया है कि दोनों दलों के बीच फिर से गठबंधन हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि नायडू भी लंबे समय से इसके लिए प्रयासरत हैं। भाजपा के एक नेता ने कहा कि जल्द ही राजग का विस्तारित स्वरुप सामने आएगा जब इसकी एक बैठक होगी। हालांकि यह देखा जाना अभी बाकी है कि क्या भाजपा औपचारिक रूप से तेदेपा के साथ हाथ मिलाती है।



कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बालासोर ट्रेन दुर्घटना के पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को वित्तीय सहायता और राज्य सरकार की नौकरियों के नियुक्ति पत्र देने के लिए आयोजित एक समारोह के दौरान

# जीवित पति को मृत बताकर मुआवजा लेना चाहती थी महिला

**भाषा।** भुवनेश्वर

**ओडिशा** के बालासोर जिले में हुए भीषण रेल हादसे के बाद मृतकों के परिजनों के लिए राज्य सरकार और रेलवे द्वारा घोषित अनुग्रह राशि हासिल करने के लिए अपने पति की मौत का झूठा दावा करने वाली महिला फरार है। महिला के पति ने इस मामले को लेकर अपनी पत्नी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी।

कटक जिले के मणियाबांदा की निवासी गीतांजलि दत्ता ने दावा किया था कि उसके पति बिजय दत्ता की दो जून को रेल हादसे में मौत हो गई थी। उसने एक शव की पहचान अपने पति के रूप में भी की थी। हालांकि, दस्तावेजों की जांच के बाद पता चला कि महिला का दावा झूठा था। पुलिस ने बताया कि उस वक्त महिला को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया, लेकिन महिला की मुश्किलें तब शुरू हुईं, जब उसके पति बिजय दत्ता ने मणियाबांदा

**ओडिशा रेल हादसा**

थाने में इस मामले को लेकर शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि महिला गिरफ्तारी की डर से फरार है। वह बीते 13 वर्ष से अपने पति से अलग रह रही थी। पुलिस ने बताया कि बिजय ने गीतांजलि के खिलाफ सरकारी पैसे हड़पने की कोशिश करने और उसकी मौत का झूठा दावा करने को लेकर कड़ी कार्वाई की मांग की है। हालांकि, मणियाबंदा थाने के प्रभारी बसंत कुमार सत्पथी ने बताया कि पुलिस ने बिजय को बालासोर जिले के बहानागा थाने में शिकायत दर्ज कराने को कहा है, क्योंकि हादसा वहीं हुआ था। इस बीच, मुख्य सचिव पी के जेना ने रेलवे और ओडिशा पुलिस से शवों पर फर्जी दावा करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने को कहा है। गौरतलब है कि रेल हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री ने पांच लाख रुपए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो लाख रुपए और रेल मंत्रालय ने दस लाख रुपए की अनुग्रह राशि का ऐलान किया था। ओडिशा के बालासोर में दो जून को दो यात्री ट्रेन और एक मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुल 288 लोगों की जान चली गई थी और।,200 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

# नगर निकायों में भर्ती में अनियमितता मामले में सीबीआई ने 20 ठिकानों पर छापे मारे

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में नगर निकायों में भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले की अपनी जांच के सिलसिले में बुधवार को राज्य में 20 ठिकानों पर छापे मारे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। साउथ दम, हलिसहर और बड़ा नगर सहित 14 नगरपालिकाओं के दफ्तरों के साथ-साथ प्राथमिकी में नामजद आरोपी अयान सील के तीन ठिकानों और तीन अन्य स्थानों पर तलाशी ली गई।

अधिकारी के मुताबिक, सीबीआई टीम ने सॉल्ट लेक इलाके में राज्य शहरी विकास विभाग के दफ्तर पर भी छापा मारा।

उन्होंने बताया कि इन नगर निकायों में कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए रिश्वत लिए जाने के आरोप लगे थे, जिसकी जांच के सिलसिले में यह छापेमारी की जा रही है।

**पश्चिम बंगाल**

सीबीआई छापे पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के शहरी विकास एवं नगर निकाय मामलों के मंत्री फिरहाद हाकिम ने आरोप लगाया कि यह कार्वाई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा रची गई साजिश का हिस्सा है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, इस बात को मानने के कारण हैं कि यह भाजपा द्वारा बदले की कार्वाई है, जो अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करती आई है। हम निष्पक्ष जांच के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हमारा मानना है कि इस तरह के छापे एक साजिश का हिस्सा हैं। हम चाहते हैं कि सच सामने आए। वहीं, भाजपा के राज्य प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने दावा किया कि सीबीआई कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर नगर निकायों में कथित भर्ती घोटाले की जांच कर रही है, ऐसे में साजिश संबंधी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा, हाकिम इस बात से वाकिफ हैं कि टीएमसी कार्यकर्ताओं का एक वर्ग स्थानीय निकायों में नौकरी नहीं मिलने से असंतुष्ट है और वह अदालत के आदेश और सीबीआई की छापेमारी से खुश है।

# गहलोत के कारण राजस्थान निचले पायदान पर: शेखावत

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका (गहलोत का) मुख्य ध्यान अपनी कुर्सी बचाने पर केंद्रित है, जबकि राज्य प्रगति के मामले में निचले पायदान पर खड़ा है।

शेखावत ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार केंद्र प्रायोजित योजनाओं सहित विभिन्न परियोजनाओं को लागू करने में पूरी तरह विफल रही है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं जोधपुर से सांसद शेखावत ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री गहलोत ने गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों को रसोई गैस पर सब्सिडी और किसानों को 2,000 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा सिर्फ राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति तथा दलित और आदिवासी महिलाओं के खिलाफ अत्याचार की घटनाओं से ध्यान हटाने के लिए की है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया, राजस्थान सरकार का ध्यान विकास की जरूरतों को पूरा करने की तुलना में कुर्सी बचाने पर अधिक है, जिसके कारण राज्य आज प्रगति की दृष्टि से सबसे निचले पायदान पर खड़ा है।

# केथोलिक बिशप संस्था ने गिरजाघर संचालित शिक्षण संस्थानों पर हमलों को लेकर चिंता जताई

**भाषा।** कोच्चि

**कैथोलिक** पादरियों की शीर्ष संस्था केरल कैथोलिक बिशप परिषद (केसीबीसी) ने राज्य में गिरजाघर संचालित शैक्षणिक संस्थानों पर कथित हमलों को लेकर चिंता जताई है। केसीबीसी ने राज्य सरकार से ऐसे संस्थानों को तत्काल समुचित संरक्षण उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया है। बिशप संस्था ने कोट्टायम जिले के पास गिरजाघर द्वारा संचालित एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एक छात्रा द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने की घटना के बाद उपजे तनाव के मद्देनजर यह चिंता प्रकट की है। केसीबीसी ने एक बयान में कहा कि वह छात्रा के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है और घटना को लेकर कॉलेज परिसर में मौजूद सुनियोजित तनाव से व्यथित है। केसीबीसी के अध्यक्ष कार्डिनल बेसलियोस क्लीमिस ने कहा कि गिरजाघर इस घटना की निष्पक्ष जांच और उचित कार्वाई सुनिश्चित करने में पूरा सहयोग करेगा। केसीबीसी ने सरकार से कॉलेज को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराने और वहां छात्रों के लिए शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने की अपील की है। छात्रों के एक समूह ने कांजिरापल्ली में दूसरे वर्ष की एक छात्रा की कथित आत्महत्या के बाद गिरजाघर द्वारा संचालित कॉलेज के प्रबंधन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया था। उन्होंने प्रबंधन पर संस्था को अस्थाई रूप से बंद करके इस मुद्दे को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। एर्णाकुलम निवासी श्रद्धा सतीश दो जून को अपने छात्रावास के कमरे में फांसी के फंदे से लटकी पाई गई थी। छात्रों का आरोप है कि पुलिस ने प्रबंधन के कहने पर उनके खिलाफ अनावश्यक बल प्रयोग किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ शिक्षक श्रद्धा को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), केरल स्टूडेंट्स यूनियन (केएसयू) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) समेत अलग-अलग छात्र संगठनों ने कांजिरापल्ली में निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रा की कथित आत्महत्या के विरोध में प्रदर्शन मार्च निकाला था। कॉलेज प्रबंधन ने हालांकि, कहा था कि वह नहीं जानता कि छात्रा ने आत्महत्या का कदम क्यों उठाया।

# पहले दिन हावी रहा भारत पर आस्ट्रेलिया

● हेड का शतक, ऑस्ट्रेलिया के स्टंप तक तीन विकेट पर 327 रन

● स्मिथ और ट्रेविस हेड ने की 251 रन की साझेदारी



**भाषा।** लंदन

**ट्रेविस** हेड के तेज तर्रार शतक से भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण धारहीन दिखाई दिया जिससे आस्ट्रेलिया ने बुधवार को यहां विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के पहले दिन स्टंप तक तीन विकेट पर 327 रन बनाकर शानदार शुरुआत की।

रविचंद्रन अश्विन को अंतिम एकादश में नहीं चुनने का फैसला फिर भारी पड़ा क्योंकि न तो उमेश यादव और न ही शार्दुल ठाकुर दमदार दिखे जिससे भारतीय गेंदबाजी आक्रमण दूसरे और तीसरे सत्र में पूरी तरह बेदम दिखा।

भारत ने अश्विन की जगह एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को चुना जिससे भी टीम को कोई मदद नहीं मिली क्योंकि हेड (146 रन बनाकर खेल रहे) और स्मिथ (95 रन बनाकर खेल रहे) ने चौथे विकेट लिए 370 गेंद में 251 रन की नाबाद साझेदारी से आस्ट्रेलिया को तीन विकेट पर 73 रन के स्कोर से उबारने में मदद की। मार्नस लाबुशेन (26 रन) का विकेट 25वें ओवर में गिरा था जिसके बाद स्मिथ और हेड ने दोपहर और शाम के सत्र में बल्लेबाजी के मुफीद पिच का फायदा उठाया। अभी तक 44 चौके और एक छक्का लग चुका है जिससे भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण का लचर प्रदर्शन साफ दिखता है। हेड का यह विदेशी सरजमीं पर पहला और कुल छठा शतक है। भारतीय गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज को दूसरे दिन काफी काम करना होगा।

सिराज ने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर की तरह उनमें निरंतरता की कमी दिखी।

मैच के बचे हुए दिनों में अश्विन को अंतिम एकादश से बाहर रखने को लेकर बहस जारी रहेगी। पर पहले दिन गेंद इतनी टर्न नहीं ले रही थी जिससे रविंद्र जडेजा को ज्यादा फायदा नहीं हुआ जिन्होंने 14 ओवर फेंके लेकिन विकेट नहीं झटक सके।

हेड ने अपने 36 टेस्ट के करियर में चिर परिचित अंदाज में खेलते हुए भारतीय तेज गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामकता बरती जबकि इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम लंच के बाद लाबुशेन के आउट होने से दबाव में आ गई थी। फुल लेंथ गेंद से उन्हें जरा भी परेशानी नहीं हुई। मोहम्मद शमी हालांकि सुबह के सत्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी नहीं कर सके थे लेकिन उन्होंने लंच के बाद पहली खूबसूरत गेंद पर लाबुशेन के ऑफ स्टंप उखाड़ दिए।

फिर हेड क्रीज पर स्मिथ का साथ निभाने पहुंचे और उन्होंने शमी और मोहम्मद सिराज के खिलाफ चौके जड़कर दबाव भारत पर कर दिया। हेड ने ठाकुर पर डीप प्वाइंट में चौका जड़कर अपने 50 रन पूरे किए। पर अपनी पारी के दूसरे हाफ में वह काफी आक्रामक दिखे जिसमें उन्होंने शमी पर थर्ड मैन पर एक छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर संयमित बल्लेबाजी कर रहे स्मिथ का द ओवल पर औसत 100 के करीब है और वह इस स्टेडियम में अपने इस शानदार रिकॉर्ड को बेहतर करने की ओर बढ़ रहे हैं। आस्ट्रेलिया के इस बल्लेबाज ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ कुछ बेहतरीन शॉट खेले और जडेजा की बाएं हाथ की स्पिन के खिलाफ अपने पैर का बखूबी इस्तेमाल किया।

भारत ने 80वें ओवर में नई गेंद ली लेकिन शमी और सिराज कोई विकेट नहीं झटक सके। आस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र में 28 ओवर में 97 रन जुटाए। इससे पहले सिराज ने शुरुआती स्पैल में विकेट झटक लिया और ठाकुर ने क्रीज पर जमे डेविड वॉर्नर को आउट किया जिससे आस्ट्रेलिया लंच तक 73 रन पर दो विकेट गंवा दिए।

### स्कोर बोर्ड

**आस्ट्रेलिया पहली पारी :** डेविड वॉर्नर का भरत बो ठाकुर 43, उस्मान ख्वाजा का भरत बो मोहम्मद सिराज 00, मार्नस लाबुशेन बो मोहम्मद शमी 26, स्टीव स्मिथ खेल रहे हैं 95, ट्रेविस हेड खेल रहे हैं 146 **कुल :** 85 ओवर में तीन विकेट पर 327 रन **विकेट पतन :**1-2, 2-71, 3-76 **गेंदबाजी :** मोहम्मद शमी 20-3-77-1, मोहम्मद सिराज 19-4-67-1, उमेश यादव 14-4-54-0, शार्दुल ठाकुर 18-2-75-1, रविंद्र जडेजा 14-0-48-0

## एशेज में खेलने के लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास वापस लिया मोईन अली ने

**भाषा।** लंदन



**इंग्लैंड** के ऑलराउंडर मोईन अली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास वापस ले लिया है और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 जून से एजबेस्टन में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की एशेज श्रृंखला के लिए टीम से जुड़ गए हैं।

इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने 2021 में भारत दौरे के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। लेकिन इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम ने उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा। मोईन अली को चोटिल स्पिनर जैक लीच की जगह टीम में शामिल किया गया है।

बाएं हाथ के स्पिनर लीच पीठ दर्द के कारण एशेज से बाहर हो गए। इंग्लैंड के पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने बुधवार को जारी बयान में कहा हमने इस सप्ताह के शुरू में मोईन अली से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास वापस लेने के लिए संपर्क किया। मोईन टीम से जुड़ने और फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हैं।

आईपीएल 2023 की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे मोईन अली ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के रूप में अपना आखिरी मैच भारत के खिलाफ सितंबर 2021 में ओवल में खेला था।

उन्होंने 2014 में श्रीलंका के खिलाफ लार्ड्स में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। मोईन ने अभी तक 64 टेस्ट मैचों में 28.29 की औसत से 2914 रन बनाए हैं जिसमें पांच शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा उनके नाम पर 195 विकेट दर्ज हैं।

एशेज के लिए इंग्लैंड की टीम इस प्रकार है :बेन स्टोक्स (कप्तान), मोईन अली, जेम्स एंडरसन, जोनाथन बेयरस्टो, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जोश टोंग, क्रिस वोक्स और मार्क वुड।

## महिला जूनियर एशिया कप : सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भारत को ड्रॉ की जरूरत

**भाषा।** काकामिगाहारा

**प्रतियोगिता** में अब तक अजेय रहा भारत गुरुवार को यहां चीनी ताइपे के खिलाफ महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के अपने अंतिम पूल मैच में सेमीफाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेगा। भारत ने पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 22-0 से रौंदने के बाद मलेशिया को कड़े मुकाबले में 2-। से हराया।

अपने पिछले पूल मैच में भारत ने दो गोल से पिछड़ने के बाद कोरिया को 2-2 से बराबरी पर रोका।

भारत टीम पूल ए में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है और सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी ताइपे के खिलाफ ड्रॉ भी उसके लिए पर्याप्त होगा। मुमताज खान और दीपिका ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए काफी गोल किए हैं जबकि दीपिका सोरेंग ने भी प्रभावित किया है। दीपिका ने अब तक टूर्नामेंट के प्रत्एक मैच में गोल दागा है लेकिन टूर्नामेंट जब अपने अंतिम चरण की ओर से बढ़ रहा है तब भारत किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता।

भारतीय कप्तान प्रीति ने कहा, टूर्नामेंट अब तक हमारे लिए अच्छा रहा है क्योंकि हमने कोई मैच नहीं गंवाया है।

मलेशिया और कोरिया के खिलाफ मुकाबले करीबी रहे लेकिन इसने हमें अपनी क्षमता साबित करने का मौका दिया क्योंकि दोनों ही मैच में हमने पिछड़ने के बाद वापसी की।

हाल के फॉर्म को देखते हुए भारत को चीनी ताइपे को हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी चाहिए। चीनी ताइपे ने अब तक तीन में से सिर्फ एक मैच जीता है और वह पूल ए में पांच टीम के बीच तीन अंक के साथ चौथे स्थान पर चल रहा है।

## नजम सेठी ने आईसीसी से कहा, विश्वकप फाइनल में पहुंचने पर ही अहमदाबाद में खेलेगा पाकिस्तान

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजम सेठी ने आईसीसी के चेयरमैन ग्रेग बार्कले को विश्व कप के दौरान अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ खेलने को लेकर अपनी आशंकाओं से अवगत करा दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पीसीबी अपने मैच कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरू में खेलना चाहता है।

बार्कले और आईसीसी महाप्रबंधक ज्यौफ अलार्डिस हाल ही में पीसीबी अधिकारियों से यह आश्वासन लेने आए थे कि वे वनडे विश्व कप में अपने मैच तटस्थ स्थान पर कराने की मांग नहीं करेंगे चूंकि एसीसी हाइब्रिड मॉडल पर एशिया कप के मैचों की मेजबानी की उनकी मांग ठुकराने जा रहा है। पीसीबी सूत्रों के अनुसार , सेठी ने बार्कले और अलार्डिस को सूचित कर दिया है कि पाकिस्तान अहमदाबाद में मैच नहीं खेलना चाहता जब तक कि यह नॉकआउट या फाइनल जैसा मैच ना हो। उन्होंने कहा , उन्होंने आईसीसी से अनुरोध किया है कि अगर पाकिस्तान सरकार भारत जाकर विश्व कप खेलने की अनुमति देती है तो पाकिस्तान के मैच चेन्नई, बेंगलुरू और कोलकाता में कराए जाएं।

## सिंधू की फॉर्म चिंता की बात नहीः गोपीचंद

**भाषा।** कोलकाता



**भारत** के मुख्य बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद को लगता है कि चोट से वापसी करने के बाद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का अनिरंतर प्रदर्शन चिंता का विषय नहीं होना चाहिए।

सिंधू को मंगलवार को फिर पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा जब वह सिंगापुर ओपन में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अकाने यामागुची से हारकर बाहर हो गईं।

गोपीचंद ने पीटीआई से कहा, वह काफी युवा खिलाड़ी है, वह महज 26-27 साल की है। इसलिए चिंता की कोई बात नहीं होनी चाहिए। वह अच्छा खेलना शुरु कर रही है। मुझे भविष्य में उसके अच्छे खेलने की उम्मीद है। रियो ओलंपिक 2016 में रजत पदक और तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू को पिछले साल टखने में चोट लगी थी जिससे वह बीडब्ल्यूएफ महिला एकल रैंकिंग में शीर्ष 10 से भी बाहर हो गई थी। इस चोट के कारण वह चार महीने तक खेल से दूर रहीं।

### संजय सिंह ने जीता गोल्ड




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन की 20वी स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप दिल्ली डॉक्टर करनी सिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद में आयोजित की गई थी जो कि 1 जून से 6 जून तक चली इसमें प्रदेश की कई जिलो से सैकड़ों लोग हिस्सा लिए। 12 बोर शॉर्ट गन की सिंगल ट्रैप शूटिंग प्रतियोगिता में संजय सिंह को गोल्ड मेडल मिला और डबल ट्रैप शूटिंग प्रतियोगिता मे सिल्वर मेडल प्राप्त किए।

### शिलांग और कोकराझार में भी खेला जाएगा डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट

**कोलकाता।** डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट की आयोजन समिति ने बुधवार को घोषणा की कि इस साल मेघालय का शिलांग और असम का कोकराझार प्रतियोगिता के नए मेजबान स्थल होंगे। समिति ने घोषणा की कि टूर्नामेंट तीन अगस्त से तीन सितंबर के बीच खेला जाएगा। पिछले साल के चरण मे भारतीय फुटबॉल के महान खिलाड़ी सुनील छेत्री ने अपने चमचमाते करियर में पहली बार डूरंड कप टूर्नामेंट जीता था। उनकी टीम बेंगलुरु एफसी ने कोलकाता में रोमांचक फाइनल में मुंबई सिटी एफसी को 2-। से हराया था। इस साल शिलांग लाजोंग फुटबॉल क्लब भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। यह चरण कोलकाता और गुवाहाटी में भी खेला जाएगा।

### ग्लोबल शतरंज लीग : आनंद गंगा ग्रैंडमास्टर्स से जुड़े

**बेंगलुरू।** पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद और मैग्नस कार्लसन को पहली ग्लोबल शतरंज लीग मे खिलाड़ियो के ड्राफ्ट मे क्रमशः गंगा ग्रैंडमास्टर्स और एसजी अल्पाइन वारियर्स ने चुना है। ग्लोबल शतरंज लीग 21 जून से दो जुलाई तक दुबई मे खेली जाएगी। खिलाड़ियो के ड्राफ्ट मे छह टीमो गंगा ग्रैंडमास्टर्स, एस पी अल्पाइन वारियर्स, त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स , चिंगारी गल्फ टाइटंस, मुंबा मास्टर्स और बालन अलास्का नाइट्स ने भाग लिया। खिलाड़ियो को छह वर्गो आइकन, सुपरस्टार पुरूष एक, सुपरस्टार पुरूष दो, सुपरस्टार महिला एक और दो और युवा वर्ग मे बांटा गया। आनंद , कार्लसन और मौजूदा विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन आइकन वर्ग मे चुने गए है। युवा वर्ग मे भारत के आर प्रज्ञानानंदा को चुना गया है जिन्हे एस जी अल्पाइन वारियर्स ने लिया। छह टीमे डबल राउंड रॉबिन प्रारूप मे खेलेंगी। मैचों का निर्धारण सर्वश्रेष्ठ छह बोर्ड स्कोरिंग व्यवस्था से किया जाएगा।

## श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हराकर वनडे श्रृंखला जीती

**भाषा।** हम्बनटोटा



**श्रीलंका** ने अफगानिस्तान को तीसरे एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 116 रन पर समेटने के बाद सिर्फ 16 ओवर में लक्ष्य हासिल करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला 2-। से जीत ली। श्रीलंका ने 117 रन के लक्ष्य को 16 ओवर में एक विकेट पर 120 रन बनाकर हासिल किया और नौ विकेट से जीत दर्ज की।

टखने की चोट के कारण आठ महीने तक बाहर रहे तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा ने 63 रन देकर चार जबकि वानिंदु हसरंगा ने सात रन देकर तीन विकेट चटकाए। लाहिरू कुमारा ने भी 29 रन देकर दो विकेट हासिल किए। इससे पहले आफगानिस्तान की टीम सिर्फ 22.2 ओवर में सिमट गई। टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (22), मोहम्मद नबी (23) और गुलबदिन नैब (20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाए।

अफगानिस्तान ने दूसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (08) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने लाहिरू कुमारा की गेंद पर फाइन लेग पर कैच थमाया।

चमीरा ने इसके बाद पांचवें ओवर में रहमत शाह (07) और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (04) को पवेलियन भेजकर अफगानिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 31 रन किया। अफगानिस्तान की टीम बमुश्किल 100 रन के आंकड़े को पार कई पाई। श्रीलंका ने इसके जवाब में सलामी बल्लेबाजों दिमुथ करूणारत्ने (नाबाद 56) और पथुम निसांका (51) के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की 84 रन की साझेदारी से 16वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। करूणारत्ने ने 45 गेंद की अपनी पारी में सात चौके मारे जबकि निसांका ने 34 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके और दो छक्के जड़े।

## खुशी होती है कि आईपीएल से दुनिया ईर्ष्या करती है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट को बचाना जरूरीः इंजीनियर

**भाषा।** लंदन



**भारत** के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर को यह देख कर खुशी होती है कि दुनिया इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपार सफलता से ईर्ष्या करती है, लेकिन वह यह भी चाहते हैं कि खेल के हितधारक टेस्ट क्रिकेट को खतरे से बाहर निकालने के लिए ठोस कदम उठाएं।

वित्तीय रूप से मजबूत भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्ध हैं लेकिन छोटे देशों के खिलाड़ी विश्व भर की फ्रेंचाइजी लीग में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं क्योंकि वहां से उन्हें अच्छी कमाई होती है।

इंजीनियर ने पीटीआई से कहा, टेस्ट क्रिकेट का खतरे में होना अच्छी बात नहीं है। यह अच्छा है कि टी20 के जरिए यह खेल विश्व भर में फैल रहा है लेकिन इसके लिए टेस्ट क्रिकेट को कुर्बान नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, इसलिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप दुनिया को यह दिखाती है कि टेस्ट क्रिकेट सीमित ओवरों के क्रिकेट जितना ही दिलचस्प हो सकता है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को देखने के लिए मैनचेस्टर से लंदन पहुंचे 85 वर्षीय इंजीनियर ने कहा, यह शतरंज के खेल की तरह है जो परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसमें बल्लेबाजों की वास्तविक परीक्षा होती है। टेस्ट और सीमित ओवरों की क्रिकेट दोनों के लिए पर्याप्त जगह होनी चाहिए।

डब्ल्यूटीसी फाइनल उस ओवल में खेला जा रहा है जहां भारत ने 1971 में इंग्लैंड में अपना पहला टेस्ट मैच जीता था। इंजीनियर ने उस मैच की पहली पारी में 59 रन बनाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

उन्होंने उन दिनों क्रिकेट खेली है जब क्रिकेटर एक दिन में 50 रुपए की कमाई करते थे। उन्हें खुशी है की आईपीएल में वर्तमान पीढ़ी के क्रिकेटर करोड़ों की कमाई कर रहे हैं।

इंजीनियर ने कहा, भारत टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ गया है और सीमित ओवरों की क्रिकेट में हमारे पास आईपीएल है जिससे दुनिया ईर्ष्या करती है। क्रिकेट की बागडोर भारतीय क्रिकेट के हाथ में हैं और इससे मुझे बहुत खुशी होती है।

उन्होंने कहा, मैं हर समय क्रिकेट देखता हूं। यह मेरे खून में है। क्रिकेट भारतीय खेल है जिसका गलती से ब्रिटेन में जन्म हुआ। क्रिकेट पहले भी काफी लोकप्रिय था लेकिन टी-20 से यह दुनिया के तमाम देशों में फैल रहा है। आईपीएल में मोटी धनराशि मिलती है। हमें पांच दिन के टेस्ट मैच खेलने के लिए प्रतिदिन 50 रुपए मिलते थे। इंजीनियर ने इस अवसर पर एक रोचक किस्सा भी सुनाया। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि मैं सुनील गावस्कर के साथ बल्लेबाजी कर रहा था और हमें चौथे दिन के अंतिम आधे घंटे में 15 से 20 रन की जरूरत थी। हमें ड्रेसिंग रूम से संदेश मिल रहा था कि मैच आज खत्म नहीं करो क्योंकि इससे हमें पांचवें दिन के भत्ते का नुकसान होगा। हम पैसे के लिए नहीं खेलते थे। हम सम्मान के लिए खेलते थे।

## भारत एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रहा

● अंतिम दिन दो स्वर्ण जीते

**एचियोन (दक्षिण कोरिया)।** भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम और 1500 मीटर दौड़ की धाविका लक्षिता विनोद संडीला ने बुधवार को यहां एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीते जिससे देश तालिका में तीसरे स्थान पर रहा।

संडीला ने महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में चार मिनट 24.23 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। संडीला का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चार मिनट 26.48 सेकंड था जिसमें उन्होंने लगभग दो सेकंड के अंतर से सुधार करके भारत को चैंपियनशिप में पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया फिर चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में रेजोआना मलिक हीना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भ्रारतीय टीम ने तीन मिनट 40.49 सेकेंड के समय स्वर्ण पदक जीता। कजाखस्तान ने तीन मिनट 46.19 सेकेंड से रजत पदक और कोरिया ने तीन मिनट 47.46 सेकेंड से कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने तीन मिनट 8.78 सेकेंड के समय से रजत पदक से संतोष किया। मेहदी हसन ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ तीन मिनट 56.01 सेकेंड में पूरी करके कांस्य पदक जीता।

शिवाजी परशु मदप्पागौद्रा ने पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में 14 मिनट 49.05 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या 19 हो गई। भारत छह स्वर्ण, सात रजत और छह कांस्य पदक जीतकर जापान (14 स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य) और चीन (11 स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य) के बाद तीसरे स्थान पर रहा। रविवार को प्रतियोगिता के पहले दिन रेजोआना मलिक हीना और भरतप्रीत सिंह ने क्रमशः महिलाओं की 400 मीटर और पुरुषों की चक्का फेंक में स्वर्ण पदक जीता था। गोला फेंक के एथलीट सिद्धार्थ चौधरी ने सोमवार को स्वर्ण पदक जीता जबकि सुनील कुमार ने मंगलवार को डेकाथलॉन में सोने का तमगा हासिल किया था।

## टी20 विश्वकप की मेजबानी के लिए अमेरिका क्रिकेट की नजरें एमएलसी के सफल आयोजन पर

**भाषा।** बेंगलुरू

**अमेरिका** क्रिकेट (यूएसएसी) ने बुधवार को कहा कि देश में उचित क्रिकेट बुनियादी ढांचे की कमी से जुड़ी चिंताओं के कारण उनसे टी20 विश्व कप 2024 की मेजबानी नहीं छीनी जाएगी। उन्होंने साथ ही कहा कि मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के सफल आयोजन से सभी संदेह दूर हो जाएंगे। इस तरह की खबरें हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) इस शीर्ष टूर्नामेंट को वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी की जगह अगले साल इंग्लैंड में स्थानांतरित कर सकता है।

यूएसएसी के एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि उन्हें वैश्विक संस्था से स्थल स्थानांतरित करने को लेकर कोई सूचना नहीं मिली है।

अमेरिका क्रिकेट के एक प्रशासक ने पीटीआई से कहा, इस संबंध में हमारी आईसीसी के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है। एक साल बाद होने वाले टी20 विश्व कप के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा, अस्थाई आयोजन स्थल आदि को लेकर चिंता स्वाभाविक है क्योंकि अमेरिका नियमित रूप से क्रिकेट प्रतियोगिताओं की मेजबानी नहीं करता लेकिन हम मेजर लीग क्रिकेट का आयोजन करने वाले हैं और इस टी20 टूर्नामेंट की सफल मेजबानी काफी चिंताओं को दूर कर देगी। पहला एमएलसी टी20 टूर्नामेंट 13 से 30 जुलाई तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट में छह टीम हिस्सा लेंगी और इसके मुकाबले टेक्सास के ग्रैंड प्रेरी स्टेडियम में होंगे।

इंग्लैंड के जेसन रॉय, ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा, मैथ्यू वेड, मार्कस स्टोइनिस और मोइजेस हेनरिक्स सहित दुनिया भर के कई बड़े क्रिकेटरों ने एमएलसी टी20 से करार किया है। आईसीसी ने भी हालांकि वेस्टइंडीज और अमेरिका से टी20 विश्व कप को स्थानांतरित करने की खबरों को अधिक तवज्जो नहीं दी। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने पीटीआई से कहा, टी20 विश्व कप 2024 को वेस्टइंडीज और अमेरिका से स्थानांतरित करने को लेकर आईसीसी के किसी भी मंच पर कोई चर्चा नहीं हुई। अधिकारी ने कहा, इसका (टूर्नामेंट) पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजन होगा और जल्द ही आयोजन स्थलों को लेकर घोषणा की जाएगी। भारतीय क्रिकेट टीम ने फ्लोरिडा के लॉडरहिल के सेंट्रल ब्रोवार्ड पार्क में वेस्टइंडीज के खिलाफ कुछ अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

आईसीसी की स्थल निरीक्षण टीम ने प्रतियोगिता के संभावित स्थल के रूप में ओकलैंड, फ्लोरिडा और लॉस एंजिलिस जैसे शहरों का दौरा किया है। माना जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले का आयोजन वेस्टइंडीज की जगह अमेरिका में किया जाएगा क्योंकि यहां दोनों टीमों के काफी समर्थक हैं। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला आईसीसी टूर्नामेंट के सबसे बड़े मुकाबलों में से एक होता है।

## जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में भारत को रैपिड फायर पिस्टल में रजत

**सुहल (जर्मनी)।** भारतीय टीम ने यहां जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में बुधवार को पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय टीम में समीर, राजकंवर सिंह संधू और जतिन शामिल थे। समीर ने व्यक्तिगत वर्ग में भी रजत जीता जबकि महेश आनंदकुमार को कांस्य पदक मिला। फ्रांस के यान चेसनेल ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों के रैपिड फायदा पिस्टल वर्ग में छह में से तीन भारतीयों ने क्वालीफाई किया। फाइनल में चेसनेल ने 40 में से 27 शॉट लगाए जबकि समीर ने 26 और महेश ने 19 शॉट लगाए। तीनों का स्कोर 1722 रहा जबकि कोरिया ने 1728 के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत छह स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य के साथ शीर्ष पर है।

## वेस्टइंडीज ने यूएई को हराकर श्रृंखला में विजई बढ़त बनाई

**एपी।** शारजाह

**सलामी** बल्लेबाजों ब्रेंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की शतकीय साझेदारी से वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां यूएई को 78 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली। वेस्टइंडीज ने कप्तान के रूप में शाई होप और कोच के रूप में डेरेन सैमी ने यह पहली श्रृंखला जीती है।

वेस्टइंडीज की टीम किंग के 64 और चार्ल्स के 63 रन और दोनों के बीच पहले विकेट की 129 रन की साझेदारी के बावजूद 49.5 ओवर में 306 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज के लिए केसी कार्टी (32), होप (23) और केवेम हॉज (26) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। ओडियन स्मिथ ने अंत में 24 गेंद में 37 रन की आक्रामक पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। यूएई की तरफ से जहूर खान सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 44 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अली नसीर, संचित शर्मा और अयान अफजल खान ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। किंग ने 70 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और चार छक्के मारे जबकि चार्ल्स ने 47 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके और तीन छक्के जड़े। यूएई ने इसके जवाब में 95 रन पर ही पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन अली नसीर (57) और बासिल हमीद (49) के बीच छठे विकेट की 80 रन की साझेदारी से हार के अंतर को कम करने में सफल रही।